गुरुवार 18 जून 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष - 3

डाक संस्करण
शुक्रवार 19 जून 2026
Email- dainiklokmaya@gmail.com
RNI No.-CHHHIN/2010/35328
डाक पंजीयन-छग/रायपुर संभाग/17/2026-2028

दैनिक अखबार संपूर्ण छत्तीसगढ़ के समाचार

# लोकमाया



रायपुर, वर्ष-17, अंक - 156 | रायपुर, भोपाल और दिल्ली से प्रकाशित | E paper-lokmaya.news | पृष्ठ- 12 | मूल्य- ₹ 2

# मुख्यमंत्री साय की पहल से कुनकुरी की बिजली व्यवस्था हुई और मजबूत

लोकमाया न्यूज।

### 33/11 केवी उपकेंद्र में 5 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित, अतिरिक्त 11 केवी फीडर भी शुरू

### बढ़ती बिजली मांग को मिलेगा समाधान, उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति







**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से कुनकुरी की बिजली व्यवस्था हुई और मजबूतमुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के तहत जशपुर जिले के कुनकुरी क्षेत्र को महत्वपूर्ण सौगात मिली है। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कुनकुरी में 3.15 एमवीए क्षमता के पुराने पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। साथ ही नगर क्षेत्र के लिए अतिरिक्त 11 केवी फीडर का निर्माण एवं विद्युत प्रवाह प्रारंभ करने का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

नए ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए विभाग द्वारा व्यापक तकनीकी तैयारियां की गईं। कार्यस्थल पर आवश्यक स्थान उपलब्ध कराने हेतु दो डीपी को स्थानांतरित किया गया, अनुपयोगी नियंत्रण कक्ष को हटाया गया तथा पुराने ट्रांसफार्मर प्लिंथ का मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य किया गया। सभी तकनीकी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के बाद ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार ट्रांसफार्मर क्षमता में वृद्धि से क्षेत्र की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में सहायता मिलेगी। वहीं नए 11 केवी फीडर के शुरू होने से विद्युत भार का बेहतर वितरण संभव होगा, जिससे ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी और उपभोक्ताओं को अधिक सुचारू एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर किए गए इस उन्नयन कार्य को क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों एवं विद्युत उपभोक्ताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे कुनकुरी की विद्युत व्यवस्था को सशक्त बनाने वाला ऐतिहासिक कदम बताया है।

## केबिनेट बैठक 23 जून को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् (केबिनेट) की बैठक मंगलवार, 23 जून को सवेरे 11.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में होगी।

# अरबाज खान, करण मेहरा और अशनूर कौर ने किया सम्मानित, जनहित और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यों को मिली पहचान

लोकमाया न्यूज।

### नेशनल प्रेस्टीज अवार्ड 2026 से सम्मानित





**अंबिकापुर।** सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. डी.के. सोनी को जनहित, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए बेस्ट आरटीआई एंड पीआईएल कार्यकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 30 मई 2026 को ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा कर्नाटक के हुबली स्थित होटल डेनिसंस में आयोजित भव्य समारोह में नेशनल प्रेस्टीज अवार्ड 2026 प्रदान किया गया।

समारोह में बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान, टीवी कलाकार करण मेहरा एवं अभिनेत्री अशनूर कौर के साथ साथ गोलोबल रिसर्च फाउंडेशन संस्था के फाउंडर चेयरमैन श्रीधर द्वासकर के करकमलों से डॉ. सोनी को सम्मान पत्र एवं अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान आरटीआई, जनहित याचिकाओं और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए दिया गया। उक्त कार्यक्रम में 27राज्यों के लोग उपस्थित थे तथा गोलोबल रिसर्च फाउंडेशन संस्था के फाउंडर चेयरमैन श्रीधर द्वासकर, वाइस प्रेसिडेंट ऐश्वर्या दवास्कर भी उपस्थित थी

डॉ. डी.के. सोनी लंबे समय से सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत हैं। अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से वे आम लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरटीआई और जनहित याचिकाओं के जरिए कई महत्वपूर्ण मामलों को उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचाया तथा अनेक मामलों में सफल कानूनी लड़ाई लड़ी है।

सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को उजागर करने में भी डॉ. सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर कई मामलों में जांच और कार्रवाई कराते हुए भ्रष्ट अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ अपराध दर्ज कराने में सफलता हासिल की है।

देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के नामांकन आमंत्रित किए गए थे। चयन प्रक्रिया के बाद जनहित, आदिवासी हित, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. सोनी का चयन किया गया।

इस सम्मान से अंबिकापुर सहित पूरे सरगुजा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है।

डॉ. सोनी ने कहा कि यह सम्मान उन्हें जनहित और सामाजिक न्याय के लिए और अधिक समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने भविष्य में भी समाज और आम नागरिकों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मानसून सत्र में पेश हो सकता है समान नागरिक संहिता विधेयक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है और राज्य सरकार आगामी मानसून सत्र में इससे संबंधित विधेयक विधानसभा में पेश कर सकती है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति ने प्रारंभिक मसौदा तैयार कर लिया है। समिति विभिन्न जिलों में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर जनमत संग्रहित कर रही है तथा नागरिकों से ऑनलाइन सुझाव भी लिए जा रहे हैं। प्रस्तावित यूसीसी का प्रारूप मुख्य रूप से विवाह, तलाक एवं भरण-पोषण, उत्तराधिकार एवं संपत्ति अधिकार तथा लिव-इन संबंधों से जुड़े प्रावधानों पर आधारित है।

### रमेन डेका ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का किया स्वागत, रानी लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने ओम बिरला को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू तथा सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी मौजूद रहे और उन्होंने भी लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान लोकभवन में 1857 की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यपाल डेका ने रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# ममता बनर्जी को कलकत्ता हाई कोर्ट से झटका ऋतब्रता बनर्जी बने रहेंगे नेता प्रतिपक्ष

लोकमाया न्यूज।



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की कलकत्ता हाई कोर्ट से गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी को झटका लगा है। कोर्ट ने उस फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से मना कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष रथिंद्र बोस ने टीएमसी के निष्कासित विधायक ऋतब्रता बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी है। कोर्ट के फैसले के बाद ऋतब्रता फिलहाल नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे। मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।

ममता के सहयोगी और टीएमसी के वरिष्ठ नेता शोभनदेब चट्टोपाध्याय की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने कहा कि उन्हें याचिकाकर्ता के पक्ष में कोई प्रथम दृष्टया मामला नहीं मिलता, इसलिए अंतरिम आदेश अस्वीकार किया जाता है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को 3 सप्ताह के भीतर याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब राज्य विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद टीएमसी आंतरिक विभाजन से जूझ रही है।

बंगाल चुनाव में भाजपा ने 200 से अधिक सीटें और टीएमसी ने 80 सीटें जीती थी। इसके बाद ममता ने 6 मई को विधायकों की बैठक कर शोभनदेब को नेता प्रतिपक्ष घोषित किया। बाद में इसकी सूचना विधानसभा अध्यक्ष को दी गई। तभी 58 विधायकों के साथ ऋतब्रता बनर्जी ने बगावत कर ली और उनके सहयोग से खुद को नेता प्रतिपक्ष घोषित कर दिया।

# दिल्ली में नवजात बच्चों की खरीद फरोख्त करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 5 बच्चे बरामद, 12 आरोपी अरेस्ट

लोकमाया न्यूज।



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नवजात बच्चों की अवैध खरीद-फरोख्त करने वाले एक बड़े मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया और 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. इन आरोपियों में एक महिला भी शामिल है.उसे इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है. महिला खुद को डॉक्टर बताकर एक नर्सिंग होम चलाती थी. पुलिस उसके शैक्षणिक और पेशेवर दस्तावेजों की जांच कर रही है. कार्रवाई के दौरान पांच नवजात बच्चों को सुरक्षित बचाया गया है, जिनमें महज पांच दिन का एक शिशु भी शामिल है।

पुलिस जांच के अनुसार, यह गिरोह विभिन्न राज्यों से नवजात बच्चों को उठाकर उनके जन्म संबंधी दस्तावेजों में हेरफेर करता था. संतान की चाह रखने वाले दंपत्तियों के हाथों लाखों रुपये में इन शिशुओं को बेच देता था. शुरुआती जांच में सामने आया है कि इस नेटवर्क के जरिए अब तक 20 से अधिक नवजात बच्चों की तस्करी की जा चुकी है। दिल्ली पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में गिरफ्तार आरोपी दिल्ली और राजस्थान से पकड़े गए हैं. जांच में यह भी पता चला है कि कुछ बच्चों की बिक्री हरियाणा में की गई थी. पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क के तार अन्य राज्यों से भी जोड़कर देख रही है. बचाए गए पांच नवजातों में एक चार महीने का शिशु, दो 27 दिन के, एक 20 दिन का और एक केवल पांच दिन का शिशु है. सभी बच्चों को संरक्षण में रखा गया है और उनके परिजनों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरोह का संचालन बेहद संगठित तरीके से किया जा रहा था. नवजात बच्चों को हासिल करने, दस्तावेज तैयार करने और खरीदारों तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग लोगों की भूमिका तय थी. फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## प्रमुख सूचकांकों में मामूली गिरावट, आईटी सेक्टर पर दबाव


**मुंबई।** आईटी सेक्टर के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को प्रमुख सूचकांकों की शुरुआत मामूली गिरावट के साथ हुई। बीएसई का सेंसेक्स 23.96 अंक की गिरावट में 77,131.66 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 37.16 अंक (0.05 प्रतिशत) नीचे 77,118.46 अंक पर था। वृहत बाजार में तेजी है। हालांकि आईटी सेक्टर में बिकवाली के कारण प्रमुख सूचकांक फिलहाल हल्की गिरावट में हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 11.90 अंक टूटकर 24,073.80 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 11.10 अंक यानी 0.05 फीसदी गिरकर 24,074.60 अंक पर रहा। निफ्टी का आईटी सूचकांक करीब पौने दो फीसदी नीचे है। अन्य सभी सूचकांक हरे निशान में हैं। सार्वजनिक बैंकों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक दूसरों से ज्यादा बढ़त में हैं। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर होने हैं। इससे पहले शेयर बाजार में निवेश धारणा मजबूत बनी हुई है। खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के पूरी तरह खुलने की उम्मीद में निवेशक उत्साहित हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस का शेयर इस समय ढाई प्रतिशत नीचे है। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस के शेयर एक से डेढ़ फीसदी तक टूट चुके हैं।





# मानसून और चारधाम यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क अधिकारियों को मुख्यालय पर रहने के दिये निर्देश

एजेंसी।



**टिहरी।** उत्तराखंड में मानसून सत्र-2026 एवं चारधाम यात्रा के दौरान संभावित आपदा और आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए टिहरी जिला प्रशासन ने सभी विभागीय अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किये हैं।

जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल ने गुरुवार को जिले के सभी विभागाध्यक्षों, कार्यालयाध्यक्षों और अधिकारियों को मानसून अवधि में विशेष सतर्कता बरतने तथा मुख्यालय पर उपलब्ध रहने के आदेश दिये हैं।

जिलाधिकारी द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा-30 के अंतर्गत जारी आदेश में कहा गया है कि 15 जून से 30 सितंबर 2026 तक चलने वाले मानसून सत्र के दौरान सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखना आवश्यक है, ताकि किसी भी आपदा अथवा आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य त्वरित रूप से संचालित किए जा सकें। जारी निर्देशों के अनुसार कोई भी अधिकारी कार्यदिवसों के साथ-साथ अवकाश के दिनों में भी बिना पूर्व अनुमति अपना मुख्यालय अथवा कार्यक्षेत्र नहीं छोड़ेगा। अपरिहार्य परिस्थितियों में मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में जिलाधिकारी से पूर्वानुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। साथ ही संबंधित अधिकारी को अपने स्थान पर अधिकृत प्रतिस्थानी अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराना होगा। प्रशासन ने सभी अधिकारियों को अपने मोबाइल फोन 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संपर्क स्थापित किया जा सके। जिलाधिकारी ने विभागाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी इन निर्देशों से अवगत कराने और उनका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा और मानसून काल के दौरान किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए सभी विभागों की सक्रियता और तत्परता अत्यंत आवश्यक है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## हिमाचल प्रदेश के चंबा में खाई में गिरी बोलेरो, एक गांव के 7 लोगों की मौत



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में गुरुवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। यहां एक बोलेरो अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे उसके परखच्चे उड़ गए। हादसा तड़के 2:30 बजे चंबा-मसरूंड मार्ग पर छतरूंड के समीप हुआ। हादसे में बोलेरो सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 3 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। सभी महल गांव के बताए जा रहे हैं। घटना की खबर से पूरे गांव में मातम पसरा है।

पुलिस ने बताया कि बोलेरो (एचपी01सी2581) महल गांव के लोग काकड़ोथा गांव में एक मुंडन संस्कार में शामिल होने गए थे, जहां से गुरुवार तड़के लौट रहे थे। तभी छतरूंड के पास बोलेरो अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। हादसे की खबर लगते ही पुलिस और बचाव दल के कर्मी पहुंच गए और राहत कार्य शुरू किया। हालांकि, किसी को बचाया नहीं जा सका। हादसे के बाद बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में 3 सगे भाई हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि चंबा की घुमावदार तीखी रोड पर कोई क्रैश बैरियर नहीं है। जिस जगह हादसा हुआ, वह भी ऐसा ही है। अगर बैरियर होता तो हादसा नहीं होता।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी शवों को खाई से निकाल लिया गया है। उनकी पहचान की जा रही है। एक दिन पहले चंबा में बनीखेत के समीप छतरी मोड़ के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई, जिसमें 2 दोस्तों की मौत हुई थी।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता

# सुरक्षा और जनहित के मूल सिद्धांतों पर होना चाहिए : पीएम मोदी

लोकमाया न्यूज।

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 देशों के सामने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में भारत के 'मानव' विजन का उल्लेख करते हुए कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता, सुरक्षा और जनहित के मूल सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। जी-7 देशों के 52 वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस यात्रा पर गये मोदी ने बुधवार रात फ्रांस के एवियन में इंश्योरिंग ए सेफ, रैपिड एंड एफिशिएंट रोल आउट ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित आउटरीच सत्र को संबोधित किया।

मोदी ने कहा कि एआई एक परिवर्तनकारी शक्ति है जिसमें मानव सभ्यता की दिशा को फिर से परिभाषित करने की क्षमता है, लेकिन इसे लोगों को सशक्त बनाने वाला भी होना चाहिए। उन्होंने विस्तार से बताया कि इसी व्यापक सोच के साथ भारत ने हाल ही में एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी की थी। प्रधानमंत्री ने एआई के लिए भारत के 'मानव' विजन को रेखांकित किया, जो इस बात पर जोर देता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशिता, सुरक्षा और जनहित के मूल सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने हमेशा साइबरस्पेस को एक वैश्विक सार्वजनिक संपत्ति के रूप में देखा है और लोकतांत्रिक देशों की ऐसी एआई मॉडल तक पहुंच होनी चाहिए जो उनके महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी ढांचे को सुरक्षित कर सकें और उन्हें साइबर खतरों से निपटने में मदद कर सकें। उन्होंने एआई विकास के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण का आह्वान किया, जिसमें सुरक्षा, गति और दक्षता पर एक साथ ध्यान दिया जाए। इस संबंध में, उन्होंने चार सुझाव दिए- एआई सिस्टम को 'सेफ-बाय-डिजाइन' (निर्माण के स्तर पर ही सुरक्षित) होना चाहिए। एआई के इस्तेमाल के साथ-साथ सामान्य मानक, परीक्षण फ्रेमवर्क और नियामक दिशानिर्देश होने चाहिए। डीपफेक, गलत सूचना और साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए प्रभावी वैश्विक सहयोग होना चाहिए और एक समावेशी दुनिया सुनिश्चित करने के लिए एआई का लाभ 'ग्लोबल साउथ' के देशों तक पहुँचना चाहिए।

## जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद पेरिस पहुंचे पीएम मोदी, भारतीय समुदाय को करेंगे संबोधित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी -7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद बुधवार देर रात फ्रांस के शहर एवियन से राजधानी पेरिस पहुंचे। पेरिस में मोदी का भारतीय प्रवासी समुदाय ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने बुधवार रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, कुछ ही समय पहले पेरिस पहुँचा और वहाँ भारतीय प्रवासी समुदाय ने मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत और फ्रांस को और निकट लाने में उनके प्रयासों पर मुझे गर्व है। भारत-फ्रांस साझेदारी हमारे ग्रह की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी का आज पेरिस में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात का कार्यक्रम है। बाद में वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ 'वीवानेट' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे।

## झारखंड राज्यसभा चुनावः दो सीटों के लिए मतदान जारी, दूसरी सीट पर रोमांचक मुकाबला

लोकमाया न्यूज।

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 9:00 बजे से मतदान शुरू हो गया। मतदान सुबह 9 बजे से विधानसभा के कमरा संख्या 042 स्थित न्यायाधिकरण हॉल में शुरू हुआ, जो शाम 4 बजे तक चलेगा। राज्य के सभी 81 विधायक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

राज्यसभा चुनाव में तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बैजनाथ राम, कांग्रेस के प्रणव झा और भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी शामिल हैं। मतदान को लेकर विधानसभा परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राजनीतिक दलों की नजरें प्रत्येक विधायक के मतदान पर टिकी हुई हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों अपने-अपने विधायकों को एकजुट बनाए रखने में जुटे हुए हैं। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार झामुमो उम्मीदवार बैजनाथ राम की जीत लगभग तय मानी जा रही है। वहीं दूसरी सीट के लिए मुकाबला दिलचस्प हो गया है। कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा और एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। अब मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना और अंतिम परिणाम पर सभी की निगाहें टिकी हैं, जिससे यह साफ हो जाएगा कि झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों पर कौन उम्मीदवार विजयी होकर संसद के उच्च सदन में पहुंचेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम डॉ. यादव ने किया राजमाता जीजाबाई को नमन

**भोपाल ( लोकमाया )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजमाता जीजाबाई की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि राजमाता जीजाबाई के संस्कारों ने वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज को महानायक बनाया और इस राष्ट्र को नया भाग्य और नया भविष्य दिया। उनकी गौरवगाथा सदियों तक इस धरा पर गूंजती रहेगी। डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रभक्ति, मातृशक्ति और संस्कारों की अद्वितीय प्रतिमूर्ति, राजामाता जीजाबाई के स्वराज, राष्ट्रधर्म, सुशासन और जनकल्याण की शिक्षाएं अत्यंत अनुकरणीय हैं।

### सीएम ने बालासाहब देवरस को अर्पित की श्रद्धांजलि

**भोपाल ( लोकमाया )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक स्व. बालासाहब देवरस की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि स्व. देवरस के नेतृत्व में संगठन का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और अनगिनत कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़े। सनातन संस्कृति के उत्थान और सामाजिक समरसता के लिए वे संघर्षरत रहे। मातृभूमि की आराधना में समर्पित रहा स्व. बाला साहब देवरस का जीवन प्रेरणा-दीप बनकर सभी के कर्तव्य-पथ को हमेशा आलोकित रखेगा।

### मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की जयंती पर किया नमन

**भोपाल ( लोकमाया )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शौर्य और त्याग के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें राष्ट्र के प्रति निष्ठावान और कर्तव्यपरायण रहने के लिये प्रेरित है। मातृभूमि की स्वतंत्रता, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित महाराणा प्रताप का जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

### योग दिवस पर होगा अर्हं योग का आयोजन

**मंदसौर, ( हि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को मध्य प्रदेश के मंदसौर स्थित स्टेडियम में विशाल योग साधना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, मोरारजी



देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, जिला प्रशासन एवं सकल जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों योग प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिगंबर जैन संत मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज के सानिध्य में अर्हं योग साधना का आयोजन रहेगा। मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ने कहा कि योग और ध्यान भारत की प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक संतुलन, सकारात्मक चिंतन और आत्मशक्ति के विकास का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर की ऊर्जा को जागृत कर जीवन में शांति और संतुलन प्राप्त कर सकता है। मुनिश्री ने अर्हं योग की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह साधना स्वस्थ शरीर, प्रसन्न मन और निर्मल चेतना प्रदान करती है। उनके अनुसार अर्हं योग आत्मविश्वास बढ़ाने, विचारों में पवित्रता लाने और जीवन की चिंताओं से मुक्त होकर सुख एवं शांति प्राप्त करने का माध्यम है। डॉ. चंदा कोठारी ने बताया कि लगभग 11 वर्ष पूर्व मंदसौर में अर्हं योग की शुरुआत हुई थी, जो आज देश के 24 राज्यों और विश्व के 14 देशों तक पहुंच चुका है। वर्तमान में इसके करीब 10 लाख अनुयायी हैं तथा विश्वभर में 1100 से अधिक प्रमाणित प्रशिक्षक अर्हं योग का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागदा में श्रीराम दरबार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को किया संबोधित, कहा-

# इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन में शामिल हैं नागदा, धार और रतलाम

लोकमाया न्यूज।



**इंदौर,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर बना है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सरयू के किनारे भव्य मंदिर निर्माण हुआ और हमारा 500 वर्ष का लंबा संघर्ष पूर्ण हुआ।

भगवान श्रीराम ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण 12 वर्ष चित्रकूट में बिताए थे। राज्य सरकार दो हजार करोड़ रूपए की लागत से भव्य चित्रकूट धाम का निर्माण कर रही है। प्रदेश में जहां-जहां प्रभु श्रीराम के चरण पड़े, हमारी सरकार उन्हें श्रीराम वन गमन पथ में शामिल कर विकसित कर रही है। भगवान गोपाल कृष्ण से संबंधित धर्म स्थलों को भी श्रीकृष्ण पाथेय के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के भव्य और दिव्य आयोजन के लिए हजारों करोड़ के विकास कार्य तेजी से पूर्ण किए जा रहे हैं। उज्जैन, इंदौर और आसपास के सभी जिलों में विकास को गति मिल रही है। इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन में धार, नागदा और रतलाम को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाजी धाम में फर्श, बाउंड्री बाल और पेयजल जैसी सभी बुनियादी व्यवस्थाएं करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन जिले के नागदा में बालाजी धाम में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा व ध्वज पूजा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बालाजी धाम में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत विशेष रूप से उपस्थित थे।

#### दूध उत्पादन 12 से बढ़ाकर करेंगे 20 प्रतिशत

डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम के विराट व्यक्तित्व से हमें मानवीय मूल्यों के साथ जीवन जीने की सीख मिलती है। रामराज्य में नागरिकों को किसी चीज की कोई कमी नहीं थी। इसी भावना के साथ हमारी सरकार गरीब, किसान और नारी शक्ति के सशक्तिकरण द्वारा अंत्योदय के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। भगवान हनुमान के जीवन का प्रत्येक क्षण प्रभु श्रीराम के लिए समर्पित था। हमें हनुमान जी के जीवन की अच्छाईयों को धारण करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने गोपाल कृष्ण को आदर्श मानते हुए घर-घर गाय और दूध उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया है। इसके लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। योजना अंतर्गत 10 लाख रुपए अनुदान का प्रावधान किया है। प्रदेश में दूध उत्पादन को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है।

**पूरे विश्व को सनातन धर्म से आशा : गहलोत** - कर्नाटक के राज्यपाल गहलोत ने कहा कि डेलनपुर में भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। विश्व कल्याण और शांति के लिए दुनिया आज सनातन धर्म की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। स्थानीय सांसद अनिल फिरोजिया ने बालाजी धाम के निर्माण और मंदिर की विस्तार योजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में परमपूज्य 1008 नारायण त्यागी महाराज, पूज्य मधुसूदन त्यागी महाराज, विधायक डॉ. तेजबहादुर, विधायक सतीश मालवीय, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक दिनेश जैन, जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व विधायक लालसिंह राणावत, पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत, राकेश यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

### मप्र टाइगर फाउंडेशन-डब्ल्यूसीएल में हुआ महत्वपूर्ण एमओयू

## सतपुड़ा और पेंच टाइगर रिजर्व में वन संरक्षण एवं आवास प्रबंधन कार्यों को मिलेगा बढ़ावा

लोकमाया न्यूज।




**भोपाल,निप्र।** वन्य जीव संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन को बढ़ावा देने की दिशा में मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन और वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के बीच 2 महत्वपूर्ण एमओयू हुए हैं। इनका उद्देश्य नर्मदापुरम स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व तथा सिवनी स्थित पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण को समर्थन प्रदान करना है।

समझौतों के अंतर्गत सतपुड़ा एवं पेंच टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण और आवास प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इनमें वॉच टावरों का निर्माण, वन गश्ती अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण, सौर ऊर्जा आधारित जल प्रणालियों की स्थापना, आक्रामक वनस्पति प्रजातियों का उन्मूलन तथा देशज घास भूमियों का पुनर्स्थापन शामिल है। ये समझौते दोनों टाइगर रिजर्व में जैव विविधता संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन की स्थितियां बेहतर करने सहायक होंगे। इस अवसर पर डब्ल्यूसीएल प्रबंधन ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कंपनी अपनी सीएसआर के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण तथा भारत की समृद्ध प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण में निरंतर सार्थक योगदान दे रही है। डब्ल्यूसीएल के प्रतिनिधियों ने कहा कि अपने अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक तथा कार्यात्मक निदेशकों के दूरदर्शी नेतृत्व में कंपनी सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के साथ पर्यावरण एवं समुदाय-केंद्रित प्रभावी पहलों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे उसके परिचालन क्षेत्रों में संरक्षण और विकास के बीच संतुलन स्थापित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में पेंच टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक देवा प्रसाद, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक राखी नंदा सहित डब्ल्यूसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एच.एस. पांडे, डब्ल्यूसीएल के बिक्रम घोष, आनंदजी प्रसाद और संदीप परांजपे उपस्थित थे।

---

## सीहोर में राजस्व मंत्री ने कहा- साहस, पराक्रम त्याग, राष्ट्रभक्ति की मिसाल हैं महाराणा प्रताप

**सीहोर, ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं, जिन्होंने राष्ट्र, धर्म और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया और संघर्ष के मार्ग पर अडिग रहे। उनका जीवन साहस, त्याग, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की अद्वितीय मिसाल है।



मंत्री वर्मा बुधवार को सीहोर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस इवसर पर एवं भव्य चल समारोह आयोजित किया गया। पावर हाउस चौराहा स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित समारोह में राजस्व मंत्री वर्मा एवं कार्तिकेय चौहान ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। इस अवसर पर नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में महाराणा प्रताप के जीवन एवं शौर्य को दर्शाती झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी शामिल हुए। वर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक थे। महाराणा प्रताप के आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और मूल्यों का त्याग नहीं करना चाहिए। महाराणा प्रताप की गौरवगाथा आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। वर्मा ने कहा कि महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर ही समाज और राष्ट्र का सशक्त निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

---

## आंदोलन नहीं, नोटिस की राजनीति कर रही है कांग्रेस : आशीष अग्रवाल

### भाजपा मीडिया प्रभारी बोले- कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ही नेतृत्व पर लगाया अविश्वास का ठप्पा

लोकमाया न्यूज।



**भोपाल,निप्र।** कांग्रेस पार्टी का 22 जिलों को ताजा नोटिस यह साबित करता है कि उसका संगठन पूरी तरह दिशाहीन और नेतृत्व विहीन हो चुका है। जिस पार्टी को अपने ही जिला अध्यक्षों से यह पूछना पड़े कि उन्होंने आंदोलन क्यों नहीं किया, वह जनता के बीच अपनी स्वीकार्यता और कार्यकर्ताओं के बीच अपना विश्वास दोनों खो चुकी है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी अशीष अग्रवाल ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस आज इस स्थिति में पहुंच गई है कि उसके कार्यकर्ता नेतृत्व के आह्वान पर सड़क पर उतरने को तैयार नहीं हैं। राज्यसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस ने जिस प्रकार राजनीतिक नाटक खड़ा करने का प्रयास किया, उसे उसके अपने कार्यकर्ताओं ने भी गंभीरता से नहीं लिया। यही कारण है कि आंदोलन के दावे कागजों तक सीमित रह गए और अब संगठन को नोटिस जारी कर जवाब मांगना पड़ रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए कि आखिर उसके कार्यकर्ताओं का विश्वास नेतृत्व से क्यों उठ रहा है। यह केवल 22 जिलों के एनएसयूआई जिला अध्यक्षों का मामला नहीं है, बल्कि पूरे संगठन में व्याप्त निराशा, गुटबाजी और नेतृत्व संकट का प्रमाण है। जिस पार्टी में कार्यकर्ता स्वेच्छा से आंदोलन करने के बजाय नोटिस मिलने के बाद सक्रिय हों, वह जनता के संघर्ष की बात करने का नैतिक अधिकार खो देती है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट विपक्ष में होना नहीं, बल्कि अपने ही कार्यकर्ताओं का भरोसा खो देना है। जनता भी देख रही है कि एक तरफ भाजपा सेवा, विकास और जनकल्याण के कार्यों में जुटी है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस अपने संगठन को बचाने के लिए नोटिस और स्पष्टीकरण के सहारे चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जनता के बीच जाने से पहले अपने संगठन में फैली निराशा, असंतोष और नेतृत्वहीनता का जवाब देना चाहिए। यह नोटिस वास्तव में कांग्रेस की कमजोरी, विफलता और संगठनात्मक दिवालियेपन का सार्वजनिक दस्तावेज बन गया है।

---

### 112 ने घायल महिला को त्वरित सहायता से पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल,निप्र।** गुना जिले के थाना विजयपुर क्षेत्र में डायल-112 जवानों की तत्पर एवं संवेदनशील कार्रवाई से मोटर साइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया। इस त्वरित कार्रवाई से घायल महिला को शीघ्र चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। 16 जून को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना विजयपुर क्षेत्र अंतर्गत लाहौरी ऑटो पार्क के पास एक मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमें एक महिला घायल हो गई है एवं तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही विजयपुर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं पायलट राम लखन मीणा ने मौके पर पहुँचकर पाया कि ब्रेकर पर मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिससे एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

---

## विधानसभा के मानसून सत्र में पेश होगा यूसीसी विधेयक

लोकमाया न्यूज।

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को स्पष्ट संकेत दिए कि विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश किया जाएगा और सरकार इसे इसी सत्र में पारित कराने के लिए प्रतिबद्ध है।




मुख्यमंत्री यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश नाथ काटजू की जयंती पर विधानसभा परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में संकेत दिए कि सरकार यूसीसी विधेयक इसी सत्र में विधानसभा में लाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि सब कुछ योजना के अनुरूप रहा तो यह इसी सत्र में पारित भी हो जाएगा। मुख्यमंत्री के इस बयान से स्पष्ट है कि राज्य सरकार यूसीसी को लेकर केवल चर्चा के स्तर पर नहीं, बल्कि उसे कानून का स्वरूप देने की ठोस योजना के साथ अपने कदम बढ़ा चुकी है। सरकार का लक्ष्य इस वर्ष दीपावली तक प्रदेश में यूसीसी को पूरी तरह लागू करना है।

मध्य प्रदेश में यदि यूसीसी विधेयक पारित होकर लागू किया जाता है तो उत्तराखंड और गुजरात के बाद इस कानून को लागू करने वाला वह देश का तीसरा राज्य बन जाएगा। हालांकि अभी हाल में असम सरकार ने भी विधानसभा में यूसीसी विधेयक पारित किया है, लेकिन इसके लागू होने में अभी कुछ समय लग सकता है। मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। इस बार सबसे अधिक चर्चा यूसीसी विधेयक को लेकर ही है।

यूसीसी को लागू करने की प्रक्रिया को व्यवस्थित और व्यावहारिक बनाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने 27 अप्रैल को छह सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कर रही हैं। समिति में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शत्रुघ्न सिंह, कानूनी विशेषज्ञ अनूप नायर, शिक्षाविद् गोपाल शर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धपाल सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल किए गए हैं।

#### विहिप ने बताया सामाजिक समानता की दिशा में कदम

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने यूसीसी विधेयक को लेकर राज्य सरकार की मंशा की प्रशंसा की है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा, 'मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन सरकार का यह बहुत सार्थक कदम है, समान नागरिक संहिता के माध्यम से राज्य के सभी लोगों को समानता का अधिकार मिलेगा और समतामूलक समाज की पुनर्प्रतिष्ठा हो सकेगी। इसमें यह गारंटी सुनिश्चित है कि बच्चों एवं खासकर महिलाओं के साथ कानून के स्तर पर कोई भेद नहीं रहेगा। देश के कई उच्च न्यायालय और यहां तक कि उच्चतम न्यायालय ने भी कई अवसरों पर 'समान नागरिक संहिता' को आज देश की आवश्यकता बताया था। उसे लागू किया जाना चाहिए, वास्तव में इस निर्णय से मप्र के वासियों को अनेक कानूनी विसंगतियों और दुविधाओं से मुक्ति मिलेगी।

**भाजपा ने बताया देश की जरूरत :** भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने सरकार की इस मंशा का खुलकर समर्थन किया है। उनका कहना है कि समान नागरिक संहिता पूरे देश की आवश्यकता है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समानता और कानून के समक्ष सभी नागरिकों की बराबरी से जोड़ते हुए कहा कि देश के कई राज्यों ने इस दिशा में पहल की है और अब मध्य प्रदेश भी इसके लिए तैयार है।

---

### राहतगढ़ में दूसरे दिन खाद्य मंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं : जनकल्याण शिविर में मंत्री ने अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

# शिविर औपचारिकता नहीं, जनता की समस्याओं के समाधान का माध्यम : राजपूत

लोकमाया न्यूज।





**भोपाल,निप्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुरखी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों के दूसरे दिन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत राहतगढ़ में आयोजित शिविर में पहुंचे। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया, लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, कृषि, विद्युत, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं और मांगें रखीं। मंत्री राजपूत ने अधिकारियों से कहा कि जनकल्याण शिविर केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेकर समय-सीमा में उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास लिखित आवेदन नहीं है तो अधिकारी स्वयं आवेदन तैयार कराने में मदद करें। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं है, उनके लिए निर्धारित समय-सीमा तय कर कार्रवाई की जाए।

**मोदी सरकार ने बदली देश की तस्वीर :** खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले हैं। आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का बड़ा आधार बनी है, जबकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई है, वहीं जल जीवन मिशन के जरिए गांवों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और आधारभूत संरचना के विकास ने देश को नई दिशा दी है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। इन्हीं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने के उद्देश्य से सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़, जैसीनगर, बिलहरा और सुरखी में 16 से 18 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचने और अपनी समस्याएं दर्ज कराने का आग्रह किया।

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास को नई गति मिली :** मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याण और विकास के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। लाड़ली बहना योजना से महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है, जबकि लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**सैकड़ों आवेदनों का मौके पर निराकरण :** शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू की गई।

**आज जैसीनगर में शिविर :** मंत्री राजपूत ने कहा कि जिन नागरिकों की कोई समस्या, शिकायत या योजना से संबंधित आवश्यकता है, वे 18 जून तक आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविरों में पहुंचकर लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शिविरों में मौजूद हैं तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रभारी मंत्री चौधरी होंगे शामिल

**जांजगीर-चाम्पा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर



जिला मुख्यालय स्थित भीमा तालाब, जाज्वल्य देव द्वार के पास प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी होंगे। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कार्यक्रम के सुचारू आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपा है एवं समयबद्ध सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### एक वर्ष बाद भी नहीं मिला सोनिया और शिवानी का सुराग, एमसीबी पुलिस ने आमजन से मांगा सहयोग

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** जिले में लंबे समय से लापता दो महिलाओं की तलाश में पुलिस लगातार प्रयासरत है। एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद दोनों महिलाओं का कोई पता नहीं चल पाने पर पुलिस ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने का अनुरोध किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी जिला इश्तहार के अनुसार थाना झगराखांड क्षेत्र से लापता 75 वर्षीय श्रीमती सोनिया बंसल का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे 16 जून 2025 को खोंगापानी क्षेत्र में आंख की दवा लेने जाने की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, किन्तु उनका कोई पता नहीं चल सका। इसी प्रकार पाराडोल निवासी 19 वर्षीय कु. शिवानी केवट 06 अक्टूबर 2025 को मनेंद्रगढ़ जाने के लिए घर से निकली थीं। निर्धारित समय पर घर नहीं लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों तथा संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन उनका भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। मामले में गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस लगातार खोजबीन कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विभिन्न स्तरों पर तलाश जारी है। जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं तथा उपलब्ध सभी माध्यमों से जानकारी एकत्र करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का मानना है कि आम नागरिकों के सहयोग से इन मामलों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को श्रीमती सोनिया बंसल अथवा कु. शिवानी केवट के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना निम्नलिखित संपर्क नंबरों पर दी जा सकती है। पुलिस अधीक्षक, एमसीबी 9479193702, 9479193713, एसडीओपी, मनेंद्रगढ़ 9779193702, थाना झगराखाण्ड 9479194855 तथा कंट्रोल रूम 9479160180 पर सम्पर्क किया जा सकता है। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम एवं पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी। जिला पुलिस ने जनसहयोग को इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए नागरिकों से संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ सहयोग करने की अपील की है।

### विद्यालय खुलने के साथ पालक-बालक संपर्क अभियान प्रारंभ

**सूरजपुर।** नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अवधेश साहू के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पतरापाली द्वारा पालक-बालक संपर्क अभियान शुरू किया गया।

# डबल इंजन सरकार में बिजली, डीजल और पेट्रोल महंगे : राजेश अग्रवाल







### बिजली दर वृद्धि और अघोषित कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने घेरा बिजली कार्यालय

(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, बिजली दरों में वृद्धि तथा अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केरा रोड स्थित बिजली कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्रतीकात्मक रूप से चूड़ियां भेंट की गईं तथा जोरदार नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने और अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जिले भर से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगी बिजली नहीं चलेगी जनविरोधी नीति नहीं चलेगी डबल इंजन सरकार, जनता पर महंगाई की मार तथा जनविरोधी फैसले वापस लो जैसे नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कोयला, बिजली उत्पादन के संसाधन और भूमि उपलब्ध होने के बावजूद आम जनता को महंगी बिजली खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश सरकार ने चरणबद्ध तरीके से बिजली दरों में लगभग साढ़े छह प्रतिशत की वृद्धि कर महंगाई की मार झेल रही जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की तथाकथित डबल इंजन सरकार आम जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल रही है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बाद अब बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि कर प्रदेशवासियों की परेशानियां और बढ़ा दी गई हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिजली आज केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि आम नागरिकों के दैनिक जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। ऐसे समय में बिजली दरों में वृद्धि करना गरीबों, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, छोटे व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों के हितों पर सीधा आघात है। नेताओं ने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार बिजली दरों में वृद्धि कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदेशभर में जारी अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, छोटे उद्योग-धंधे संकट में हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घंटों अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने सस्ती बिजली, बेहतर सुविधाएं और सुशासन का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार अपने वादों से पीछे हट गई है। यदि बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस नहीं लिया गया और अघोषित बिजली कटौती बंद नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस पदाधिकारियों रमेश पैगवार, विवेक सिंह सिसोदिया, भगवानदास गढ़वाल, अजीत सिंह राणा, गिरधारी यादव, रविंद्र शर्मा सहित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामविलास राठौर, सुनील साधवानी, गौरव सिंह, रविंद्र शर्मा, बबला महाराज और नवल सिंह,जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने संबोधित किया। महिला कांग्रेस की ओर से ज्योति किशन कश्यप एवं मनोरमा पाटेकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्दीकी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कांग्रेस सेवा दल के जिला संगठक मंत्री देव कुमार पांडे ने किया।

#### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

**घरेलू उपभोक्ताओं पर बढ़ाया गया बिजली शुल्क तत्काल वापस लिया जाए। प्रदेशभर में अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए। किसानों को सिंचाई हेतु निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गरीब, मजदूर, छोटे व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।**

# बिरकोनी गांव के घर में मिला पिता सहित 2 मासूम बच्चों का शव



### जहर सेवन से आत्महत्या करने का बतायी जा रही वजह

(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के चौकी नैला क्षेत्र के बिरकोनी गांव में पिता समेत 2 मासूम बच्चों के शव घर में मिले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पुलिस को होने पर पुलिस घटनास्थल पहुंचे जांच उपरांत मर्ग कम कर मामले की जांच की जा रही है, वही जांजगीर सीएसपी योगिताबाली खापर्डे भी घटना स्थल पहुंचीं, फारेंसिक टीम के साथ घटना स्थल। प्रारंभिक जांच पर कीटनाशक जहर सेवन कर की गई आत्म हत्या, घटना की हर पहलू की जांच की जा रही है। चौकी नैला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरकोनी में एक व्यक्ति एवं उसके 2 बच्चों के मृत अवस्था में पाए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई। प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ है कि मृतक रमेश कुमार पटेल का लगभग एक सप्ताह पूर्व अपनी पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके बाद उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। बताया गया है कि 16 जून को रमेश कुमार पटेल अपनी पत्नी को वापस लाने उसके मायके गया था, किंतु पत्नी द्वारा वापस आने से इंकार करने पर वह अकेला घर लौट आया था। आज प्रात: लगभग 8 बजे मृतक का पिता परदेसी राम पटेल धान कुटवाने ग्राम कटनाई गया हुआ था। लगभग 11.30 बजे उसे सूचना मिली कि उसका पुत्र एवं दोनों नाती घर में मृत अवस्था में पड़े हुए हैं। सूचना पर घर पहुंचकर देखने पर रमेश कुमार पटेल तथा उसके दोनों बच्चे मृत पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की जा रही है। सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे ने संभाला मोर्चा, फॉरेंसिक टीम जुटी घटना की सूचना पर चौकी नैला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल को सील कर मर्ग कायम किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी जांजगीर श्रीमती योगिताबाली खापर्डे स्वयं घटनास्थल पहुंचीं। खापर्डे ने बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया और मौजूद अधिकारियों- कर्मचारियों को हर पहलू पर जांच के निर्देश दिए। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# तेज रिस्पांस ही डायल-112 की असली पहचान : उमेश कश्यप



### जिले के डायल 112 के कर्मचारियों का लिया गया विशेष बैठक

(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के डायल-112 के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप ने 17 जून को पुलिस कार्यालय जांजगीर के सभा कक्ष में डायल 112 में ड्यूटीरत कर्मचारियों का विशेष बैठक लेकर रिस्पांस टाइम पर काम करने हेतु दिए आवश्यक निर्देश। कार्यशाला में सभी ईआरवी स्टाफ, जीवीके ड्राइवर, हाईवे पेट्रोलिंग टीम, डीसीसी प्रभारी और जीवीके मैनेजर मौजूद रहे। एसपी कश्यप ने साफ कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने, कार्रवाई करने और एएसआर भरने के बाद ईआरवी को फौरन अपने फिक्स प्वाइंट पर लौटना होगा। ताकि अगला इमरजेंसी कॉल आते ही गाड़ी रवाना हो सके। उमेश कुमार कश्यप ने दो टूक कहा, डायल-112 की सफलता का आधार त्वरित प्रतिक्रिया और जनता को समय पर सहायता उपलब्ध कराना है। किसी भी इवेंट में अनावश्यक समय व्यतीत न करें। देरी हुई तो कारण रिकॉर्ड में दर्ज करना होगा। ईआरवी स्टाफ बिना अनुमति खुद से इवेंट तैयार न करें। रिस्पांस टाइम में सुधार लाएं और घटनास्थल पर शीघ्र पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। हर कर्मचारी को वीकली वर्क रिपोर्ट डीसीसी डायल-112 के जरिए समय पर देनी होगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले ईआरवी स्टाफ को पुरस्कार और प्रशंसा पत्र के लिए अनुशंसा भेजी जाएगी। रिपोर्ट न देने या ड्यूटी में लापरवाही बरतने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई। बैठक में एएसपी नोडल अधिकारी ने सख्त निर्देश दिए गए कि बिना इवेंट या वैध कारण के डायल-112 की ईआरवी को थानों में खड़ा न रखें। डायल-112 पूर्णत: आपातकालीन सेवा है। तीनों शिफ्ट में पर्याप्त पुलिस बल ईआरवी में तैनात रखें।

# महाराणा प्रताप सिंह इतिहास में अमर हैं : राजकुमार साहू



### महाराणा प्रताप चौक में छतदार चबूतरा का सभापति ने किया लोकार्पण

(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत सुकली-पचेड़ा चौक में महाराणा प्रताप जयंती के शुभ अवसर पर जिला पंचायत के 15 वित्त योजना अंतर्गत 3 लाख की लागत से छतदार चबूतरा का लोकार्पण जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सभापति श्री साहू ने कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था वे अपनी वीरता, शौर्य, और मातृभूमि की स्वतंत्रता के प्रति अटूट प्रेम के लिए इतिहास में अमर है, उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की विशाल सेना के सामने कभी घुटने नहीं टेके और आजीवन संघर्ष करते रहे, हमें उनके द्वारा बताए गए आदर्शो अपनाते हुए उनके दिखाए गए मार्गों में चलना चाहिए। लोकार्पण के दौरान वेदु सिंह, विनय सिंह, रामेश्वर सिंह, बृजेश सिंह, मनीष सिंह, नमन सिंह वैभव सिंह, सुखनंदन सिंह, सौमित्र सिंह, महावीर सिंह, हिमांशु सिंह, हंसराज सिंह, राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# उर्वरक भण्डारण में अनियमितता पर विकास ट्रेडर्स का गोदाम सील





### कृषि विभाग के उपसंचालक की अगुवाई में की गई कार्रवाई

(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** उप संचालक कृषि जांजगीर-चाम्पा के अगुवाई में मेसर्स विकास ट्रेडर्स खरौद के उर्वरक विक्रय परिसर में 17 जून को विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षक के संयुक्त टीम के साथ मेसर्स के उर्वरक गोदाम एवं विक्रय प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स के यहाँ पॉस मशीन में दर्ज उर्वरक एवं भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरकों का सही मिलान ना होना, मूल्य सूची का यथोचित स्थान पर चस्पा, लायसेंस चस्पा एवं निर्धारित मूल्य बोर्ड नही पाये जाने पर मेसर्स के उर्वरक गोदाम में उपलब्ध उर्वरक सिंगल सुपर फॉस्फेट (दानेदार) 52 बोरी, सिंगल सुपर फॉस्फेट (पाउडर) 53 बोरी, ट्रिपल सुपर फॉस्फेट 9 बोरी, एन.पी.के. (5:15:0:10) 78 बोरी एवं यूरिया 21 बोरी कुल 213 बोरी उर्वरक को जब्ती करते हुए सीलबंद की कारवाई की गई। इसी क्रम में मेसर्स गायत्री कृषि सेवा केन्द्र राहौद, विकासखण्ड पामगढ़ में बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के बीज विक्रय किये जाने पर 76.75 क्विंटल बीज को विक्रय प्रतिबंध किया गया। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने स्पष्ट किया गया है कि खरीफ सीजन में किसानों को खाद एवं बीज गुणवत्तायुक्त तथा शासकीय दर पर उपलब्ध कराने हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है और विभाग द्वारा जिले के सभी निजी कृषि केन्द्रों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है और अनियमितता पाये जाने पर लगातार कारवाई की जा रही है।

# सपोस में उर्वरक विक्रेता पर बड़ी कार्रवाई, 21 दिनों तक बिक्री पर रोक



(लोकमाया न्यूज)।

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनियमित बिक्री पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड डभरा के ग्राम सपोस स्थित मैसर्स श्री हनुमान ट्रेडिंग कंपनी के प्रतिष्ठान पर जिला एवं विकासखंड स्तरीय दल ने आकस्मिक निरीक्षण किया।

जांच के दौरान प्रतिष्ठान में जिंकेटेड एसएसपी दानेदार की 224 बोरी (11.200 मीट्रिक टन), जिंकेटेड एसएसपी पाउडर की 450 बोरी (22.500 मीट्रिक टन) तथा जिंकेटेड-बोरोनेटेड एसएसपी दानेदार की 122 बोरी (6.100 मीट्रिक टन) उर्वरक का भंडारण पाया गया। निरीक्षण के समय संबंधित उर्वरकों के स्पष्ट बिल-वाउचर एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध पाए जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश के तहत विकासखंड डभरा के उर्वरक निरीक्षक ने उक्त उर्वरकों की बिक्री पर 21 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही संबंधित विक्रेता को 7 दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्रवाई के दौरान जिला स्तरीय नोडल अधिकारी श्री सुमान सिंह पैकर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री कृतराज तथा उर्वरक निरीक्षक श्री राजेन्द्र कुमार पटेल उपस्थित रहे।

#### किसानों और विक्रेताओं को चेतावनी

कृषि विभाग ने सभी उर्वरक विक्रेताओं, भंडारणकर्ताओं एवं किसानों से नियमों का पालन करने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध लाइसेंस एवं आवश्यक दस्तावेजों के उर्वरकों का भंडारण, परिवहन या विक्रय करने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

विभाग ने किसानों से भी आग्रह किया है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही उर्वरक खरीदें, खरीद के समय पक्का बिल अवश्य लें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल कृषि विभाग को दें।

# सक्ती पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 1.66 करोड़ का गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार




(लोकमाया न्यूज)।

**सक्ती।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सक्ती पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चौकी फगुरम और थाना डभरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उड़ीसा से राजस्थान ले जाए जा रहे 208.965 किलोग्राम गांजा को जब्त किया गया है।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान राजस्थान निवासी एक युवक तथा एक नाबालिग को पकड़कर हिरासत में लिया है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

जांच के दौरान पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त ट्रेलर वाहन, फ्लोर्सपार पाउडर और मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। जब्त सामग्री एवं वाहन की कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ 66 लाख 20 हजार 460 रुपये बताई गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अवैध कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ड्यूटी से गायब आरक्षक निलंबित, वायरल वीडियो के बाद एसपी की बड़ी कार्रवाई

(लोकमाया न्यूज)।



**सक्ती।** पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने कर्तव्य के प्रति लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं पुलिस की छवि धूमिल करने के आरोप में आरक्षक जगजीवन टोण्डे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार रक्षित केंद्र में पदस्थ आरक्षक क्रमांक-48 जगजीवन टोण्डे को 3 जून 2026 को मालखरौदा में वारंट पेशी ड्यूटी के लिए भेजा गया था। ड्यूटी पूर्ण होने के बाद वह रक्षित केंद्र वापस नहीं लौटा और 17 जून 2026 तक बिना अनुमति के कर्तव्य से अनुपस्थित रहा। इसी दौरान आरक्षक का सक्ती के बुधवारी बाजार स्थित एक चबूतरे पर पुलिस वर्दी में संदिग्ध अवस्था में सोते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो के प्रसारित होने से पुलिस विभाग की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक के आचरण को कर्तव्य के प्रति उदासीनता और अनुशासनहीनता माना। साथ ही लंबे समय से अनाधिकृत अनुपस्थिति को भी गंभीर कदाचार मानते हुए संबंधित आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीनता और कर्तव्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

सम्पादकीय

## लोगों में चिंता

नेता विपक्ष का सनसनीखेज बयान उस वक्त आया है, जब लोगों में चिंता बढ़ रही है। उधर युवा असंतोष की अभिव्यक्ति के रूप में सोशल मीडिया पर उभरी कॉकरोच जनता पार्टी सड़क पर उतरने जा रही है। राहुल गांधी के इस बयान से अनिश्चय और अस्थिरता के माहौल को हवा मिलेगी कि नरेंद्र मोदी सरकार का प्रशासन पर से नियंत्रण खत्म हो रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग, खुफिया एजेंसियों और न्यायपालिका के अंदर से उन्हें संदेश मिल रहे हैं, जिसका सार है कि सिस्टम पर कंट्रोल ढह रहा है। गांधी ने दावा किया कि ऊंचे पदों पर बैठे लोग चुनाव प्रक्रिया पर लोगों में बढ़े अविश्वास और आर्थिक दिक्कतों के कारण संभावित जन प्रतिक्रिया को लेकर चिंतित हैं। कांग्रेस नेता यह कहने की हद तक चले गए कि साल भर के अंदर या तो मोदी सरकार गिर जाएगी या संभव है कि वह इमरजेंसी लगाने जैसे कदम उठा ले! नेता विपक्ष ने यह सनसनीखेज बयान उस वक्त दिया है, जब गहराते आर्थिक एवं वित्तीय संकट को लेकर चिंता बढ़ रही है, परीक्षा व्यवस्था में जाहिर हुई गड़बड़ियों से युवा वर्ग नाराज है, तथा इन हालात के प्रतिक्रिया स्वरूप सोशल मीडिया पर उभरी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार से सड़क पर उतरने का इरादा जताया है। बुधवार को सीजेपी की पहली प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया का खूब जमावड़ा लगा। शनिवार को प्रस्तावित उसके विरोध प्रदर्शन को कई मशहूर शख्सियतों का समर्थन मिला है। ये परिघटना अपने- आप में समाज खासकर नौजवानों में गहराए असंतोष का संकेत है। इसके बीच विपक्ष के नेता का यह कहना कि आ रही आर्थिक सुनामी को रोकना अब संभव नहीं है और प्रशासनिक तौर पर देश फ़ फुल कंट्रोल से आउट ऑफ कंट्रोल फ़ के दौर में जा रहा है, देश के निकट एवं मध्यकालिक भविष्य को लेकर नई आशंकाओं को जन्म देगा। ऐसे हालात बनने का एक बड़ा कारण सत्ता पक्ष की तरफ हर विरोध और असहमति के प्रति अपनाई गई असहनशीलता है। इससे राजनीति एवं समाज के स्तर पर असहमत खेमों के बीच संवाद टूटा हुआ है। बहरहाल, अब हालात बेहद चिंताजनक रूप ले रहे हैं। अतः अपेक्षित है कि शासक दल संवाद के तार जोड़े। विपक्ष एवं असंतुष्ट समूहों को शिकायतों के निवारण के प्रति आश्वस्त कर ही बढ़ते अविश्वास पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

# भारत के विकास का आधार: आधारभूत संरचना


**हरदीप सिंह पुरी**

प्रपिछले एक दशक में, भारत ने परिवहन, आवास, जल, ऊर्जा, रसद और डिजिटल नेटवर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में ढ़ांचागत निर्माण में नई रफ्तार हासिल की है। बड़े पैमाने पर किए गए निवेशों से आवागमन में सुधार हुआ है, सेवा वितरण मजबूत हुआ है, डिजिटल पहुंच व्यापक हुई है और विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिला है। प्रगति, पीएम गतिशक्ति, राष्ट्रीय रसद नीति, सागरमाला, पीएम-वानी, जल जीवन मिशन और उड़ान जैसी एकीकृत नियोजन पहलों ने एक जुड़े हुए और प्रतिस्पर्धी भारत की परिकल्पना को आकार दिया है। इन पहलों ने प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाया है और भारत को एक आधुनिक और एकीकृत अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर होने में सहयोग दिया है।

राष्ट्र निर्माण के साधन के रूप में आधारभूत संरचना

आधारभूत संरचना आज पूरे देश में रोजमर्रा की जिंदगी और अनुभवों को आकार देती है। सड़कें, रेलवे, हवाई अड्डे, डिजिटल नेटवर्क, आवास, जल आपूर्ति और स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों ने ज़रुरी सेवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है। इन प्रणालियों ने लोगों के यात्रा करने, डिजिटल रूप से जुड़ने और आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने के तरीके को भी प्रभावित किया है। 2014 के बाद से, आधारभूत संरचना विकास तेजी से व्यापकता, एकीकरण और दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर केंद्रित हो गया है।

इस अवधि के दौरान एक बड़ा बदलाव आधारभूत संरचना नियोजन का एकीकरण था, जो पहले की खंडित परियोजना क्रियान्वयन की प्रथा के उलट था। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2014-15 में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह सभी क्षेत्रों में दीर्घकालिक ढ़ांचागत निर्माण पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है। सागरमाला, भारतमाला, पीएम गतिशक्ति, पीएमएवाई, जल जीवन मिशन, पीएम उज्ज्वला योजना और उड़ान जैसी प्रमुख परियोजनाओं ने अवसंरचना तक पहुंच का विस्तार किया। इन पहलों ने ढ़ांचागत विकास को घरेलू कल्याण, आर्थिक अवसर और क्षेत्रीय विकास से जोड़ा।




गतिशीलता और संपर्क

परिवहन नेटवर्क आर्थिक एकीकरण की रीढ़ की हड्डी हैं। राजमार्गों और रेल मार्गों से लेकर हवाई अड्डों, जलमार्गों और शहरी परिवहन प्रणालियों तक, परिवहन के विभिन्न साधनों में किए गए निवेश ने संपर्क को और मजबूत किया है। ये नेटवर्क मिलकर एक अधिक सुगम और एकीकृत गतिशील तंत्र का निर्माण कर रहे हैं।

**रेलवे**

भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे में 2014 से व्यापक परिवर्तन हुए हैं, जिससे परिचालन में क्षमता, दक्षता, सुरक्षा और सेवा वितरण में सुधार हुआ है। बजटीय सहायता 2014-15 में लगभग ?32,000 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में ?2.78 लाख करोड़ हो गई, जो लगभग नौ गुना वृद्धि है।

विद्युतीकरण में तेजी से प्रगति हुई है, जो 2014 से पहले लगभग 20त्न नेटवर्क से बढ़कर मार्च 2026 तक 99.6त्न हो गया। कुल 69,873 किलोमीटर मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है, जिससे ऊर्जा दक्षता में सुधार हुआ है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हुई है। इस परिवर्तन से परिचालन लागत में भी कमी आई है और पर्यावरण के अनुकूल रेलवे संचालन को बढ़ावा मिला है।

भारत की स्वदेशी वंदे भारत ट्रेनें बेहतर गति, आराम और ऑनबोर्ड तकनीक प्रदान करके आधुनिक रेल यात्रा को और भी बेहतर बनाती हैं। अप्रैल 2026 तक, देश भर में 162 वंदे भारत सेवाएं परिचालन में हैं। 16 और 20 कोच वाली अधिक क्षमता वाली ट्रेनों से यात्रियों की सुविधा और आवागमन में सुधार हो रहा है। जनवरी 2026 में शुरू हुई वंदे भारत स्लीपर में पहले तीन महीनों में 119 ट्रिप में 1.21 लाख यात्रियों ने सफर किया, जिसमें 100त्न सीटें भरी रहीं। भारतीय रेलवे ने अमृत भारत एक्सप्रेस के ज़रिए किफायती लंबी दूरी की यात्रा को भी बढ़ावा दिया है। कुल 60 ट्रेन सेवाएं अब चालू हैं, जिससे निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए संपर्क और यात्री सुविधा में सुधार हुआ है।

भारत मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) कॉरिडोर के साथ अपने हाई-स्पीड रेल बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ा रहा है, जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है। 508 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर को 320 किमी प्रति घंटे तक की गति से चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह उन्नत रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और ट्रेन नियंत्रण प्रणालियों द्वारा समर्थित है। केंद्रीय बजट 2026-27 में देश भर में सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की योजनाओं की भी घोषणा की गई।

अमृत भारत स्टेशन योजना (2023) रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए शुरू की गई थी। इस योजना के तहत, चिन्हित 1,338 स्टेशनों में से 208 स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य पूरा किया गया। सुरक्षा प्रणालियों और परिचालन उन्नयन ने रेलवे नेटवर्क में विश्वसनीयता को भी मजबूत किया। ट्रेनों की समयबद्धता 77त्न से अधिक हो गई, जिसमें 24 डिवीजनों ने 90त्न से अधिक समय पर चलने का प्रदर्शन हासिल किया।

भारत की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच के ज़रिए रेल सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। यह तकनीक ट्रेनों की गति पर नज़र रखती है और टक्करों और असुरक्षित संचालन को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगाती है। कवच प्रणाली को 3,103 किलोमीटर मार्ग पर लागू किया जा चुका है, जबकि प्रमुख गलियारों में 24,427 किलोमीटर मार्ग पर इसका कार्यान्वयन जारी है। यह प्रणाली 4,277 लोकोमोटिव पर भी स्थापित की जा चुकी है और 8,979 लोकोमोटिव पर कार्य प्रगति पर है। कवच संस्करण 4.0 को दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-हावड़ा और प्रयागराज-कानपुर जैसे प्रमुख मार्गों पर चालू कर दिया गया है। परिणामस्वरूप, ट्रेन दुर्घटनाएं 2014-15 में 135 से घटकर 2025-26 में 16 रह गईं। समर्पित कार्गो अवसंरचना और मल्टीमॉडल प्रणालियों के माध्यम से माल ढुलाई और लॉजिस्टिक्स एकीकरण में भी सुधार हुआ है। पीएम गति शक्ति योजना के तहत, 139 टर्मिनल चालू हो गए हैं, जबकि 300 अतिरिक्त स्थानों के विकास को मंजूरी दी गई है। इन टर्मिनलों ने कार्गो हैंडलिंग दक्षता को बढ़ाया है, पारगमन में देरी को कम किया है और विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला संपर्क को मजबूत किया है। प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं ने दुर्गम भूभागों और रणनीतिक क्षेत्रों में संपर्क को मजबूत किया है।

**चेनाब पुल ( 2025 ):** चेनाब नदी से 359 मीटर ऊपर स्थित, यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे मेहराब पुल है। 1,315 मीटर लंबी यह स्टील से बना पुल तेज हवाओं और भूकंपीय स्थितियों का सामना करने के लिए निर्मित है। यह पुल जम्मू और श्रीनगर के बीच संपर्क को मजबूत करता है और यात्रा के समय को कम करता है। अंजी खड़ पुल (2025)= अंजी खड़ पुल जम्मू और कश्मीर में भारत का पहला केबल-स्टे रेलवे पुल है। यह पुल क्षेत्र में आवागमन, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है।

**पंबन पुल ( 2025 ):** भारत का पहला वर्टिकल-लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल उन्नत तटीय इंजीनियरिंग के ज़रिए रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ता है। 2.07 किमी लंबे इस पुल में निर्बाध रेलवे और समुद्री आवागमन के लिए 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है। बैराबी-सैरांग (2025): 51.38 किमी लंबी इस रेलवे लाइन ने चुनौतीपूर्ण पहाड़ी इलाकों से गुजरते हुए मिजोरम तक रेल संपर्क को मजबूत किया है। यह परियोजना 45 सुरंगों से होकर गुजरती है और पूर्वोत्तर के लिए एक महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक उपलब्धि है।

**सड़कें और राजमार्ग**

साल 2014 से भारत के सड़क नेटवर्क में कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों और आर्थिक गलियारों में संपर्क बेहतर हुआ है। 63.73 लाख किमी के साथ, भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क वाला देश है।

# सहूलियत, सम्मान और सेहत... हर घर नल से बदली जिंदगी

**कमलेश साहू**

पर दिख रही थी। जल जीवन मिशन दूरस्थ गांवों और वनांचलों की महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। आधी आबादी के एक बड़े हिस्से को पीने के पानी के लिए रोज जूझना पड़ता था। खासतौर से गर्मियों के दिनों में जब हर साल सिर पर पानी के बर्तन का सफर कुछ सौ मीटरों से कुछ किलोमीटरों में बदल जाता था। जीवन के लिए अनिवार्य जरुरत पानी की व्यवस्था गर्मियों में महिलाओं का जीवन दुष्कर बना देती थी। दुगनपाल में भी महिलाओं को रोज गांव के हैंडपंप या कुआं पर जाकर घर के सभी लोगों के लिए पानी का इंतजाम करना पड़ता था। घर में नल लग जाने से अब इस समस्या से निजात मिल गई है। जल जीवन मिशन के काम जैसे-जैसे पूरे होते जा रहे हैं, महिलाओं की बाहर से पानी लाने की चिंता और तकलीफ दूर होते जा रहे हैं।

रोज सुबह उठते ही घर में नल से साफ पानी आते देखने की खुशी क्या होती है, इसे कमली से पूछिए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव को अपने आंगन में लगे नल से आ रहे पानी की धार को दिखाते खुशी से उनकी आंखें डबडबा गईं। जल जीवन मिशन ने कमली जैसी हजारों महिलाओं को अमूल्य खुशियां दी हैं। कभी पीने और निस्तारी के पानी के लिए दिनभर चिंतित रहने वाली इन महिलाओं का जीवन घर में लगे नल ने बदल दिया है।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव अपने चार दिनों के बस्तर प्रवास के दौरान जल जीवन मिशन का काम देखने कमली के भी गांव पहुंचे। कमली के गांव बस्तर जिले के तोकापाल विकासखण्ड के दुगनपाल में उन्होंने कुछ और घरों में भी जाकर नल से पानी आते देखा। जल जीवन मिशन से घर में पानी पहुंचने की खुशी सभी महिलाओं के चेहरे पर दिख रही थी।

जल जीवन मिशन दूरस्थ गांवों और वनांचलों की महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। आधी आबादी के एक बड़े हिस्से को पीने के पानी के लिए रोज जूझना पड़ता था। खासतौर से गर्मियों के दिनों में जब हर साल सिर पर पानी के बर्तन का सफर कुछ सौ मीटरों से कुछ किलोमीटरों में बदल जाता था। जीवन के लिए अनिवार्य जरुरत पानी की व्यवस्था गर्मियों में महिलाओं का जीवन दुष्कर बना देती थी। दुगनपाल में भी महिलाओं को रोज गांव के हैंडपंप या कुआं पर जाकर घर के सभी लोगों के लिए पानी का इंतजाम करना पड़ता था। घर में नल लग जाने से अब इस समस्या से निजात मिल गई है। जल जीवन मिशन के काम जैसे-जैसे पूरे होते जा रहे हैं, महिलाओं की बाहर से पानी लाने की चिंता और तकलीफ दूर होते जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में अब तक साढ़े आठ हजार से अधिक योजनाओं को पूर्ण कर संचालन के लिए पंचायतों को सौंपा जा चुका है।

जल जीवन मिशन महज हर घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना नहीं है। यह महिलाओं की दिनचर्या और जीवन में भी बड़ा बदलाव ला रहा है। गांवों में परंपरागत रूप से घर में पेयजल और अन्य जरूरतों के लिए पानी के इंतजाम का जिम्मा महिलाओं पर ही है। घर तक पानी की पहुंच न होने के कारण उन्हें हैंडपंपो, सार्वजनिक नलों, कुंओं या अन्य स्त्रोतों से रोज पूरे परिवार के लिए जल संग्रहण करना पड़ता है। रोजाना का यह श्रमसाध्य और समयसाध्य काम बारिश तथा भीषण गर्मी के दिनों में और कठिन हो जाता है। कई इलाकों में गर्मियों में जलस्त्रोतों के सूख जाने के कारण दूर-दूर से पानी लाने की मजबूरी रहती है। परिवार के लिए पानी की व्यवस्था हर दिन का संघर्ष बन जाता है। महिलाओं के दिन के कई घंटे इसी काम में निकल जाते हैं। जल जीवन मिशन हर घर तक नल से जल पहुंचाने के साथ ही महिलाओं को कई समस्याओं से निजात दिला रहा है। घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचने से वे कई चिंताओं से मुक्त हो गई हैं। अब रोज-रोज पानी के लिए बहुत सारा श्रम और समय नहीं लगाना पड़ता। इससे उन्हें घर के दूसरे कामों, बच्चों की परवरिश, खेती-बाड़ी एवं आजीविका के अन्य कार्यों के लिए अधिक समय मिल रहा है और वे इन कार्यों पर अपना ज्यादा ध्यान व समय दे पा रही हैं।

जल जीवन मिशन से बारहों महीने घर पर ही जलापूर्ति से लगातार बारिश तथा गर्मी के दिनों में बाहर से पानी लाने की मुसीबत दूर हो गई है। गर्मियों में जलस्तर के नीचे चले जाने से तथा बरसात में लगातार बारिश से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। गुणवत्ताहीन पेयजल से पेट तथा निस्तारी के लिए खराब जल के उपयोग से त्वचा संबंधी रोगों का खतरा रहता है। जल जीवन मिशन ने सेहत के इन खतरों को भी दूर कर दिया है।

# सनातन व नारी सम्मान पर बड़ी लकीर खींचते योगी आदित्यनाथ

**मृत्युंजय दीक्षित**

मुख्यमंत्री योगी बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पवान हैं। वह कई जनसभाओं मे अपना मंतव्य स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर किसी ने बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया तो अगले चैराहे पर उसका इंतजार यमराज कर रहा होगा। योगी जी के बयानों का असर धरातल पर भी दिखाई पड़ता है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजनीति से ऊपर उठकर सनातन धर्म तथा स्त्री गरिमा तथा सम्मान के हित में बड़ी रेखाएं खींच रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी के प्रति सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने केआदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गयी है। मुख्यमंत्री ने सख्ती के साथ कहा है कि किसी भी बेटी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए हर बेटी का सम्मान होना चाहिए। हम उन संस्कारों में पले -बढ़े हैं जहां गांव की बेटी-बहन को पूरे गांव की बेटी -बहन माना जाता है।

मुख्यमंत्री योगी बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पवान हैं। वह कई जनसभाओं मे अपना मंतव्य स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर किसी ने बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया तो अगले चैराहे पर उसका इंतजार यमराज कर रहा होगा। योगी जी के बयानों का असर धरातल पर भी दिखाई पड़ता है। बेटियों के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही हो रही है। आरोपियों का हाफ एनकाउंटर हो रहा है तथा आवश्यकता पड़ने पर बुलडोजर एक्शन भी हो रहे हैं। प्रदेश में नारी समाज को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तीकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी पर टिप्पणी करने वालों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रवैया दिखाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बुने जा रहे चक्रव्यूह को एक ही झटके में ध्वस्त कर दिया है। सपा मुखिया अखिलेश की बेटी अदिति पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री योगी ने जो एक्शन लिया है उसने इस दुखद घटना पर बनाए जा रहे सपा के राजनैतिक नैरेटिव को ध्वस्त कर दिया है। जब सोशल मीडिया के माध्यम से यह विवाद बड़े राजनीतिक तूफान में बदल रहा था और सपा योगी जी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह कहकर घेरने का प्रयास कर रही थी कि, जिनका खुद का परिवार नहीं वो परिवार का दर्द क्या समझेंगे तब योगी जी इस घटना के जिम्मेदार लोगों को ढूंढ रहे थे। योगी जी ने अपराधियों पर तुरंत एफआईआर कराने के निर्देश जारी करते हुए कहा कि वह किसी भी बेटी क्यों न हो बेटी पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं है।

यूपी चुनाव से पहले योगी आदित्यनाथ ने अपने इस कदम से सिद्ध कर दिया है कि महिला सुरक्षा और सम्मान के मामले में उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के काम करती है। इससे सपा मुखिया रक्षात्मक रुख अपनाने को बाध्य हो गए हैं। अब भाजपा सपा के पुराने बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट्स को लेकर उस पर हमलावर है। जो मुद्दा सरकार को घेरने के लिए तैयार किया जा रहा था उस पर योगी जी की प्रशासनिक और राजनीतिक सूझबूझ का बुलडोजर चल गया है। समाजवादी पूर्व में कई बार नारी सम्मान व उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली बयानबाजी करते रहे हैं। स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने एक बार कहा था कि लड़के हैं गलतियां हो जाती हैं। सपा के कद्दावर नेता माने जाने वाले आजम खां जैसे नेता तो कई बार महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। मायावती जी पर तो सपाइयों ने हमला ही बोल दिया था।

स्वामी अशोक भटनागर, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ब्यास मुनि द्विवेदी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्रा. लि. पीएनबी बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं एलआईजी 93 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, धनसुली, नरदहा, रायपुर छत्तीसगढ़ से प्रकाशित प्रबंध संपादक- आशीष मिश्रा (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन नं. 0771-4000600

# आज का राशिफल

**मेष राशि:** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है।

**वृष राशि:** आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। सुबह-सुबह व्यायाम करने से सेहत अच्छी बनी रहेगी। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन राशि:** आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। आज रुका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा।

**कर्क राशि:** आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात काबू में रखें., फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे।

**सिंह राशि:** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे।

**कन्या राशि:** आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है।

**तुला राशि:** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगे तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नति का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगे। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। किसी पर तुरंत भरोसा न करें, वरना कोई आपके सीधेपन का फायदा उठा सकता है।

**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक और चुम्बकीय व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा। आज दूर का कोई रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकता है, जिससे पूरे घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा।

**मकर राशि:** आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगे। पुरानी टेंशन आज खत्म होगी। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नाकामयाब कोशिश कर सकता है। छात्रों को आज प्रोजेक्ट पूरा करने में बड़ी बहन का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ राशि:** आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। नवविवाहित दंपत्ति को किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। वहां किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी। नए व्यापार में माता-पिता की राय कारगर रहेगी। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। बाहर रहकर पढ़ रहे छात्रों को बड़ी सफलता मिल सकती है। लवमेट एक-दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।

**मीन राशि:** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। सेहत पहले से बेहतर रहेगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीजें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा। किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

# शब्द कौतुक

## सू- दोकू क्र.073

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.072 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# सुडुको

## शब्द सामर्थ्य -073

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 072 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## संक्षिप्त समाचार

### गौ सेवा और रक्तदान में योगदान पर सन्मय श्रीवास्तव बने 'यातायात पुलिस मित्र'

**राजनांदगांव।** गौ सेवा, रक्तदान और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले बजरंग दल के गौ सेवक सन्मय श्रीवास्तव को राजनांदगांव पुलिस ने 'यातायात पुलिस मित्र' के रूप में सम्मानित किया है। यह सम्मान पुलिस विभाग के जन-जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम 'पहल' के अंतर्गत प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में थाना बसंतपुर प्रभारी एमन साहू ने सन्मय श्रीवास्तव को सम्मानित करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सन्मय श्रीवास्तव और उनके साथ जुड़े बजरंग दल के कई कार्यकर्ता पिछले 5 से 6 वर्षों से शहर में निःस्वार्थ भाव से गौ सेवा कर रहे हैं। घायल गौवंश के उपचार, उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने, चारा-पानी की व्यवस्था करने और गौ संरक्षण से जुड़े कार्यों में उनकी टीम लगातार सक्रिय रहती है। इसके अलावा रक्तदान शिविरों और अन्य सामाजिक गतिविधियों में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि समाजहित में कार्य करने वाले युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान करने से अन्य लोगों को भी जनसेवा और सहयोग के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल सन्मय श्रीवास्तव का नहीं, बल्कि उन सभी गौ सेवकों और बजरंग दल कार्यकर्ताओं का सम्मान है, जो वर्षों से सेवा और जनकल्याण के कार्यों में समर्पित भाव से जुटे हुए हैं।



### राजेन्द्र पार्क में 18 जून से तीन दिवसीय भव्य छायाचित्र प्रदर्शनी

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के सफल और गौरवशाली कार्यकाल के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के, कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, आम जनता को सरकार की नीतियों, विकास कार्यों और उपलब्धियों से रू-ब-रू कराने के उद्देश्य से राजेन्द्र पार्क दुर्ग में भव्य तीन दिवसीय छायाचित्र (फोटो) प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 18 जून 2026 से 20 जून 2026 तक आयोजित है। प्रदर्शनी का शुभारंभ अपराह्न 04 बजे किया जाएगा। इस विशेष छायाचित्र प्रदर्शनी में सरकार द्वारा विगत वर्षों में देश व प्रदेश के विकास और समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए चलाई जा रही प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं को आकर्षक चित्रों व जीवंत वृत्तांतों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसी मील का पत्थर साबित होने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके सफल हितग्राहियों की प्रेरक कहानियों को रेखांकित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और विगत 12 वर्षों में हुए उल्लेखनीय व ऐतिहासिक कार्यों की झलक दिखाना है। जिले के सभी नागरिकों, प्रबुद्धजनों और छात्र-छात्राओं से इस तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने और शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की अपील की गई है।

### परमवीर ने तय किया बेरोजगारी से स्वरोजगार तक का एक प्रेरणादायक सफर

**दुर्ग।** दृढ़ संकल्प, सही मार्गदर्शन और सरकारी योजना का सहयोग किसी भी व्यक्ति के जीवन को नई दिशा दे सकता है। इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं दुर्ग जिले के सुंदर नगर, भिलाई निवासी श्री परमवीर सिंह, जिन्होंने बेरोजगारी की चुनौतियों का सामना करते हुए आज एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उद्योग स्थापना से पहले परमवीर सिंह रोजगार की तलाश में भटक रहे थे ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके, लेकिन लगातार प्रयासों के बावजूद जब सफलता नहीं मिली, तो उन्होंने हार मानने के बजाय स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का साहसिक निर्णय लिया। इसी दौरान उन्हें जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग तथा डी.आर.पी. के सहयोग से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने तेल निर्माण इकाई स्थापित करने का संकल्प लिया। उनके इस आत्मविश्वास को तब बड़ी उड़ान मिली जब उन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत केनरा बैंक, भिलाई से 3 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिसमें 35 प्रतिशत शासकीय अनुदान के रूप में 1 लाख 5 हजार रुपये की भारी सहायता भी शामिल थी। इसके साथ ही विभाग द्वारा उन्हें विपणन कला, पैकेजिंग और ब्रांडिंग का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिसने उनके उत्पादों को बाजार में स्थापित करने की नींव रखी। इस वित्तीय और तकनीकी सहायता से परमवीर सिंह ने परम इंटरप्राइजेस नाम से अपनी फर्म का पंजीयन कराया और सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल तथा नारियल के शुद्ध तेल का निर्माण एवं विक्रय शुरू किया। अपनी बेहतरीन गुणवत्ता के दम पर आज उनके उत्पादों की मांग स्थानीय बाजार से लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों तक तेजी से बढ़ चुकी है। वर्तमान में वे इस व्यवसाय से प्रतिमाह लगभग 23 हजार रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर रहे हैं और स्वयं आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ दो अन्य स्थानीय युवाओं को भी अपने उद्यम में रोजगार देकर आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उनकी यह सफलता आज प्रदेश के उन तमाम युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन चुकी है जो नौकरी की तलाश छोड़कर खुद का मुकाम हासिल करना चाहते हैं।



## भिलाई निगम आयुक्त का निरीक्षण, विकास कार्यों में तेजी और अवैध निर्माण पर सख्ती के निर्देश



(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आकांक्षी शौचालय, सार्वजनिक शौचालय, पुल निर्माण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध निर्माण और सड़क पर निर्माण सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। आयुक्त ने पावर हाउस छावनी थाना के सामने स्थित लाल मैदान का निरीक्षण किया और आवश्यक सुझाव दिये। इसके बाद फल मंडी क्षेत्र में पूर्व से निर्मित शौचालय की स्थिति का जायजा लेते हुए साफ-सफाई बनाए रखने, नलों में टोटी लगाने तथा पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए। शौचालय परिसर के समीप नव निर्मित भवन का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जवाहर मार्केट में नागरिकों और व्यापारियों की सुविधा के लिए बनाए गए सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने कहा गया। वहीं टाटा लाइन रोड के समीप नाली पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिल सके। आयुक्त ने सड़क पर भवन निर्माण सामग्री रखकर यातायात बाधित करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा वार्डों में नालियों के ऊपर स्लैब डालकर किए गए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए ऐसे सभी स्लैब हटाने और तोड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि नालियों पर स्लैब होने से सफाई कार्य प्रभावित होता है और जल निकासी व्यवस्था बाधित होती है। सूर्या नगर कैम्प-2 में निर्माणाधीन आधुनिक शौचालय तथा वार्ड-36 श्याम नगर स्थित महिला शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने दोनों स्थलों पर कार्यों को शीघ्र पूरा करने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम पर निगम की नजर बंद मिलने पर निगम करेगा कार्यवाही

## आयुक्त के निर्देश पर रिसाली में किया जा रहा सर्वे

(लोकमाया न्यूज)।

**रिसाली।** आवासों और व्यावसायिक परिसर में बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की निगम जांच करेगा। वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद या फिर कंडम होने पर नगर पालिक निगम रिसाली प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही करेगा। इसके लिए आयुक्त मोनिका वर्मा न केवल टीम का गठन की है, बल्कि सूची के आधार पर जल संरक्षण के लिए बनाए सोक पिट का सत्यापन भी करा रही है।

नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्धारित माप दण्डों पर तैयार वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का सत्यापन करने का निर्देश दी है। आयुक्त ने बताया कि वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद या फिर कंडम मिलने पर नियमानुसार वे कार्यवाही भी करेंगी। उन्होंने ने बताया कि वर्तमान समय में शासन लगातार जल संरक्षण को लेकर गंभीर है। शासन के निर्देश पर ही पूरे क्षेत्र में




वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच की जा रही है। भवन निर्माण के समय सशर्त दी गई अनुज्ञप्ति के अनुसार जल संरक्षण के लिए कदम उठाया जाना निर्धारित है। अगर किसी प्रकार की कोताही बर्ती गई तो पहले समझाइश दी जाएगी अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि घर अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थल पर बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बारिश के पूर्व सभी संधारित कर लें।

**क्यों आवश्यक है-**

वर्तमान समय में भूमिगत जल स्रोत लगातार गिरते जा रहा है। पेयजल अथवा निस्तारी के लिए पानी की आपूर्ति करना एक चुनौति के रूप में सामने खड़ा हुआ है। यही वजह है कि आने वाले समय में पेयजल बाधित न हो इसके लिए बारिश के पानी को संरक्षित कर भूमिगत जल के स्रोत को बढ़ाने देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत घर अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक जगहों पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है।

**बारिश के पूर्व करें सफाई**

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि नागरिकों द्वारा बनाए घरों अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की सफाई कर उसे चालू करना बेहद आसान है। उन्होंने ने बताया कि आमतौर पर दो स्तर पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया गया है। पहला बारिश के पानी को सीधे तौर पर बोर अथवा कुंआ में डालकर संरक्षित किया जाता है। वहीं दूसरी पद्धति में बारिश के पानी को भूमिगत करने सिस्टम तैयार किया जाता है। इस प्रणाली में मिट्टी, गिट्टी, रेत व चारकोल का उपयोग किया जाता है। छः माह से अधिक समय होने पर नागरिक चारकोल के ऊपर बिछाए जाली को पहले साफ करे, इसके बाद बारिश के पानी को सिस्टम तक लाने बिछाए गए पाइप लाइन सफाई कर उपरी सतह पर जमे मिट्टी को हटा दे। इससे सिस्टम बारिश में अच्छे से काम करता है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर भिलाई निगम की कार्रवाई, नंदिनी रोड से अवैध कब्जा हटाया

(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जोन-4 शिवाजी नगर क्षेत्र के नंदिनी रोड स्थित ग्रुप-ए भूखंड क्रमांक-2 के पूर्व दिशा में किए गए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा संरचना के विध्वंस संबंधी पारित आदेश के पालन में की गई। जानकारी के अनुसार उक्त स्थल पर उत्पल घोष द्वारा आवागमन बाधित कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। निगम प्रशासन ने 11 जून 2026 को बेदखली की कार्रवाई शुरू की थी, लेकिन उस दौरान कब्जाधारी द्वारा स्वयं अवैध निर्माण हटाने के लिए 24 घंटे का अतिरिक्त समय मांगा गया। मांग को देखते हुए निगम ने कार्रवाई स्थगित कर दी थी। हालांकि निर्धारित समय सीमा



समाप्त होने के बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद बुधवार 17 जून 2026 को निगम प्रशासन ने दोबारा सख्त कार्रवाई करते हुए जोन-4 राजस्व विभाग, बेदखली दल और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटाया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों एवं शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित करते हुए आगे भी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा तथा निगम अमले ने पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। निगम प्रशासन ने नागरिकों से सार्वजनिक भूमि एवं मार्गों पर अतिक्रमण नहीं करने तथा नियमों का पालन करने की अपील की है।

## श्री अजय भसीन स्वावलंबी भारत अभियान के छत्तीसगढ़ प्रदेश सह समन्वयक नियुक्त

(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाई।** स्वदेशी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्वावलंबी भारत अभियान के लिए श्री अजय भसीन को प्रदेश सह समन्वयक नियुक्त किया गया है। यह घोषणा क्षेत्रीय विचार वर्ग में क्षेत्रीय संयोजक श्री सुधीर दाते जी ने की। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि श्री भसीन के अनुभव, संगठन क्षमता एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से स्वावलंबी भारत अभियान की गतिविधियों



को नई गति मिलेगी। प्रदेश सह समन्वयक के रूप में अजय भसीन प्रदेश भर में स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन, रोजगार सृजन, स्थानीय उद्यमों के संवर्धन तथा स्वावलंबी भारत के उद्देश्य को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे।

संगठन के पदाधिकारियों ने श्री भसीन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के विचार को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त होगा। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

## शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय को यथास्थान रखने पटरीपार वासियों ने लगायी गुहार

# गांव में अवैध निर्माण और अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने आवेदन सौंपे ग्रामीण





### कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त हुए 135 आवेदन

(लोकमाया न्यूज)।

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती सिल्ली थॉमस ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने आवेदन मार्क किया। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 135 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनदर्शन में दुर्ग नगर के पटरीपार सिकोला भाठा, सिकोला बस्ती, जवाहर नगर, शक्ति नगर क्षेत्र के रहवासी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय को यथास्थान रखने संबंधी आवेदन सौंपे। अपर कलेक्टर ने सीएमएचओ दुर्ग को आवेदन मार्क कर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये। प्रगति नगर रिसाली वार्ड-22 के नागरिकों ने अधूरी नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कराने आवेदन प्रस्तुत किये। स्मृति नगर भिलाई के लोगों ने बंद भारतम पार्क को अतिक्रमण मुक्त कराने आवेदन प्रस्तुत किये। अपर कलेक्टर ने संबंधित नगर निगम आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही के लिए आवेदन मार्क किये। वार्ड-25 जवाहर नगर भिलाई के निवासियों ने जवाहर विद्यालय के सामने सड़क मरम्मत करवाने की फरियाद की। रिसाली के श्रीमती भोज ठाकुर ने छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना अंतर्गत चौथी कक्षा में अध्ययनरत पुत्र सयुष ठाकुर को आर्थिक सहायता की अगली किश्त राशि प्रदान कराने की मांग की। अपर कलेक्टर ने आवश्यक पहल हेतु आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को मार्क किया। ग्राम कचान्दुर के किसानों ने राईस मिलर्स द्वारा रास्ते में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण करने पर मार्ग बाधित होने की शिकायत की है। उन्होंने आवागमन हेतु रास्ता दिलाने आवेदन प्रस्तुत किये। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। भिलाई सेक्टर-07 वार्ड-67 के निवासियों ने भिलाई में पीलिया रोग के बढ़ते प्रकोप को रोकने गुहार लगायी। अपर कलेक्टर ने सीएमएचओ दुर्ग को क्षेत्र में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिले के धमधा तहसील अंतर्गत ग्राम बिरोंदा के समस्त ग्रामवासियों ने ग्राम में अवैध निर्माण और अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने अपनी आवेदन प्रस्तुत किये। अपर कलेक्टर ने राजस्व और आबकारी विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों की मांग पर आवश्यक कार्यवाही कर रोक लगाने हेतु पहल करने निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर निगम, खाद्य एवं अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## संस्कार सिटी के 3 एनसीसी कैडेट्स का ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप के लिए चयन



(लोकमाया न्यूज)।

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के तीन एनसीसी कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा और अनुशासन के दम पर राष्ट्रीय स्तर के ट्रैकिंग कैंप में जगह बनाई है। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का चयन अखिल भारतीय ट्रैकिंग अभियान एमपी एवं सीजी ट्रैक-3 अमरकंटक के लिए किया गया है। यह कैंप 17 जून से 24 जून 2026 तक अमरकंटक की पहाड़ियों में आयोजित होगा। एनसीसी के इस प्रतिष्ठित अभियान के लिए चयन 38 सीजी बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित एटीसी-123 कैंप में कैडेट्स के अनुशासन, शारीरिक दक्षता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। चयनित कैडेट्स में नागेश निषाद (कक्षा 10वीं), यशदीप चौहान (कक्षा 9वीं) और प्रियांशु नाग (कक्षा 9वीं) शामिल हैं। तीनों विद्यार्थी अब राष्ट्रीय स्तर के इस साहसिक अभियान में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक अतुल देशलहरा एवं आदित्य अग्रवाल तथा प्राचार्या रेखा तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का अवसर है कि यहां के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के अभियान में शामिल होकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, साहस, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करना है। अभियान के दौरान कैडेट्स प्राकृतिक वातावरण में विभिन्न चुनौतीपूर्ण गतिविधियों में हिस्सा लेकर नए अनुभव हासिल करेंगे। विद्यालय परिवार ने तीनों एनसीसी कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल अभियान और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# साइबर ठगी में प्रयुक्त म्यूल बैंक खाते उपलब्ध कराकर अवैध धन अर्जित करने वाले 06 आरोपी गिरफ्तार

### म्यूल अकाउंट पर दुर्ग पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी

### न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल

(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाई।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल एवं पुलिस मुख्यालय से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना उतई क्षेत्रांतर्गत संचालित ड्ढह्यस्न्ष्ट स्न्द्बह्ल्ह्यह्र ड्डह्वठ्ठद्म के खातों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विभिन्न साइबर ठगी प्रकरणों में प्रयुक्त रकम कुछ संदिग्ध खातों में प्राप्त हुई थी, जो म्यूल खातों की श्रेणी में आते हैं।

जांच में यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 2024 से वर्ष 2026 के मध्य इन खातों के माध्यम से साइबर ठगी से प्राप्त राशि को प्राप्त कर अन्य खातों में स्थानांतरित एवं आहरित किया गया, जिससे अवैध आर्थिक लाभ अर्जित




किया गया। जांच उपरांत 30 संदिग्ध खाताधारकों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 246/2026 धारा 318(2), 318(3), 318(4) भारतीय न्याय संहिता (ड्ढहृस्) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान बैंक से प्राप्त केवाईसी, खाता विवरण एवं ट्रांजेक्शन स्टेटमेंट का परीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों के खातों में लाखों रुपये के अनाधिकृत लेन-देन पाए गए। आरोपियों की पहचान कर दिनांक 16.06.2026 को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपने बैंक खाते, पासबुक, एटीएम कार्ड एवं मोबाइल सिम अन्य व्यक्तियों को साइबर ठगी से संबंधित अवैध आर्थिक लेन-देन के लिए उपलब्ध कराना स्वीकार किया गया। इसके बदले उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ था। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल दुर्ग भेजा गया।

# अलग है ! दस्तूर, दफ्तरों की मेज़ का .,बिना चढ़ावे के यहाँ..हर फाइल है,बेनूर

## सिंचाई विभाग का कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार। बतौर (पेंशन )ग्रेजयुटी दिलाने के नाम पर मांगे थे 1 लाख रु। एसीबी ने ट्रैप किया ,रंगेहाथों पकड़ा भी।

लोकमाया न्यूज ।

**धमतरी ( सुनील शर्मा )।** ये रिश्वत नहीं.. सुविधा शुल्क है । 90फीसद लोग जो पब्लिक डिलिंग करते हैं , भ्रष्टाचार में लिप्त हैं ।जिनको मौका नहीं मिलता , वही ईमानदार है। सरकारी दफ्तरों वी कामकाज का यही कड़वा सच भी है। अमूनन हर छोटे -बड़े काम के लिए लोगों को जेबें ख़ाली करनी पड़ती है।दरअसल विद्युत यांत्रिकी विभाग में पदस्थ प्रोसेस मैन कर्मचारी लेकेश्वर उर्फ लकेश साहू को रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा। विभाग स्तर पर वह लिपिकीय काम की जिम्मेदारी संभाल रहा था। यह कार्रवाई इंस्पेक्टर मनीष तंबोली व टीम ने की। मामला विभाग में पदस्थ रहे हेल्पर स्वर्गीय संतोष सोनकर की 6.99 लाख की ग्रेच्युटी राशि से जुड़ा है। आरोप है , लेकेश्वर ने ग्रेच्युटी के बदले 20 फीसद यानी 1.40 लाख की मांग की थी।

गौरतलब है कि आखिर में 1.10 लाख पर यह डील तय हुई। स्व संतोष का पुत्र गुमान सिंह एसीबी (रायपुर)





के पास पहुंचा। रिश्वतखोरी की शिकायत की।योजना के तहत 17 जून को एसीबी की टीम धमतरी पहुंची ।गुमान से 500-500 रु के नोटों में 1 लाख रु मंगवाए गए। 50-50 हजार की 2 गड्डियां बनाई गईं। गुमान सिंह ने डेम-2 में पदस्थ प्रोसेस मैन लेकेश्वर से संपर्क किया। लेकेश्वर ने अपने घर आने कहा। एसीबी ने नोटों पर पाउडलगा दिया था। गुमान ने जैसे ही लेकेश्वर को 1 लाख रु दिए, इंस्पेक्टर तंबोली व उनकी टीम पहुँच गई ,रंगेहाथों पकड़ लिया। रिश्वतखोरी के आरोप में लेकेश्वर को हिरासत में लेकर गाड़ी में बिठाया स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस (रत्ना बांधा )लाया गया। यहां दोपहर 12 से 3.30 तक कार्रवाई चली। शिकायतकर्ता गुमान व लेकेश्वर साहू के बयान लिए गए। दोपहर 3.40 बजे लेकेश्वर को कोर्ट में पेश किया ।

### प्लानिंग ..रिश्वत लेते पकड़ाया

एसीबी इंस्पेक्टर मनीष तंबोली ने, बताया पीड़ित गुमान सिंह ने एंटी करप्शन ब्यूरो में लकेश्वर उर्फ लकेश साहू के खिलाफ शिकायत की थी। कहा कि वह उनसे काम के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। एसीबी की टीम ने इसकी पड़ताल की। फिर कार्रवाई की पूरी प्लानिंग की गई ।योजना के अनुसार गुमान सिंह ने लकेश के घर जाकर उसे 1 लाख रिश्वत के तौर पर दिए। जैसे ही यह लेन-देन हुआ, टीम ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### सजा हुई... तो जाएगी नौकरी

यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत की गई है। जिसके मुताबिक आरोपी 24 से 36 घंटे तक पुलिस रिमांड में रहता है, तो उसे विभागीय रूप से निलंबित कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अगर कोर्ट में उसका अपराध सिद्ध हो जाता है, और वह सजा के तौर पर जेल जाता है, तो उस पर नौकरी से बर्खास्तगी की गाज भी गिर सकती है। विद्युत यांत्रिकी विभाग के ई ई आर एस नेताम ने कहा, सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिली । विभाग डेम-2 में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है,लोकेश्वर । प्रोसेस मैन भी है । उसे एसीबी ने पकड़ा है।

### पित्त की ग्रेज्युटी निकालने मांगे पैसे.. परेशान किया-

शिकायतकर्ता गुमान सिंह सोनकर ने बताया विद्युत यांत्रिकी विभाग में मेरे पिता संतोष सोनकर हेल्पर थे। बीते साल निधन हो गया। उनकी ग्रेच्युटी निकालने 10 जून को जल संसाधन विभाग दफ्तर गया । वहां लकेश्वर ने ग्रेच्युटी निकालने के बदले 1.40 लाख रु की माँग की ।रकम ज्यादा है , कहने पर , उसने 1.10 लाख रु में मामला सैटल किया। बार-बार फोन पर रकम की डिमांड करता। यह जानकारी एसीबी को दी। खाते से 1 लाख रु निकाले। एसीबी ने रकम चिन्हित किया,पाउडर मिलाया। 500-500 रु नोट के बंडल बनाकर दिए। 17 जून को कर्मा नगर में लकेश्वर साहू के घर जाकर रुपए के बंडल हाथ में दिए। फिर पीछे से एसीबी टीम आई।रंगे हाथ पकड़ लिया। लकेश्वर का घर में आना-जाना था। रिश्वत मांगना गलत है, ऐसे लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण आवेदन 20 तक

**धमतरी।** लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में सुरक्षा गार्ड का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि इसके लिए इच्छुक युवक-युवतियां 20 जून तक सिविल कोर्ट के सामने स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में आवेदन कर सकते हैं। बीते दिनों 9 जून को प्लेसमेंट कैंप लगा।

### बिना गारंटी लोन, बदलेगा देगा भविष्य

**धमतरी।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना के तहत नगर निगम के सभाकक्ष में स्वनिधि महोत्सव हुआ। शुरुआत महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन के आतिथ्य में हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वित्तीय समावेशन से जोड़ना रहा।डिजिटल सशक्तिकरण पर फोकस करते हुए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि पीएम स्वनिधि सिर्फ ऋण योजना नहीं है। आत्मनिर्भरता बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जिम्मेदारी है। छोटे व्यापारियों को बिना परेशानी ऋण मिल रहा है। कारोबार बढ़ रहा है। आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। उन्होंने हितग्राहियों से योजना का ज्यादा लाभ लेने को कहा। डिजिटल लेन-देन अपनाने की अपील की।

**जीवन में आया बदलाव** - हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि के लाभ, ऋण सुविधा की प्रक्रिया, डिजिटल भुगतान के उपयोग की जानकारी दी गई।

# बिजली दर में बढ़ोत्तरी, कांग्रेस ने जताया विरोध

■ बिजली दर, स्मार्ट मीटर और खाद-बीज की कमी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन ।पुलिस से धक्का-मुक्की, बैरिकेड्स लांघ रहा युवक हुआ घायल।

लोकमाया न्यूज ।



**धमतरी।** प्रदेश में बिजली दरों में बढ़ोतरी, स्मार्ट मीटर को लेकर विवाद और खाद-बीज की कमी के खिलाफ कांग्रेस ने बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में किया गया।कार्यकर्ताओं ने बेरिकेड्स पार करने का प्रयास किया,पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई ।योगेश्वर साहू सुरक्षा के लिए लगाए 9 लेयर के बैरिकेडिंग के घेरे को लांघकर गेट के पास कूद गया। वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया ।इस दौरान युवक की आंख के पास ग्रिल के नुकीले लोहे से चोट आई। सिर के बल गिर पड़ा। राहत की बात यह है कि ग्रिल का नुकीला हिस्सा आंख में नहीं घुसा, अन्यथा गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।

प्रदर्शन से पहले दोपहर 12 बजे जनपद मोड़ के पास कांग्रेस ने सभा की। दीपक बैज ने कहा कि साय-मोदी की सरकार ने गरीब जनता को महंगाई की भट्ठी में झोंक दिया है। लोगों के घरों में बेतहाशा बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय 400 यूनिट बिजली हाफ देकर राहत दी गई थी। अब साय सरकार घर-घर अडानी का स्मार्ट बिजली मीटर लगवा रही है।

खेती-किसानी का समय है, फिर भी सोसाइटियों से किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की लचर विदेशी नीति के कारण पेट्रोल-डीजल के नाम पर महंगाई बढ़ी है। सभा को पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, विधायक ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, जिलाध्यक्ष तारणी चन्द्राकर, पूर्व महापौर विजय देवांगन, लेखराम साहू, आनंद पवार, नीशु चन्द्राकर ने संबोधित किया।

# बिजली को लूट का जरिया बनाकर छत्तीसगढ़ियों की जेब पर डाका डाल रही भाजपा सरकार :

लोकमाया न्यूज ।



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार द्वारा बिजली दरों में की गई वृद्धि को लूट का जरिया बताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता आज बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और महंगे बिल की दोहरी मार झेल रही है। जिस प्रदेश के सीने में देश का 20त्न कोयला दबा है, उसी प्रदेश की जनता बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रही है। ऊपर से विष्णु देव साय सरकार दिन-प्रतिदिन बिजली की दर बढ़ाकर आम आदमी की जेब काट रही है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पौने 3 साल में बिजली 5 बार महंगी हो चुकी है। 2023 के बाद घरेलू उपभोक्ताओं पर 80 पैसे प्रति यूनिट तक बोझ डाला गया। 2026-27 में 6.23त्न की वृद्धि और 12त्न ईंधन अधिभार थोपकर सरकार ने साबित कर दिया कि उसे जनता के सुख-दुख से कोई सरोकार नहीं है।

चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने गरीब और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना लागू की थी। 50 लाख से ज्यादा परिवारों को सीधा फायदा मिल रहा था। साय सरकार ने आते ही इस योजना पर कैंची चला दी। पहले 100 यूनिट और फिर दिखावे के लिए 200 यूनिट कर दिया। 400 यूनिट का बिल जो 1000 रु तक आता था, आज 2100 रु से ज्यादा वसूला जा रहा है। यह सीधे-सीधे जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका है। दुर्भाग्य है कि हमारा कोयला दूसरे प्रदेशों को रोशन कर रहा है, बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कारखाने चला रहा है, लेकिन खुद छत्तीसगढ़ियों को महंगी बिजली के साथ ही लो-वोल्टेज और अघोषित कटौती जैसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के इस रवैए से किसान, व्यापारी, छात्र सब परेशान हैं। फिर भी साय सरकार को कथित सुशासन की ढोल पीटने से फुर्सत नहीं है।

पूर्व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने साय सरकार पर केवल उद्योग पतियों को लाभ पहुंचाने के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि साय सरकार ने मिनी स्टील, रोलिंग मिल जैसे बड़े उद्योगों की बिजली दरें घटा दीं, लेकिन घर का चूल्हा जलाने वाले गरीब का बिल बढ़ा दिया। साफ है कि भाजपा की यह सरकार सिर्फ अदानी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। आम जनता, किसान, मजदूर इनके एजेंडे में कहीं नहीं हैं। भूपेश बघेल जी के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को सस्ती बिजली मिली, जनता को राहत मिली। 2023 में भाजपा के मुख्यमंत्री बैठते ही जनहित की हर योजना को या तो बंद कर दिया गया या निष्क्रिय बना दिया गया।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

लोकमाया न्यूज ।

**महासमुंद।**आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत महासमुंद जिले का चयन मॉडल जिला के रूप में किया गया है। इस पहल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सोमवार को जिला पंचायत महासमुंद के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के विभिन्न प्रावधानों, उद्देश्यों एवं कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव एवं राज्य स्तरीय टीम के अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के विभिन्न घटकों, उनकी उपयोगिता तथा मॉडल जिला बनाने की कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल हेल्थ सिस्टम लागू होने से मरीजों, अस्पतालों एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। कार्यशाला में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना से सूचीबद्ध अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों के उपचार की पूरी प्रक्रिया अब डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ी होगी। मरीज के भर्ती होने से लेकर जांच, दवा, उपचार एवं डिस्चार्ज तक की समस्त जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा मरीजों के उपचार संबंधी रिकॉर्ड सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से उपलब्ध रहेंगे। कार्यशाला के दौरान हेल्थ फैसिलिटी रजिस्टर को जिले में प्रभावी रूप से लागू करने की जानकारी दी गई। इसके माध्यम से अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जिससे मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी डिजिटल रूप में संरक्षित रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर किसी भी अस्पताल में आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों एवं निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महासमुंद को मॉडल डिजिटल हेल्थ जिला बनाने के लिए सभी संबंधित संस्थानों को युद्धस्तर पर कार्य करना होगा।

# पीएम स्वनिधि योजना से छोटे व्यवसायी आत्मनिर्भर हो रहेः नगरपालिका अध्यक्ष

**महासमुन्द, ( लोकमाया )।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद महासमुन्द द्वारा पथ विक्रेताओं एवं स्वरोजगार से जुड़े हितग्राहियों को सम्मानित कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन शहर के लोहिया चौक में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्री निखिलकांत साहू एवं अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री देवीचंद राठी ने की। इस अवसर पर योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर श्री संदीप दीवान सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।नगर पालिका अध्यक्ष श्री निखिलकांत साहू ने कहा कि किसी भी नगर की आर्थिक प्रगति उसके नागरिकों एवं व्यापारियों की आर्थिक सुदृढ़ता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना छोटे व्यवसायियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से उन्हें आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है और वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इससे उनकी आजीविका सशक्त हुई है, साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री देवीचंद राठी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे फुटकर व्यवसायियों को आर्थिक संबल प्राप्त हो रहा है।

# नांदगांव महासमुंद एवं गिरना पिथौरा में शिविर 18 जून को

लोकमाया न्यूज ।

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए जिले में व्यापक स्तर पर मोबाइल कैंप शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 18 जून 2026 से 31 जुलाई 2026 तक लगातार संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत विकासखंडवार विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों तक सुविधा पहुंचाई जा सके। श्रम पदाधिकारी डी. एन. पात्र ने बताया कि 18 जून को महासमुंद विकासखंड के ग्राम नांदगांव एवं पिथौरा अंतर्गत ग्राम गिरना में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 19 जून को गढ़फुलझर बसना एवं पंडरीपानी बागबाहरा, 22 जून को केना सरायपाली, 23 जून को घोड़ारी महासमुंद एवं पिपरौद पिथौरा, 24 जून को कायतपाली बसना एवं तुपकबोर बागबाहरा, 25 जून को पतेरापाली सरायपाली तथा 30 जून को मोंगरा महासमुंद, ठाकुरदिया कला पिथौरा एवं लमकसा बसना में शिविर आयोजित होंगे।


## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना
## जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रथम निविदा आमंत्रण दिनांक 22.06.2026 सायं 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| सिस्टम निविदा क्र. | निविदा सूचना क्रमाक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (एस.ओआर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025)) |
|---|---|---|---|
| 193188 | 04/प.ले.लि. / 2026-27 दि. 15.06.2026 | कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड के दुधावा दांयी तट नहर के मुख्य नहर में शेष स्ट्रक्चरों का जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य | रू. 199.01 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर) |
| 193189 | 05/वले.लि. / 2026 27 दि. 15.06.2026 | कांकेर जिले के विकासखंड नरहरपुर के सारवण्डी तालाब जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य | रू. 223.11 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर) |
| 193190 | 06/व.ले.लि. / 2026-27 दि 15.06.2026 | कांकेर जिले के विकासखंड नरहरपुर की टूरी व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का मरम्मत कार्य | रू. 1182.37 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर) |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.06.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेंगे हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

**कार्यपालन अभियंता**
जल संसाधन संभाग, कांकेर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी- 262701512/5



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2026/144/105 // स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना // भिलाई, दिनांक 15/06/2026

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्त्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चौहान हाउसिंग (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटर - श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, निवासी राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती हेमा चावड़ा ध.प. श्री हरीश चावड़ा, 2. श्री हरीश चावड़ा आ. श्री धीरज भाई चावड़ा, पी.ओ. बोरई, गांव खुर्सीडीह, दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं.-01. चौहान हाउसिंग चौहान ग्रीन वैली खम्हरिया जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 12, ब्लॉक - B14 तृतीय तल, क्षेत्रफल 840 वर्गफीट, आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 2 | श्रीमती प्रकाश देवी कालड़ा ध.प. स्व. फतेहचंद कालडा, निवासी- 11/बी. सेन्ट्रल एवेन्यू रोड, स्मृति नगर मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | धनंजय कुमार कालरा आ. स्य. फतेहचंद कालरा, निवासी- 11/बी, सेन्ट्रल एवेन्यू रोड़, स्मृति नगर मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | वसीयतनामा | वार्ड नं.-2, जुनवानी, स्मृति नगर भिलाई, खसरा नं.- 572/72, रकबा 0.02 हे. (2400 वर्गफुट), आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | M/s. Avinash Developers Pvt. Ltd, Through its Director Mr. Anand Singhania S/o late Shri Santosh Singhania Avinash House, Maruti Business Park, G.E. Road, Raipur C.G. | 1. श्री अजय कुमार गुप्ता आ. स्व. श्री नरेश गुप्ता, 2. श्रीमती सुनीता गुप्ता ध. प. श्री अजय कुमार गुप्ता, दोनो निवासी क्वा.नं. टाईप IV, A-6/2, रेल्वे कॉलोनी, बिलासपुर छ.ग. | बिक्रीनामा | अविनाश मेट्रोपॉलिस अपार्टमेंट कोहका, वार्ड नं.- 07 फरीद नगर वार्ड भिलाई, फ्लैट नं.-501, ब्लाक-जे, पांचवा तल, क्षेत्रफल 942 वर्गफीट, आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 4 | वाई. के. सिंह (यदुनाथ कुमार सिंह) पिता स्व. एम.एस. ठाकुर (मनबहल सिंह ठाकुर), निवासी सी-1/88. सूर्यविहार कॉलोनी, मोतीलाल नेहरू नगर, जुनवानी भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | सर्वेश चौबे पिता श्री ओंकार नाथ चौबे, निवासी मकान नं. बी/541, सड़क नं. 03, स्मृति नगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, स्मृति नगर वार्ड क्रमांक-02 (स्मृति नगर अंदर भाग) खसरा नं. 575/35, प्लाट नं. बी 351, रकबा 2400 वर्गफीट, रिक्त भूमि। |
| 5 | श्रीमती अनिता जैन पति श्री प्रदीप कुमार जैन, निवासी शॉप नं.-505, बी मार्केट, सेक्टर-6. भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती अभिलाषा अतुल केशरी पति श्री अतुल केशरी, निवासी हाउस नं. 165 बी, कविता कुंज, मैत्री विहार, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, मैत्री विहार, (वार्ड नं. 07, राधिका नगर वार्ड) अन्दर भाग भिलाई, प्लाट नं.-19/बी, खसरा नं. 2628/94, क्षेत्रफल-180 वर्गमीटर, रिक्त भूमि। |
| 6 | 1. श्रीमती नेहा गुप्ता, पति श्री मनोज कुमार गुप्ता, निवासी- ई. डब्लयू एस.-277. वार्ड नं. 10. वैशाली नगर, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.). 2. मनोज कुमार गुप्ता, पिता श्री गनपत प्रसाद गुप्ता, निवासी- धौरधरा, सतना मध्यप्रदेश | श्रीमती पूनम मौर्य पति श्री दीपचंद मौर्य, निवासी सीएच-305, ढाचा भवन, कुरूद, जामुल, समेट वर्क्स, दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद, कोहका, वार्ड नं.-21. कैलाश नगर कुरूद मार्ग (अंदर भाग), खसरा नं.-1441/6, रकबा 1000 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 7 | रामपरी देवी ध.प. स्व. सुखदेव भगत, पता म.नं. 220, वार्ड नं.-4, प्रियदर्शनी विद्यालय के पीछे, लक्ष्मी नगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | धर्मवीर पिता स्व. सुखदेव भगत, पता-वार्ड नं. 9. साकेत नगर, कुरूद रोड कोहका, भिलाई तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, वार्ड नं.-09 कोहका पुरानी बस्ती वार्ड अंतर्गत कोहका पुरानी बस्ती अंदर भाग, खसरा नं.- 4829/2, रकबा 1175 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 8 | के. पोत्तैय्या, पिता श्री डालैय्या, निवासी म.नं. 5 बी, स्ट्रीट नं. 17, सेक्टर 05, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | के. जगदीश्वर राव, पिता श्री के. पोत्तैय्या, निवासी म.नं.-842, बाल गणेश समिति के पास, वृन्दा नगर, केम्प 01, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | दानपत्र | कुरूद, (वार्ड नं.- 16 कुरूद वार्ड के कैलाश नगर अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.- 1605/77, प्लाट नं.- 53 का भाग, क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |

**अपर आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटकों के लिए कांगेर घाटी नेशनल पार्क बंद

**जगदलपुर।** शासन के निर्देशानुसार और वर्षाकाल शुरू होने के कारण तत्काल प्रभाव से आगामी 01 अक्टूबर 2026 तक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान आम पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर से मिली जानकारी अनुसार उक्त अवधि में केवल तीरथगढ़ जलप्रपात ही पर्यटकों के अवलोकन के लिए खुला रहेगा।

### श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु श्रम विभाग में पंजीकृत सभी श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। श्रम पदाधिकारी श्री भूपेंद्र नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी पूर्ण होने के उपरांत ही उन्हें तथा उनके परिवार के पात्र सदस्यों को श्रम कल्याण मंडल की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सकेगा। जिन श्रमिकों द्वारा ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाएगी, वे विभागीय योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने जिले के समस्त पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे शीघ्रातिशीघ्र अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र अथवा निर्धारित माध्यम से ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त किया जा सकेगा। ई-केवाईसी हेतु निर्धारित शुल्क प्रति केवाईसी देय होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर से संपर्क किया जा सकता है।

### पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत 23 हितग्राहियों को मिला वन अधिकार मान्यता पत्र

**बीजापुर।** वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत 15 जून को आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बुरजी के आश्रित ग्राम कावड़गांव के 23 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किए गए। वन, सहकारिता, परिवहन एवं संसदीय कार्य विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय बीजापुर परिसर में आयोजित समारोह में आदिवासी विकास विभाग द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006, नियम 2007 एवं संशोधित नियम 2012 के प्रावधानों के तहत पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किए गए। वन अधिकार मान्यता पत्र प्राप्त होने से ग्राम कावड़गांव के 23 हितग्राहियों को उनकी काबिज वास्तविक भूमि पर वैधानिक अधिकार प्राप्त हुआ। इस महत्वपूर्ण पहल से हितग्राहियों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। हितग्राहियों ने वन अधिकार मान्यता पत्र मिलने पर जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें भूमि पर अधिकार मिलने के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### जिला कलेक्टर ने पदक विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

**बीजापुर।** एसजीएफआई स्कूल सॉफ्टबॉल नेशनल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले बीजापुर जिले के खिलाड़ियों का जिला कलेक्टर श्री विश्वदीप द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। ज्ञात हो कि एसजीएफआई स्कूल सॉफ्टबॉल नेशनल गेम्स में प्रदेश की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हासिल किए थे। इन टीमों में शामिल बीजापुर के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य निषाद को 21,000, रजत पदक विजेता राकेश कड़ती को 15,000 तथा कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों रुक्मणी, पूजा कोरसा, संतोषी, स्मिता और लक्ष्मी को 10,000-10,000 की प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री विश्वदीप ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि ऐसे खिलाड़ी जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिले के श्रम निरीक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच सोपान कर्णेवार भी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों एवं उनके परिजनों ने इस सम्मान के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योग दिवस आयोजन

**बीजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आगामी 21 जून 2026 को जिला मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में माननीय विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वे योग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करेंगी तथा सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता करेंगी। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित योग दिवस कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथियों का नामांकन किया गया है। इसी क्रम में बीजापुर जिले के कार्यक्रम हेतु विधायक सुश्री लता उसेंडी को नामित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग के अनुरूप नागरिकों को योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर, संतुलित मन एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है।

# शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत

लोकमाया न्यूज ।

**जगदलपुर।** शासकीय हाई स्कूल केवरामुंडा तथा शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कुम्हारपारा में आज शाला प्रवेश उत्सव का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाई स्कूल एक ही परिसर में संचालित होने के कारण विद्यालय का संचालन दो पालियों में किया जाता है। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाएं प्रातः 7:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा हाई स्कूल दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित होता है।

प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का



वितरण किया गया। साथ ही उपस्थित पालकों का स्वागत कर उन्हें अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की प्राचार्य ज्योत्सना मिश्रा ने पालकों एवं छात्र-छात्राओं को नवीन शैक्षणिक सत्र की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी बच्चा विद्यालय प्रवेश से वंचित न रहे।

यह कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधन समिति (स्स्ष्ट) के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में विद्यालय परिवार, पालकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

# फुलपाड़ में एएम/एनएस इंडिया का स्वास्थ्य मिशन, 64 ग्रामीणों की हुई जांच





**आधुनिक पैथोलॉजिकल जांच और निशुल्क दवाओं से लाभान्वित हुए ग्रामीण**

**एएम/एनएस इंडिया किरंदुल सीएसआर पहल के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मुफ्त दवाओं का वितरण, बीपी, शुगर और मलेरिया की आधुनिक जांच से ग्रामीणों को मिला लाभ**

लोकमाया न्यूज ।

**किरंदुल/दंतेवाड़ा।** ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुलभ बनाने और बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के अपने संकल्प को दोहराते हुए, आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) किरंदुल द्वारा ग्राम पंचायत फुलपाड़ में एक वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत आयोजित इस शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने भारी उत्साह दिखाया, जहां अनुभवी चिकित्सा टीम द्वारा कुल 64 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस एक दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम और ग्रामीण आबादी में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना था। शिविर के दौरान कुल 55 मरीजों का गहन उपचार किया गया और उन्हें आवश्यक निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। स्वास्थ्य जांच के दायरे को विस्तृत करते हुए आधुनिक पैथोलॉजिकल सुविधाओं का भी लाभ दिया गया, जिसके अंतर्गत 35 ग्रामीणों के रक्त के नमूने लेकर उनकी बीपी , शुगर और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों की जांच मौके पर ही की गई। रिपोर्ट के आधार पर मरीजों को उचित खान-पान और जीवनशैली के संबंध में डॉक्टरी सलाह भी दी गई। इस स्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में स्थानीय पंचायत प्रशासन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व योगदान रहा। ग्राम पंचायत फुलपाड़ के सरपंच, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और समर्पित मितानिनों ने न केवल ग्रामीणों को शिविर तक लाने में मदद की, बल्कि स्वास्थ्य टीम के साथ समन्वय कर पूरी व्यवस्था का संचालन सुचारू बनाया। सरपंच ने कंपनी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पहुंचविहीन क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर न केवल बीमारियों की पहचान करने में मददगार हैं, बल्कि इससे ग्रामीणों के आर्थिक बोझ में भी कमी आती है।

एएम/एनएस इंडिया किरंदुल प्रबंधन ने इस अवसर पर कहा कि कंपनी स्थानीय समुदायों के सर्वांगीण विकास और विशेषकर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में दंतेवाड़ा जिले के अन्य दूरस्थ पंचायतों में भी इसी तरह के विशिष्ट स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी ताकि कोई भी ग्रामीण बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं से वंचित न रहे।

# जिले में बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

**नोडल अधिकारियों की नियुक्ति सहित हेल्पलाइन नंबर्स जारी**

लोकमाया न्यूज ।

**जगदलपुर।** जिले में आगामी मानसून सीजन के दौरान बाढ़ आपदा प्रबंधन सहित आम जनता की सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में तुरंत सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्तर और तहसील कार्यालयों के अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। साथ ही उक्त बाढ़ नियंत्रण कक्ष हेतु नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। जिसके तहत कलेक्टोरेट जगदलपुर में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना मोबाइल नंबर 94792-63268 को नोडल अधिकारी और अधीक्षक भू-अभिलेख मोहनलाल भारद्वाज मोबाइल नंबर 82340-85961 को सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह जिले के अंतर्गत सभी तहसील स्तर में भी बाढ़ आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं और संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके तहत तोकापाल तहसील में नायब तहसीलदार गजेन्द्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनसे दूरभाष नंबर 07782-299800 पर संपर्क किया जा सकता है। बकावण्ड तहसील में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ध्रुव (मो. नं. 89821-85621) और लोहण्डीगुड़ा तहसील में नायब तहसीलदार सुश्री खुशबू नेताम (मो. नं. 83050-17218) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं जगदलपुर तहसील कार्यालय के अंतर्गत तहसीलदार श्री राहुल कुमार गुप्ता (मो. नं. 62635-50976) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनकी सहायता के लिए नायब तहसीलदार डोमनलाल सहारे (मो. नं. 62618-23395) और श्री लखीराम पाण्डे (मो. नं. 75873-36665) को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह बास्तानार तहसील में राजस्व निरीक्षक श्री राजेश कुमार तिवारी (मो. नं. 83196-57457) को नोडल और श्री पवन कुमार नेताम (मो. नं. 79996-44566) को सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व मिला है। दरभा तहसील में नायब तहसीलदार जयंत कुमार (मो. नं. 88178-22554), बस्तर तहसील में श्रीमती फूलबती भूआर्य (मो. नं. 75669-66955) और नानगुर तहसील में नायब तहसीलदार रोहन बिसी (मो. नं. 82249-67272) को नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त भानपुरी तहसील में नायब तहसीलदार चन्द्रकुमार साहू (मो. नं. 78698-24115) को नोडल अधिकारी तथा राजस्व निरीक्षक श्री मुकेश कोर्राम (मो. नं. 85448-12513) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है,

# प्रवेशोत्सव के बीच 8 लापरवाह शिक्षकों को शो-कॉज नोटिस जारी



लोकमाया न्यूज ।

**जगदलपुर।** शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस पर बस्तर जिले के स्कूलों में एक तरफ जहाँ बच्चों के स्वागत की उत्सुकता दिखी, वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक कसावट का कड़ा रुख भी सामने आया। नया सत्र शुरू होने के अवसर पर जिला मिशन समन्वयक श्री अशोक पाण्डे एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्री परमेश्वर पाण्डे द्वारा विकासखण्ड तोकापाल, लोहण्डीगुडा एवं बस्तर के विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य व्यवस्थाओं का जायजा लेना और बच्चों की उपस्थिति को प्रोत्साहित करना था। इस औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि विद्यालयों में नया सत्र शुरू होने की खुशी में प्रवेशोत्सव बेहद हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा था, जहाँ बच्चे नए उमंग के साथ अपनी कक्षाओं में पहुंचे थे। हालांकि इस उत्सव के माहौल के बीच कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और समन्वयकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान अनुशासनहीनता पाए जाने पर विकासखण्ड बस्तर एवं तोकापाल में कार्यरत 08 लापरवाह शिक्षकों एवं संकुल समन्वयकों को तत्काल कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दिया गया। इन शिक्षकों के द्वारा यदि निर्धारित समयावधि में इन सभी की ओर से कोई संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो ऐसी स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध एक दिवस का वेतन कटौती करने की कार्यवाही की जाएगी। इस प्रशासनिक कार्यवाही के साथ ही स्कूलों के सुचारू संचालन को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन का नियमित और गुणवत्तापूर्ण संचालन किया जाए। इसके साथ ही शिक्षकों को अपनी डेली डायरी को प्राथमिकता के साथ अनिवार्य रूप से लिखने को कहा गया है, ताकि शैक्षणिक गतिविधियों का सही मूल्यांकन हो सके। सत्र के पहले ही दिन से एक अनुशासित माहौल बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों ने समय पर बच्चों एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने और उसे अनिवार्य रूप से ऑनलाइन दर्ज करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

# बचेली में आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, दो युवक गंभीर रूप से घायल, एक का हाथ और दूसरे का पैर फ्रैक्चर

**सीबीडब्ल्यूएस व पेट्रोल पंप के पास मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा, दोनों घायलों का अपोलो अस्पताल में उपचार जारी**

**दुर्घटना स्थल पर बार-बार हो रहे हादसों से लोगों में चिंता, सुरक्षा उपायों की मांग तेज**

लोकमाया न्यूज ।

**बचेली।** लौह नगरी बचेली में बुधवार शाम एक बार फिर सड़क दुर्घटना ने यातायात सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। सीबीडब्ल्यूएस (केंद्रीय कार्यशाला) पेट्रोल पंप के आगे मुख्य सड़क पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा 17 जून की शाम लगभग 5 बजे हुआ। किरंदुल निवासी सूरज भांसी की ओर से बचेली आ रहा था, जबकि बचेली निवासी रामू दशरथ पारा ओर जा रहा था। इसी दौरान दोनों की बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एम्बुलेंस पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल बचेली स्थित अपोलो अस्पताल ले जाया गया।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना में रामू के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि सूरज के दाहिने पैर में फ्रैक्चर पाया गया है। दोनों का अस्पताल में उपचार जारी है और उनकी स्थिति पर चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है। वहीं, सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त दोनों मोटरसाइकिलों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सीबीडब्ल्यूएस और पेट्रोल पंप के पास स्थित यह क्षेत्र लंबे समय से दुर्घटनाओं का केंद्र बना हुआ है। मुख्य सड़क से दशरथ पारा और अंग्रेजी शराब दुकान की ओर जाने वाला मोड़ संकरा होने के कारण यहां वाहन चालकों को पर्याप्त दृश्यता नहीं मिल पाती। इसके अलावा सड़क पर चेतावनी संकेतक, स्पीड कंट्रोल व्यवस्था और पर्याप्त सुरक्षा उपायों का अभाव भी दुर्घटनाओं की बड़ी वजह माना जा रहा है।

क्षेत्रवासियों के अनुसार, इस स्थान पर पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं और कुछ मामलों में लोगों की जान तक जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण भी यहां लगातार खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटना संभावित इस स्थान पर स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर, सड़क चैड़ीकरण और यातायात सुरक्षा संबंधी अन्य आवश्यक उपाय जल्द किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज जारी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बचेली में प्रधानमंत्री आवास 2.0 के अप्रारंभ आवासों को नोटिस, पालिका ने किया निरीक्षण

**स्वीकृति के 3-4 माह बाद भी निर्माण शुरू नहीं होने पर हितग्राहियों से चर्चा, इसी सप्ताह कार्य प्रारंभ करने का मिला आश्वासन**

लोकमाया न्यूज ।

**बचेली।** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण में हो रही देरी को लेकर नगर पालिका परिषद बड़े बचेली द्वारा अप्रारंभ आवासों का निरीक्षण किया गया। स्वीकृति मिलने के 3 से 4 माह बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले हितग्राहियों को नोटिस जारी कर जल्द कार्य शुरू करने की अपील की गई है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत नगर पालिका क्षेत्र में 27 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें





से अब तक 17 आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। शेष आवासों का निर्माण प्रारंभ नहीं होने के कारण मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पी.टी.एम. कृष्णा राव के निर्देशन में पालिका की टीम ने संबंधित हितग्राहियों के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण दल में प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी एवं अभियंता श्री संतोष नेगी, पीएमसी से श्री विश्वजीत मलिक तथा निकाय समयपाल श्री महेश बघेल शामिल रहे। टीम ने हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अधिकांश हितग्राहियों ने इसी सप्ताह निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही को चार किश्तों में 2.50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत 32,850 रुपये की राशि भी दी जाती है। इस प्रकार एक आवास के लिए कुल 2.82 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत है। पालिका द्वारा जारी नोटिस में आवास निर्माण से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि हितग्राहियों को निर्माण कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल मार्गदर्शन और सहायता मिल सके नगर पालिका के अनुसार वर्तमान में बचेली नगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0 के तहत कुल 78 आवासों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है, जबकि 10 आवास अभी भी अप्रारंभ हैं। पालिका का प्रयास है कि शेष आवासों का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ हो, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर मिल सके।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देवी अहिल्या बाई होलकर कन्वेंशन हाल में सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम का होगा आयोजन

लोकमाया न्यूज ।

### कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**कोरबा**। ''स्वस्थ आयु के लिए योग'' की थीम पर इस वर्ष 21 जून को जिले में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग प्रदर्शन का जिला स्तरीय कार्यक्रम देवी अहिल्या बाई होलकर कन्वेंषन हॉल रजगामार रोड जिला जेल के पास कोरबा में प्रात: 07 से 08 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी तय करते हुए प्राप्त दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्यक्रम हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम को नोडल अधिकारी एवं जिला षिक्षा अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी एवं उप संचालक समाज कल्याण विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन हेतु मुख्य मंच, टेण्ट, गेट, कुर्सी, गद्दा, ध्वनि एवं साफ-सफाई, अतिथि स्वल्पाहार की व्यवस्था का दायित्व आयुक्त नगर निगम कोरबा को सौंपा गया है। इसी प्रकार पेयजल की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा की जाएगी। अतिथि आमंत्रण एवं आमंत्रण पत्र छपाई का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी को दी गई है। मंच संचालन एवं योग प्रशिक्षक की व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है। सहभागियों की उपस्थिति जिला शिक्षा



अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा, समाज कल्याण विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल विभाग, नेहरू युवा केंद्र, उप संचालक पंचायत, साक्षरता को दिया गया है। वाहन व्यवस्था दायित्व जिला परिवहन अधिकारी को सौंपा गया है। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था व होम गाड्र्स, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,सैनिक जवानों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में योग हेतु उपस्थित कराने की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक, कमाण्डेड, जिला सेनानी कोरबा को दी गई है।

वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की व्यवस्था सहायक आयुक्त आबकारी कोरबा तथा पुष्प गुच्छ एवं पुष्पमाला की व्यवस्था सहायक संचालक उद्यानिकी द्वारा की जाएगी। प्रचार-प्रसार, मीडिया कव्हरेज का दायित्व उप संचालक जनसंपर्क विभाग को सौंपा गया है। कार्यक्रम में नर्सिंग/एएनएम छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, चलित चिकित्सा ईकाई की व्यवस्था की जिम्मेदारी सीएमएचओ, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक को, स्काउट गाइड कल उपलब्धता, जिला मुख्यालय के स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को योग हेतु उपस्थित सुनिश्चित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जाएगी। फलैक्स एवं बेनर, दिव्यांगजनों को योग प्रदर्शन कराने, स्वयं सेवी संस्था को योग में भाग लेने, वृद्धाश्रम में योग, तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्तियों की भी योग प्रदर्शन में उपस्थिति सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी उप संचालक समाज कल्याण विभाग व जिला आयुर्वेद अधिकारी को दिया गया है। योग प्रतिभागियों हेतु जलपान व्यवस्था जिला खाद्य अधिकारी द्वारा की जायेगी। प्रत्येक विकासखण्ड एवं सभी ग्राम पंचायतों में योग-प्रदर्शन अनिवार्य रूप से कराने हेतु सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है। इसी प्रकार सभी नगरीय निकाय मुख्यालय में योग प्रदर्शन कराने एवं सभी सार्वजनिक उपक्रमों के मुख्यालयों पर भी अनिवार्य रूप से योग प्रदर्शन कराने हेतु सर्व सीएमओ नगरीय निकाय को दायित्व सौंपा गया है।

आश्रम एवं छात्रावास में योग प्रदर्शन कराने के लिए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, सभी सार्वजनिक उपक्रमों में योग प्रदर्शन कराना, जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में सी.एस.ई.बी कर्मियों को भाग लेने हेतु प्रेरित किए जाने के लिए उप संचालक औद्योगिक सुरक्षा कोरबा, जिले के सभी आंगनबाड़ी केद्रों में योग अभ्यास तथा बाल गृहों में योग प्रदर्शन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों का योग प्रदर्शन कराना एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सभी विभाग प्रमुखों को सौंपा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग बच्चों के शत-प्रतिशत यूडीआईडी कार्ड निर्माण के निर्देश

**कोरबा**। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने जिले के प्री-प्राइमरी, एलिमेंट्री एवं सेकेंड्री विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों के यूडीआईडी (यूनिक डिसेबिलिटी आईडी) कार्ड का शत-प्रतिशत निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र दिव्यांग बच्चों की जानकारी संकलित कर उनका यूडीआईडी कार्ड समयबद्ध रूप से बनाया जाएगा। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं समग्र शिक्षा विभाग को आवश्यक समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है। यूडीआईडी कार्ड दिव्यांगजनों की राष्ट्रीय स्तर पर मान्य पहचान है, जिसके माध्यम से उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं, सेवाओं एवं अधिकारों का लाभ प्राप्त होता है। जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि जिले का कोई भी पात्र दिव्यांग बच्चा यूडीआईडी कार्ड से वंचित न रहे।

### मछुआ सहकारी समिति रिंगनियाके संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी

**कोरब**। मछुआ सहकारी समिति मर्यादितरिंगनिया पंजीयन क्रमांक 39 विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा जिला कोरबा के संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। रिटर्निंग अधिकारी जी.आर.भतरा द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 23 जून 2026 को सुबह 11.30 बजे से अपरांह 03.30 बजे तक समिति कार्यालय में लिया जायेगा। विषेष साधारण सम्मिलन में मतदान 01जुलाई को सुबह 10 बजे से अपरांह 03 बजे तक सोसायटी कार्यालय में कराया जायेगा। मतदान समाप्ति के एक घंटे के बाद समिति कार्यालय में मतगणना की जायेगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधियों के निर्वाचन की प्रक्रिया 06जुलाई 2026 को प्रात: 11बजे से अपरान्ह 03बजे तक समिति कार्यालय में संपन्न होगी। निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए समिति के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

# राज्य सरकार की बेहतर व्यवस्था से किसानों को समय पर मिल रहे कृषि आदान सामग्री

लोकमाया न्यूज ।

### खाद-बीज की सहज उपलब्धता से बढ़ा किसानों का भरोसा, शीला टोप्पो ने जताई खुशी

**कोरबा**। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप खाद, बीज एवं अन्य कृषि आदानों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसका लाभ जिले के किसानों को सहजता से मिल रहा है, जिससे उनमें उत्साह और संतोष का वातावरण है।

कोरबा जिले के देलवाड़ीह की कृषक शीला टोप्पो भी उन किसानों में शामिल हैं



जिन्हें समय पर कृषि आदान सामग्री उपलब्ध होने से खेती की तैयारियों में बड़ी सुविधा मिली है। लगभग तीन एकड़ भूमि में धान की खेती करने वाली टोप्पो इन दिनों खरीफ फसल की तैयारियों में जुटी हुई हैं। उनकी कृषि भूमि भालुसतका क्षेत्र में स्थित है और वे स्वयं खेती का पूरा कार्य संभालती हैं। खेती की तैयारियों के तहत वे जामबहार सोनपुरी सहकारी समिति पहुंचीं, जहां से उन्होंने यूरिया, सुपर फॉस्फेट एवं बीज प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति में खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता होने से किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें आसानी से सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो गई। टोप्पो ने कहा कि समय पर खाद-बीज उपलब्ध हो जाना किसानों के लिए बहुत बड़ी सहायता है। इससे खेती की तैयारियां सुचारू रूप से हो पाती हैं और उत्पादन बढ़ाने में भी मदद मिलती है। उन्होंने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि आदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पथ विक्रेताओं को व्यवसाय हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है पीएम स्वनिधि योजना : महापौर

लोकमाया न्यूज ।

### जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित किया गया पीएम स्वनिधि महोत्सव व लोक कल्याण मेला

**कोरबा**। महापौर संजूदेवी राजपूत ने कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महती योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सड़क व फुटपाथ पर एवं गली-मोहल्ले में फेरी लगाकर व्यवसाय करने वाले शहरी पथ विक्रेताओं, लघु व्यवसायियों को उनके व्यवसाय हेतु सुगम रूप से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है। उन्होने कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा भी सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेताओं को उनके व्यवसाय हेतु सुविधायुक्त एवं स्थाई स्थल उपलब्ध कराने के लिये वेंडिंग जोन बनाये गये हैं, साथ ही आगे भी इस दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं।



उक्त बातें महापौर संजूदेवी राजपूत ने पीएम स्वनिधि महोत्सव व लोक कल्याण मेला के आयोजन के दौरान कही। यहाँ उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन इस पूरे जून माह में किया जा रहा है तथा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जोन कार्यालयो में शिविर आयोजित हो रहे हैं।

# आयुक्त ने आर.पी. नगर में डोर-टू-डोर पहुंच कर घरों में सोलर पैनल लगवाने लोगों से किया आग्रह



लोकमाया न्यूज ।

**कोरबा**। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 31 राजेन्द्र प्रसाद नगर के नागरिकों से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत घरों में सोलर पैनल लगवाने हेतु आग्रह किया, उन्होने पैदल भ्रमण करते हुये कालोनी में डोर-टू-डोर लोगों से संपर्क किया, योजना के लाभों, प्रावधानों व शासन से प्राप्त होने वाली सब्सिडी आदि की जानकारी दी तथा इसका लाभ उठाने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किया, इस मौके पर वार्ड पार्षद अशोक चावलानी, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता भूषण उरांव, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, राहुल मिश्रा, अश्वनी दास आदि उपस्थित थे।

यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन फरवरी 2024 में आमजनता के हित में किया गया था, जनहित में लागू की गई यह योजना आवासीय परिसरों, घरों में रूफ टाप सोलर पैनल संयंत्र स्थापित कर लोगों को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इसके माध्यम से उपभोक्ता न केवल अपने घरेलू बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त विद्युत को ग्रिड में प्रवाहित कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। भारत सरकार की यह पहल हर घर को ऊर्जा उत्पादक बनाने, बिजली हेतु आत्मनिर्भर करने तथा बिजली बिल के भार से मुक्त होने व इससे अतिरिक्त आय अर्जित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। आज आयुक्त आशुतोष पाण्डेय निगम के वार्ड क्र. 31 राजेन्द्र प्रसाद नगर में डोर-टू-डोर पैदल भ्रमण करते हुये वहाँ के रहवासियों से मुलाकात की, उन्हें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुये योजना के लाभों से उन्हें अवगत कराया तथा उनसे अपील की कि वे अपने घरों में योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगवायें, बिजली उपभोक्ता के स्थान पर विद्युत उत्पादक बने तथा बिजली बिल के भार से मुक्त हो जाए।

वार्ड के सभी घरो में सोलर पैनल लगने से वार्ड में होंगे 01 करोड़ रू. के अतिरिक्त विकास कार्य - आयुक्त पाण्डेय ने वार्ड वासियों को बताया कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा यह घोषणा की गई है कि निगम के जिन वार्डो के शत प्रतिशत घरों में सोलर पैनल स्थापित हो जाएगें, उन वार्डो को विकास कार्यो हेतु 01 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी, जो वार्ड इस लक्ष्य को सर्वप्रथम पूरा करेगा, उस वार्ड के लिये यह राशि 02 करोड़ रूपये की होगी, अर्थात उस वार्ड में अतिरिक्त विकास कार्यो हेतु 02 करोड़ रूपये की राशि दी जाएगी। उन्होने बताया कि कलेक्टर कुणाल दुदावत ने योजना को सर्वप्राथमिकता पर रखते हुये इस हेतु आमजन को प्रेरित व प्रोत्साहित किये जाने के निर्देश दिये हैं। शासन से मिल रही भारी सब्सिडी के साथ ही बैंक लोन की सुविधा - आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने योजना अंतर्गत शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी की जानकारी देते हुये नागरिकों को बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जहाँ एक ओर शासन से भारी सब्सिडी मिल रही है। तो वहीं दूसरी ओर शेष राशि हेतु कम ब्याज दर पर बैंक से ऋण प्राप्त करने की सुविधा भी है। 01 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल संयंत्र स्थापित कराये जाने पर केन्द्र सरकार द्वारा 30 हजार रूपये, राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रूपये कुल 45 हजार रूपये की सब्सिडी दी जा रही है। इसी प्रकार 02 किलोवाट के संयंत्र पर केन्द्र सरकार का अनुदान 60 हजार रूपये, राज्य सरकार का अनुदान 30 हजार रूपये, कुल अनुदान 90 हजार रूपये प्राप्त हो रहा है।

# नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत जिले में होंगे व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम

लोकमाया न्यूज ।

### 17 से 26 जून तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिया जाएगा नशामुक्ति का संदेश

**कोरबा**। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में 17 जून से 26 जून 2026 तक 'नशा मुक्त भारत सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में विविध जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए सामूहिक शपथ, पोस्टर निर्माण, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से समाज में नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के दौरान 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं वेलनेस आधारित विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से युवाओं और नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा। नशा मुक्त भारत सप्ताह के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन ने सभी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों तथा सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। माई भारत , राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों तथा स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से जन-जागरूकता गतिविधियों का विस्तार गांवों और वार्ड स्तर तक किया जाएगा। साथ ही घर-घर संपर्क कर आईईसी सामग्री का वितरण कर नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रमों के छायाचित्र एवं प्रतिवेदन निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर ने पल्स पोलियो अभियान 2026 के संबंध में जिला टॉस्क फोर्स की बैठक ली

**कोरबा**। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 28 जून से 30 जून 2026 तक चलाए जाने वाले पल्स पोलियो अभियान 2026 हेतु जिला टॉस्क फोर्स की बैठक हुई। कलेक्टर ने जिले में पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा पल्स पोलियो अभियान की तैयारी के संबंध में जानकारी लेते अभियान की सफलता हेतु पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस हेतु मैदानी अमलो में जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित नही होना चाहिए, सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने सभी सीईओ जनपद व सीएमओ नगरीय निकायो को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में पल्स पोलियो अभियान की व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा व महिला व बाल विकास को भी स्कूल व आंगनबाड़ी के माध्यम से बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के निर्देश दिए।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के पूर्ण होने पर

लोकमाया न्यूज ।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए परिवर्तनकारी कार्यों को प्रभावी ढंग से किया गया है प्रदर्शित

### सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों की झलक से रूबरू हो रहे नागरिक

**कोरबा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा 17, 18 एवं 19 जून 2026 तक तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी कोरबा शहर के घंटाघर स्थित स्मृति उद्यान के समीप आयोजित की गई है। प्रदर्शनी के माध्यम से देश में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा विकसित भारत-2047 की संकल्पना को आकर्षक छायाचित्रों एवं जानकारीपरक सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित लखनी साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, गोपाल मोदी, जिला पंचायत सदस्य रेणुका राठिया, डॉ. राजीव सिंह, पार्षद नरेंद्र देवांगन, अशोक चावलानी सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। प्रदर्षनी का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण




एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए परिवर्तनकारी कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसमें गरीब कल्याण, किसान हितैषी योजनाएं, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास, बुनियादी अधोसंरचना, आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत-2047 जैसे विषयों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है, जो आमजन के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मुख्य अतिथि लखनी साहू ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। इन वर्षों में देश ने विकास और प्रगति के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं, जिन्हें आज प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में अनुभव कर रहा है।

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके 12 वर्ष पूर्ण होना देश के लिए गौरव का विषय है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा है तथा विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास कार्य संपादित हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। महापौर राजपूत ने भी प्रदर्षनी की सराहना करते हुए आमजनों से प्रदर्षनी का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी लेने का आग्रह किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में हुए परिवर्तनकारी कार्यों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रदान की गई आर्थिक सहायता, कृषि क्षेत्र में सुधार, ई-नाम प्लेटफॉर्म के माध्यम से कृषि विपणन को बढ़ावा, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, डिजिटल इंडिया अभियान, लखपति दीदी योजना तथा विकसित भारत संकल्प अभियान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की उपलब्धियों को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी स्थल पर स्थापित एलईडी स्क्रीन के माध्यम से शासन की योजनाओं, विकास कार्यों और जनहितकारी पहलों पर आधारित वृत्तचित्रों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। फोटो प्रदर्शनी में देश की आधारभूत संरचना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले कार्यों को भी विशेष स्थान दिया गया है। इसमें विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज, समुद्र पर निर्मित अटल सेतु, राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार, वंदे भारत ट्रेनों, सेमीकंडक्टर निर्माण, डिजिटल क्रांति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

# नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियों का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

लोकमाया न्यूज ।

### सुरक्षा, पारदर्शिता एवं एनटीए के दिशा-निर्देशों के कड़ाई से पालन के दिए निर्देश






**कोरबा**। नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़ी तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधों एवं अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व एवं मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों में स्थापित सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

कलेक्टर दुदावत ने सम्बंधित अधिकारियों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों के लिए सुगम एवं व्यवस्थित परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही परीक्षा केंद्रों के भीतर व बाहर किसी भी संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति या अनाधिकृत प्रवेश पर विशेष ध्यान रखने एवं आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक तिवारी ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए सतत निगरानी एवं प्रभावी सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम कोरबा सरोज महिलांगे, तहसीलदार, सम्बंधित परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का आयोजन 21 जून 2026 को रविवार को किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए 4 केंद्र बनाए गए है। जिसमें शासकीय ई व्ही पीजी कॉलेज कोरबा, पीएम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 04, कोरबा, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 02, एनटीपीसी कोरबा एवं ईएमआरएस छुरीकला शामिल है। परीक्षा में जिले के कुल 1765 परिक्षार्थी सम्मिलित होंगे।



# श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित अल्जारी जोसेफ और शमार जोसेफ की वापसी

एंटीगा

श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और शमार जोसेफ की चोट के बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है।

वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज जोशुआ डा सिल्वा और अमीर जंगू को भी दोबारा मौका मिला है।

अल्जारी और शमार पिछले वर्ष भारत और न्यूजीलैंड दौरे के दौरान चोट के कारण टीम से बाहर थे। दोनों ने आखिरी बार 2025 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबला खेला था। उनकी वापसी से वेस्टइंडीज का तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है, जिसमें केमार रोच और जेडन सील्स भी शामिल हैं।

विकेटकीपर की भूमिका में जोशुआ डा सिल्वा की वापसी हुई है। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने हालिया वेस्टइंडीज चैम्पियनशिप में सात पारियों में 413 रन बनाए और प्रतियोगिता के सबसे सफल बल्लेबाज रहे। वहीं पिछले दौरे में विकेटकीपिंग करने वाले तेविन इमलाच को मुख्य टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ 18 से 21 जून तक होने वाले चार दिवसीय अभ्यास मैच के लिए वेस्टइंडीज चयन एकादश का कप्तान बनाया गया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज अमीर जंगू भी लंबे समय बाद टेस्ट टीम में लौटे हैं। उन्होंने घरेलू सत्र में सात पारियों में 411 रन बनाकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि हर टेस्ट सीरीज टीम के लिए अपनी पहचान मजबूत करने और बेहतर बनने का अवसर होती है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका मजबूत टीम है और वेस्टइंडीज को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सैमी ने बताया कि खिलाड़ी 12 जून से एंटीगा में चल रहे उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रहे हैं, जिससे टीम को अपनी तैयारी बेहतर करने का अवसर मिल रहा है।

यह सीरीज विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है, जिसमें वेस्टइंडीज फिलहाल नौवें स्थान पर है। पहला टेस्ट 25 से 29 जून और दूसरा टेस्ट 3 से 7 जुलाई तक नार्थ साउंड में खेला जाएगा।

**वेस्टइंडीज टेस्ट टीम:**

रोस्टन चेस (कप्तान), जोमेल वारिकन (उपकप्तान), जान कैम्पबेल, टैगेनरीन चंद्रपाल, जोशुआ डा सिल्वा (विकेटकीपर), जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हाज, शाई होप, अमीर जंगू, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एंडरसन फिलिप, केमार रोच और जेडन सील्स।

## न्यूज ब्रीफ

### फीफा विश्व कप 2026: नार्वे ने इराक को 4-1 से हराकर की विजयी शुरुआत



बोस्टन। स्टार स्ट्राइकर एरलिंग हालांड के शानदार दो गोलों की बदौलत नार्वे ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-आई मुकाबले में मंगलवार को इराक को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। 28 वर्षों बाद विश्व कप में लौटी नार्वे की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पूरे अंक अपने नाम किए। मुकाबले में नार्वे ने 29वें मिनट में बढ़त बनाई, जब हालांड ने पहला गोल दागकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि इराक ने हार नहीं मानी और 39वें मिनट में अयमन हुसैन ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन बराबरी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। पहले हाफ के अंत से ठीक पहले इराक की रक्षा पंक्ति की एक बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए हालांड ने गलत बैकपास पर तेजी दिखाकर गेंद को जाल में पहुंचाया और नार्वे को फिर से बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में नार्वे ने खेल पर पकड़ मजबूत बनाए रखी। 76वें मिनट में लियो ओस्टिगार्ड ने कार्नर पर शानदार हेडर लगाकर टीम का तीसरा गोल किया। इसके बाद अतिरिक्त समय में इराक के खिलाड़ी अयमन के आत्मघाती गोल ने नार्वे की जीत पर मुहर लगा दी और मुकाबला 4-1 से समाप्त हुआ। इस जीत के साथ नार्वे ने बेहतर गोल अंतर के आधार पर ग्रुप-आई में फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। वहीं इराक को अगले मुकाबले में वापसी के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### स्टोक्स के बचाव में आये नाथन लियोन

सिडनी। नाइटक्लब विवाद को लेकर आलोचनाओं में घिरे इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स



के बचाव में आस्ट्रेलिया के अनुभवी आफ स्पिनर नाथन लियोन आये हैं। लियोन ने स्टोक्स की प्रशंसा करते हुए उन्हें क्रिकेट इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक बताया है और उम्मीद जताई है कि वे अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लेंगे।लियोन ने कहा कि उनके मन में इंग्लैंड के इस आलराउंडर के लिए बेहद सम्मान है। आस्ट्रेलियाई स्पिनर ने दृढ़ता से कहा, मैं सच में उम्मीद करता हूं कि यह स्टोक्स के करियर का अंत नहीं है। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मेरी नजर में वह क्रिकेट खेलने वाले सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं। लियोन ने यह भी उम्मीद जताई कि स्टोक्स अगले साल होने वाली एशेज सीरीज में मैदान पर जरूर नजर आएंगे, क्योंकि उनकी मौजूदगी खेल के लिए बेहद अहम है। ऐसे समय में जब स्टोक्स नाइट क्लब विवाद में व्यक्तिगत जांच के दायरे में हैं, लियोन जैसे प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी का यह खुला समर्थन उन्हें मानसिक रूप से मजबूती प्रदान कर सकता है। एक ओर जहां लियोन ने स्टोक्स के भविष्य को लेकर अपनी चिंता और समर्थन व्यक्त किया, वहीं खुद वह भी अपने करियर के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर हैं। पिछले कुछ समय से हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे 38 वर्षीय आफ स्पिनर अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। यह सीरीज 13 अगस्त से डार्विन में शुरू होगी।

### रुट नहीं स्टीवर्ट के नाम है सबसे अधिक अंतराल के बाद कप्तानी संभालने का रिकार्ड



बर्मिंघम । इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट करीब चार साल के अंतराल के बाद एक बार फिर टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। नियमित कप्तान बेन स्टोक्स को नाइटक्लब विवाद के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। रुट ने इससे पहले साल 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी बार टीम की कप्तानी की थी। इस प्रकार रुट को चार साल के अंतराल के बाद कप्तानी मिली है पर अगर सबसे अधिक अंतराल के बाद किसी की कप्तान के तौर पर वापसी हुई है तो ये रिकार्ड इंग्लैंड के ही पूर्व कप्तान एलेक स्टीवर्ट के नाम है। स्टीवर्ट ने साल 1993 में ग्राहम गूच के चोटिल होने पर दो टेस्ट मैचों में कप्तानी की थी। इसके बाद उन्हें 1998 तक इंतजार करना पड़ा, इस बीच उन्होंने 49 टेस्ट मैच बिना कप्तानी किए खेले। 1998 में उन्हें नियमित कप्तान बनाया गया था, इस तरह उन्होंने 49 टेस्ट मैचों के लंबे अंतराल के बाद कप्तानी में वापसी की। इस सूची में दूसरा सबसे लंबा गैप पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस के नाम है। वकार ने दिसंबर 1993 में एक टेस्ट में कप्तानी करने के बाद मई 2001 में फिर से टीम की बागडोर संभाली थी। इस दौरान उन्होंने 47 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने कप्तानी नहीं की थी। वह एशिया के पहले ऐसे कप्तान बने थे जिन्होंने दो अलग-अलग कार्यकाल में कप्तानी के बीच इतना लंबा अंतराल देखा।

# भारत ने अफगानिस्तान को 170 रन से हराया

## दूसरा वनडे जीतकर सीरीज भी जीती

## गिल-किशन के शतक, अर्शदीप-गुरनूर को 3-3 विकेट





लखनऊ: लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला गया दूसरा वनडे मुकाबला इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। इस मैच को टीम इंडिया ने बेहद आसानी से 170 रनों के विशाल अंतर से अपने नाम कर लिया। इस धमाकेदार जीत के साथ ही भारतीय टीम ने 3 मैचों की इस वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। अब टीम इंडिया अगले मुकाबले में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

**गिल-ईशान का तूफान और रिकॉर्ड 402 रन**

मैच की बात करें तो अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीता और पिच के मिजाज को देखते हुए पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद टीम इंडिया पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरी और भारतीय बल्लेबाजों ने शाहिदी के इस फैसले को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया।

टीम इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए कप्तान शुभमन गिल (154 रन) और ईशान किशन (125 रन) के तूफानी शतकों के दम पर 49.2 ओवरों में 402 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया। वनडे क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका था जब कोई टीम ऑलआउट होने के बावजूद 400 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाने में कामयाब रही।

**लक्ष्य के दबाव में बिखरा अफगानिस्तान, 232 रनों पर सिमटी पारी**

403 रनों के असंभव से लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की कसी हुई गेंदबाजी के सामने अफगान बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। हालांकि मध्यक्रम में कुछ बल्लेबाजों ने टिकने की कोशिश की, लेकिन रन रेट का दबाव लगातार बढ़ता गया। नतीजतन, विशाल लक्ष्य के दबाव में पूरी अफगानिस्तान की टीम 232 रनों पर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया और टीम इंडिया ने 170 रनों से मैच जीतकर सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया।

शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया की यह पहली वनडे सीरीज जीत है। शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में टीम इंडिया का वनडे कप्तान बनाया गया था।

जिसके बाद फैंस में काफी बवाल मचा था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि शुभमन गिल ने दमदार वापसी करते हुए सीरीज में जीता हासिल कर ली है। इसके अलावा इस मुकाबले में भी उनका प्रदर्शन कमाल का रहा।

# इंडिया-ए ट्राई सीरीज के फाइनल में

## अफगानिस्तान-ए को 101 रन से हराया

## प्रियांश-कुशाग्र और तिलक की फिफ्टी





दांबुला। इंडिया-ए ने ट्राई नेशन सीरीज के फाइनल में जगह बना ली है। उसने बुधवार को करो या मरो मैच में अफगानिस्तान-ए को 101 रन के बड़े अंतर से हराया। बुधवार को दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में 320 रन का टारगेट चेज कर रही अफगानिस्तान-ए 36.5 ओवर में 218 रन पर ऑलआउट हो गई। निशांत सिंधु ने 4 विकेट झटके। यश ठाकुर और निशांत सिंधु को 2-2 विकेट मिले।

15 साल के भारतीय ओपनर वैभव सूर्यवंशी 28 बॉल पर 38 रन बनाकर आउट हुए। वे लगातार चौथी पारी में फिफ्टी नहीं बना सके हैं। हालांकि, प्रियांश आर्या (58 रन), कुमार कुशाग्र (58 रन) और तिलक वर्मा (59 रन) के अर्धशतकों ने टीम को 300 के पार पहुंचा दिया।

टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया की ओर से 3 बैटर्स ने फिफ्टी लगाई। ओपनर प्रियांश आर्या और कुमार कुशाग्र ने 58-58 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा ने 59 रन बनाए। टीम का फाइनल मैच किससे होगा। यह 19 जून को श्रीलंका-ए और अफगानिस्तान-ए मैच के नतीजे से तय होगा। भारतीय टीम 4 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर है। जबकि, नंबर-2 श्रीलंका के पास भी 4 अंक हैं, लेकिन इंडिया का नेट रन रेट सबसे बेहतर है। अफगानिस्तान-ए 2 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## आस्ट्रेलिया की किसी भी टीम में मिल जाती विराट को जगह : ब्रैट ली



सिडनी। आस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि भारतीय टीम के बल्लेबाज विराट कोहली एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो आस्ट्रेलिया की किसी भी महान टीम का हिस्सा बन सकते हैं। ब्रैट ली के अनुसार इस टीम में उसी खिलाड़ी को जगह मिल सकती है। जिसके केवल रनों के आंकड़े ही बेहतर नहीं हों बल्कि मानसिकता, अनुशासन और तीव्र प्रतिस्पर्धात्मकता भी उसमें होनी चाहिये। ली के अनुसार, इन कसौटियों पर केवल विराट ही सही बैठते हैं।इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि विराट में वह आक्रामकता, फिटनेस और मुकाबला करने की क्षमता है, जिस पर आस्ट्रेलियाई क्रिकेट को हमेशा गर्व रहा है। उनके अनुसार, कोहली हमेशा सफल होने के लिए निरंतर प्रयास करते थे और खेल के प्रति उनका नजरिया कभी किसी भी चीज से समझौता नहीं करता था। यह वह अटल मानसिकता ही थी जिसने उन्हें एक दशक से अधिक समय तक हावी रहने वाली आस्ट्रेलियाई टीम में सहजता से जगह दिला दी होती। पहले भी कई आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने विराट की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक महान बल्लेबाज बताया था। ये विश्व क्रिकेट में उनके असाधारण कद को साबित करता है। कई प्रतिभाशाली क्रिकेटर उनसे पहले आए और उनके बाद भी आए, लेकिन अनुशासन, खेल के प्रति समर्पण और तीव्र इरादों के कारण विराट आज भी सभी से आगे खड़े हैं।

# न्यूजीलैंड ने 2026-27 केंद्रीय अनुबंध सूची जारी की, डेवन कानवे की वापसी

वेलिंगटन

**न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) ने 2026-27 सत्र के लिए बुधवार को अपनी केंद्रीय अनुबंध सूची घोषित कर दी है। इस सूची में सलामी बल्लेबाज डेवन कानवे की वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को भी दोबारा अनुबंध मिला है। वहीं आदित्य अशोक और मोहम्मद अब्बास इस बार सूची से बाहर हो गए हैं।**



डेवन कानवे पिछले दो वर्षों से दुनिया भर की टी-20 लीगों में व्यस्त रहने के कारण न्यूजीलैंड बोर्ड के साथ केवल सीमित समझौते के तहत जुड़े हुए थे। हालांकि अब उन्होंने अगस्त 2026 से जुलाई 2027 तक राष्ट्रीय टीम के सभी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए खुद को उपलब्ध करा दिया है।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच राब वाल्टर ने कहा कि कानवे लंबे समय से तीनों प्रारूपों में टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और उनकी वापसी ऐसे समय में हुई है जब टीम को बड़े बदलावों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से केन विलियमसन के हालिया संन्यास के बाद कानवे का अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दूसरी ओर तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर ने घरेलू क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में उनके पांच विकेट भी चयन का बड़ा आधार बने।

पिछले सत्र में केंद्रीय अनुबंध पाने वाले जैक फाल्क्स और मिच हे ने भी अपना स्थान बरकरार रखा है।

एनजेडसी ने यह भी स्पष्ट किया कि माइकल ब्रेसवेल और मार्क चैपमैन ने टेस्ट क्रिकेट अनुबंध रैंकिंग में शामिल नहीं होने का अनुरोध किया है। दोनों खिलाड़ी अब केवल सीमित ओवर प्रारूप के विशेषज्ञ के रूप में केंद्रीय अनुबंध सूची में रहेंगे।

बोर्ड ने बताया कि आने वाले सप्ताहों में सीमित अनुबंध (कैजुअल प्लेइंग एग्रीमेंट) की भी घोषणा की जाएगी, जिसमें फिन एलेन, लाकी फर्ग्यूसन और टिम सिफर्ट जैसे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं।

**न्यूजीलैंड केंद्रीय अनुबंध सूची (2026-27):**

टाम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवन कानवे, जैकब डफी, जैक फाल्क्स, मिच हे, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टाम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, बेन सीयर्स, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर और विल यंग।

# अक्षत रघुवंशी के तूफानी शतक से रीवा जगुआर्स की ऐतिहासिक जीत, जबलपुर 8 विकेट से पस्त

**म.प्र. प्रीमियर लीग : जबलपुर का 219 रनों का विशाल लक्ष्य 16.3 ओवर में ध्वस्त; अक्षत रघुवंशी ने खेली 64 गेंदों में 147 रनों की विस्फोटक पारी**

इंदौर

मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग 2026 के 31वें मुकाबले में मंगलवार को क्रिकेट प्रेमियों को रनों का ऐसा सैलाब देखने को मिला, जिसने टी-20 क्रिकेट के कई समीकरण बदल दिए। होल्कर स्टेडियम की दूधिया रोशनी में रीवा जगुआर्स के बल्लेबाजों ने ऐसा कोहराम मचाया कि जबलपुर रायल लायन्स का 218 रनों का विशाल स्कोर भी बौना साबित हो गया। प्लेयर आफ द मैच रहे सलामी बल्लेबाज अक्षत रघुवंशी के विस्मयकारी और ऐतिहासिक नाबाद शतक (147) की बदौलत रीवा जगुआर्स ने महज 16.3 ओवरों में 2 विकेट खोकर इस अविश्वसनीय लक्ष्य को हासिल कर लिया।

**शुरुआती झटकों से उबरा जबलपुर, बाथम-टडा ने रीवा को धोया** - इससे पहले, टास हारकर बल्लेबाजी करने उतरी जबलपुर रायल लायन्स की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। रीवा के गेंदबाजों ने कसी हुई लाइन-लेंथ से जबलपुर के शीर्ष क्रम को पूरी तरह झकझोर दिया और महज 56 रनों के योग पर उनके 4 प्रमुख बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। इसके बाद कप्तान राहुल बाथम और



रितिक टडा ने मोर्चा संभाला। दोनों ही बल्लेबाजों ने रीवा के गेंदबाजों पर जवाबी हमला बोलते हुए मैदान के चारों तरफ शानदार शाट खेले। कप्तान राहुल बाथम ने 33 गेंदों पर 4 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 66 रनों की कप्तानी पारी खेली, जबकि दूसरे छोर से रितिक टडा ने और अधिक आक्रामक रुख अपनाते हुए महज 30 गेंदों में 6 चौके और 5 छक्के जड़कर 67 रनों की नाबाद पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच हुई 99 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी और अजय रोहेरा के महत्वपूर्ण 49 रनों के दम पर जबलपुर ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 218 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

### खिलाड़ी जश्न मनायें पर तय सीमा के अंदर : मैकुलम

लंदन। नाइटक्लब विवाद को लेकर इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि खिलाड़ियों को सफलता के बाद जश्न मनाने का अधिकार है पर इस दौरान उन्हें ध्यान रखना चाहिये कि ये एक सीमा के अंदर हो। साथ ही कहा कि किसी भी हाल में व्यवहार खराब न हो। नाइटक्लब कांड में टीम के कप्तान बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन फंसे हैं और इसी कारण दूसरे टेस्ट से भी बाहर कर दिये गये हैं। मैकुलम के अनुसार उनके खिलाड़ी अधिक जिम्मेदारी से फैसला लें और ऐसी कोई हरकत न करें जिससे माहौल खराब हो। मैकुलम ने माना है कि वह भी नाइटक्लब प्रकरण के लिए कुछ हद तक जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, वास्तव में, मैं कोच होने के कारण टीम का प्रभारी हूं और जो भी चीजें ठीक से काम नहीं करतीं, उसकी जिम्मेदारी मैं लेता हूं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे खिलाड़ियों के लिए हर व्यक्तिगत फैसला नहीं ले सकते। मैकुलम ने अपनी भूमिका को परिभाषित करते हुए कहा, मेरा काम एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जो उन युवा खिलाड़ियों को सहारा दे सके जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर उच्च दबाव और कड़ी निगरानी का सामना कर रहे हैं। वे साल के बारह महीने घर से दूर रहते हैं और इसके साथ आने वाली सभी चुनौतियों का सामना करते हैं। वे चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी जश्न मनाएं, लेकिन उसकी एक सीमा अवश्य हो। साथ ही कहा कि खिलाड़ियों को इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए कि कितना जश्न मनाना ठीक है उन्होंने अत्यधिक जश्न को खतरनाक बताया। मैकुलम ने कहा, मैं ज्यादा (सेलिब्रेशन) में विश्वास नहीं करता।



# बजट में ट्रिप प्लान करने के लिए जरूरी है कि आप सही लोकेशन का चुनाव करें

सिंगल मदर्स के लिए बच्चे की परवरिश करना आसान नहीं होता है। क्योंकि उनकी जिंदगी में ऐसी कई परेशानियां आती हैं, जिन्हें वह अकेले मैनेज करती हैं। लेकिन सिंगल मदर्स अपने बच्चे को हर खुशी देने की कोशिश करती हैं। इस समय गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं और बच्चे घूमने जाने की जिद करते हैं। ऐसे में मां अपने बच्चे के लिए भी ट्रिप प्लान करती हैं। लेकिन सवाल यह है कि वह कम बजट में ट्रिप कैसे प्लान करें। क्योंकि उन्हें अकेले ही घर और बाहर सब मैनेज करना होता है। वहीं अगर आप भी सिंगल मदर हैं और बजट में ट्रिप प्लान करने में परेशान हो रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप सिर्फ 10 हजार रुपए में घूमने का प्लान बना सकती हैं।

## ऐसे प्लान करें ट्रिप

बजट में ट्रिप प्लान करने के लिए जरूरी है कि आप सही लोकेशन का चुनाव करें। क्योंकि सही लोकेशन आपके बजट को कम करती है। भले ही आप इन जगहों पर घूम चुकी हों, लेकिन बच्चे के लिए आप किसी सस्ती जगह का चुनाव कर सकती हैं।

वहीं सिंगल मदर्स को ऐसी जगह का चुनाव करना चाहिए, जहां पर अच्छी सुविधा और सुरक्षा के लिहाज से भी ठीक हो। जहां पर सस्ते ऑटो या कैब आदि आसानी से मिल सकें। जैसे पहाड़ों वाली जगह पर हर चीज का दाम अधिक रहता है। इन जगहों पर खाने-पीने से लेकर स्टे तक के साधन काफी महंगे होते हैं।


वहीं आपको अपने साथ कुछ खाने पीने की ऐसी चीजें रखनी चाहिए, जो जल्दी खराब न हों। ट्रिप के दौरान आप साथ में फल लेकर जा सकती हैं। इससे स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और जल्दी भूख भी नहीं लगेगी।

## बजट में घूमने के लिहाज से टूर पैकेज बेस्ट ऑप्शन होते हैं

सही लोकेशन का चुनाव करने पर आपको होटल भी कम दाम में मिल जाते हैं और यहां पर पहुंचना भी आसान होता है।

अधिकतर सिंगल मदर्स शहर से बाहर नहीं जाना चाहती हैं, तो आप शहर में रहकर भी घूमने जाने का प्लान बना सकती हैं। आप शहर में बच्चे को ऐसी जगह घुमाएं, जहां पर बच्चे हमेशा से जाना चाहते थे। ऐसा करने से न सिर्फ ट्रैवल और होटल का खर्चा बचेगा, बल्कि शहर में रहकर बच्चे अपनी पसंदीदा जगह घूम सकेंगे।

दूसरे शहर में कम खर्चे के लिहाज से आप शेयरिंग के साधन से घूम सकती हैं। क्योंकि इसमें कम बजट होता है। वहीं बच्चों के साथ घूमने के लिए यह टिप्स आपकी यात्रा को आसान बना देगी।





# देहरादून में करना चाहते कुछ तूफानी तो जरूर एक्सप्लोर करें ये जगहें, जमकर कर सकेंगे मस्ती

देहरादून एक ऐसी जगह है, जहां पर आपको खूबसूरत हिल स्टेशन मिलेंगे। यहां से हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और धनोल्टी जैसी कई जगहों पर आप जा सकते हैं। वहीं अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक अनुभव करना चाहते हैं। वहीं कुछ देहरादून में ऐसी जगहों की तलाश करना चाहते हैं, जहां पर कुछ अच्छी एक्टिविटी कर सकें। अगर आप भी देहरादून में कुछ तूफानी करना चाहते हैं, तो आपको आसपास के हिल स्टेशन पर घूमने जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देहरादून की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

रॉबर्स केव देहरादून

देहरादून की यह आपको काफी रोमांचक लगेगी। क्योंकि इसकी बनावट लोगों को आकर्षित करती है। जिन लोगों ने पहले कभी गुफा वाली जगहों पर प्रवेश नहीं किया है, उनके लिए यह एडवेंचर्स साबित हो सकता है। क्योंकि यहां पर आपको पैदल जाना होगा। पैरों में पानी होता है और मछलियां आपके पैरों को छूती हैं। हालांकि शुरूआत में आपको गुफा में चलने में थोड़ा डर लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे अंदर जाते ही नॉर्मल लगने लगेगा। प्रयास करें कि आप सुबह-सुबह पहुंचें, क्योंकि यहां पर बहुत भीड़ लगती है। यह मसूरी के पास घूमने लायक अच्छी जगहों में से एक है।

रॉक क्लाइबिंग

अगर आप कुछ तूफानी करना चाहते हैं और बिना किसी सहारे के पेड़ पर चढ़ना चाहते हैं। तो आपको देहरादून में रॉक क्लाइंबिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। यह सालन गांव में रॉक क्लाइबिंग करवाई जाती है। जहां पर आपको हर दिन भीड़ देखने को मिलेगी। आप यहां पर कैंपिंग के साथ कई तरह की एक्टिविटी भी कर सकते हैं। वहीं आप यहां पर पैकेज भी बुक कर सकते हैं और पूरा रात टेंट में बिता सकते हैं। इस दौरान आपको मिट्टी के बर्तन में खाना बनाना होगा और पूरी लाइफ कैंप की तरह जीना होगा। यह आपके लिए एक रोमांचक अनुभव हो सकता है।

मालसी डियर पार्क

अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक करना चाहते हैं, तो मालसी डियर पार्क जा सकते हैं। क्योंकि यह जगह आपको निराश नहीं करेगी। आप यहां पर जिप लाइनिंग और तरह-तरह की एक्टिविटी भी कर सकेंगे। बच्चों को भी यहां पर एक्टिविटी करवाई जाती है। वहीं अगर आप छोटा ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको यहां पर आपको भूलकर भी नहीं जाना चाहिए। यह देहरादून के पास घूमने वाली बेस्ट जगहों में से एक है।

# भीड़ से दूर बेहद शांत है उत्तराखंड का ये हिल स्टेशन, जन्नत में आने का होगा एहसास

समर वेकेशन में हजारों लोग घूमने-फिरने के लिए निकल गए हैं। तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने अभी तक कोई ट्रिप प्लान नहीं कर पाए हैं। वह किसी पहाड़ी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, लेकिन लोकेशन नहीं ढूंढ पा रहे हैं। वहीं कुछ लोग ऋषिकेश-नैनीताल नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि इन जगहों पर समर वेकेशन में यहां पर पर्यटकों की अधिक भीड़ आती है। इसलिए अगर आप किसी ऐसी जगह की तलाश कर रहे हैं, जो नैनीताल और ऋषिकेश से भी अधिक सुंदर हो। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड की एक सबसे खूबसूरत जगह के बारे में बताने जा रहे हैं।

मुनस्यारी - अगर आप भी दिल्ली की गर्मी से परेशान होकर अपने परिवार के साथ उत्तराखंड में अच्छी जगह ढूंढ रहे हैं। तो फौरन आपको मुनस्यारी का ट्रिप प्लान करें। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ट्रेकिंग और ऊंचे पहाड़ों के लिए जाना जाता है। मुनस्यारी में गर्मियों में आपको अधिक भीड़ नहीं मिलने वाली है। क्योंकि मुनस्यारी काफी ऊंचाई पर स्थित है। नैनीताल से मुनस्यारी पहुंचने में आपको करीब 11 से 12 घंटे का समय लगता है। वहीं ऋषिकेश से भी यहां तक पहुंचने में करीब इतना ही समय लगेगा। यह मसूरी के पास घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है।

## ऐसे पहुंचे मुनस्यारी

अगर आप दिल्ली से यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो बस से यात्रा करने के लिए अच्छा है। हालांकि इसमें ज्यादा समय लग सकता है।

अगर आप चाहें तो दिल्ली से देहरादून के लिए ट्रेन ले सकते हैं। फिर मुनस्यारी के लिए बस ले सकते हैं।

इसके साथ ही मुनस्यारी के लिए कैब की सुविधा भी मौजूद है। लेकिन इसमें खर्च ज्यादा होता है। वहीं अगर आप बजट में यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो बस से यात्रा करें।

आने-जाने में असुविधा न हो इसके लिए पहले से बस की बुकिंग कर लें। क्योंकि अधिक भीड़ होने पर आपको बस में सीट मिलने में मुश्किल हो सकती है।

दिल्ली से मुनस्यारी की दूरी करीब 604 किमी है। यहां पर पहुंचने में आपको 13-14 घंटे का समय लग सकता है।

प्रयास करें कि आप रात में बस ले लें। जिससे कि सुबह मुनस्यारी में ही आंख खोलें। इससे आपका सफर आराम से सोकर बीतेगा।


मुनस्यारी परिवार के साथ घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है।

# प्रकृति, शांति और रोमांच का संगम है पार्वती घाटी में बसा कसोल

हिमाचल प्रदेश की पार्वती घाटी में बसा कसोल एक छोटा लेकिन बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है, जो खासकर युवाओं, ट्रेकिंग प्रेमियों और विदेशी पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। समुद्र तल से लगभग 1,580 मीटर की ऊँचाई पर स्थित कसोल को ्रभारत का मिनी इज़राइल्र भी कहा जाता है, क्योंकि यहाँ बड़ी संख्या में इज़राइली पर्यटक आते हैं और यहाँ की संस्कृति में उनका प्रभाव देखा जा सकता है।

कसोल की खासियत

कसोल एक शांत और सुरम्य गाँव है, जो पार्वती नदी के किनारे स्थित है। यहाँ का वातावरण बेहद शांत, स्वच्छ और ठंडा होता है। ऊँचे पहाड़, घने देवदार के जंगल, कलकल बहती पार्वती नदी और रंग-बिरंगे कैफ़े इस स्थान को बेहद आकर्षक बनाते हैं।



## प्रमुख आकर्षण

### 1. पार्वती नदी

यह तेज बहाव वाली नदी कसोल की जान मानी जाती है। इसके किनारे टहलना, चट्टानों पर बैठकर मन को शांति देना और फोटोग्राफी करना पर्यटकों को बहुत पसंद आता है।

### 2. तोश और मणिकरण

कसोल से थोड़ी दूरी पर स्थित ये गाँव अपने प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। मणिकरण में गर्म पानी के झरने और गुरुद्वारा प्रमुख आकर्षण हैं, जबकि तोश ट्रेकिंग प्रेमियों का पसंदीदा गाँव है।

### 3. चालल गाँव

कसोल से लगभग 30 मिनट की पैदल दूरी पर स्थित यह छोटा गाँव ट्रेकिंग और कैम्पिंग के लिए आदर्श है। यहाँ आप स्थानीय संस्कृति को करीब से जान सकते हैं।

### 4. इज़राइली कैफ़े और भोजन

कसोल में कई इज़राइली कैफ़े और रेस्तराँ हैं जहाँ आप फलाफल, शाकशूका, हुम्मस आदि विदेशी व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

## कसोल में करने योग्य गतिविधियाँ

ट्रेकिंग (खीरगंगा, तोश, चालल, ग्रहन)

कैम्पिंग और बोनफायर

रिवर साइड कैफ़े में समय बिताना

स्थानीय लोगों से मिलकर पहाड़ी संस्कृति को समझना

हर्बल चाय और हिमाचली हस्तशिल्प की खरीदारी

यात्रा का उत्तम समय

मार्च से जूनः गर्मियों में ठंडी जलवायु और ट्रेकिंग के लिए अनुकूल मौसम।

सितंबर से नवंबरः मानसून के बाद की हरियाली और साफ आसमान।

दिसंबर से फरवरीः बर्फबारी का आनंद लेने के लिए उत्तम।

कैसे पहुँचे कसोल?

हवाई मार्गः निकटतम हवाई अड्डा भुंतर (कुल्लू) है, जो कसोल से लगभग 31 किमी दूर है।

रेल मार्गः निकटतम रेलवे स्टेशन जोगिंदरनगर है, लेकिन सड़क मार्ग से पहुँचना अधिक सुविधाजनक है।

सड़क मार्गः दिल्ली, चंडीगढ़ और मनाली से कसोल तक नियमित बस और टैक्सी सेवाएं उपलब्ध हैं।

कसोल एक ऐसा गंतव्य है जहाँ आप भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के साथ एक गहरा रिश्ता बना सकते हैं। यहाँ का शांत वातावरण, रोमांचक ट्रेक्स, विदेशी भोजन और पहाड़ी सौंदर्य, हर पर्यटक को मंत्रमुग्ध कर देता है। चाहे आप सोलो ट्रैवलर हों, कपल या दोस्तों के साथ - कसोल हर किसी के लिए एक यादगार अनुभव है।




## 'जीवन भीमा योजना' में पहली बार दोहरी भूमिका निभाएंगे अरशद वारसी

अभिनेता अरशद वारसी एक डार्क कॉमेडी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'जीवन भीमा योजना' लेकर आ रहे हैं। फिल्म का पहला पोस्टर आज सामने आया है। इस फिल्म में अरशद वारसी डबल रोल में नजर आएंगे। अपने करियर में पहली बार अरशद किसी फिल्म में दोहरी भूमिका निभाएंगे। आज फिल्म का टीजर रिलीज किा गया है। जानिए कब रिलीज होगी अरशद की ये फिल्म?

1 मिनट 16 सेकंड के इस टीजर में कॉमेडी और ड्रामा की पूरी झलक दिखती है। साथ ही दिखता है कि कैसे कॉमेडी ऑफ इरर्स से होता है पूरा हंगामा। टीजर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि अरशद वारसी के एक किरदार की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाती है। फिर अरशद का दूसरा किरदार अपने हमशक्ल की मौत का फायदा उठाकर बीमा की रकम हासिल करने की कोशिश करता है। लेकिन ये इतना आसान नहीं रहने वाला है।

### ऐसी है कहानी

अरशद वारसी इस फिल्म में दो हमशक्ल व्यक्तियों की भूमिका निभा रहे हैं। उनकी जिंदगी अप्रत्याशित और खतरनाक तरीके से एक-दूसरे से जुड़ जाती है। इसके बाद शुरू होती है अपराध, धोखे और डार्क ह्यूमर से भरपूर घटनाएं। 'जीवन भीमा योजना' लालच, मजबूरी, प्यार और एक गलत फैसले के दूरगामी परिणामों की कहानी है। फिल्म जीवन और उसकी पत्नी योजना के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। उनकी जिंदगी में तब बड़ा मोड़ आता है, जब उन्हें भीमा नाम का एक व्यक्ति मिलता है, जो हूबहू जीवन जैसा दिखता है। दोनों एक ऐसी योजना बनाते ,हैं जिसमें जीवन की मौत का नाटक कर बीमा की रकम हासिल की जा सके। लेकिन यह आसान योजना तब बुरी तरह उलझ जाती है, जब मरा समझा गया व्यक्ति हीरे की तस्करी से जुड़े एक खतरनाक गिरोह से संबंध रखता हुआ निकलता है।

अभिषेक डोगरा द्वारा निर्देशित 'जीवन भीमा योजना' अंशु मिश्रा द्वारा स्टार बीम वेंचर्स लिमिटेड के बैनर तले निर्मित है। इस फिल्म में अरशद वारसी के अलावा संजीदा शेख, विजय राज, पूजा चोपड़ा और बिजेंद्र काला जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिल्म मानसून 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



## कृति सेनन की बड़ी प्रॉपर्टी डील!
# कास्टिंग डायरेक्टर को बेचे अंधेरी के 4 अपार्टमेंट

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने अपनी बहन नुपुर सेनन और मां गीता सेनन के साथ मिलकर मुंबई के अंधेरी वेस्ट में स्थित चार अपार्टमेंट कुल 8.9 करोड़ में बेच दिए हैं। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों के अनुसार, इन फ्लैट्स को फिल्ममेकर और कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने खरीदा है।


इतने करोड़ का हुआ फायदा

सेनन परिवार ने इन चारों अपार्टमेंट्स को 2013 से 2017 के बीच करीब 4.31 करोड़ में खरीदा था। अब 8.9 करोड़ में बिक्री के साथ उन्हें लगभग 4.6 करोड़ का फायदा हुआ है, यानी करीब 107% का मुनाफा, जो 9 से 13 साल की अवधि में मिला। रहेजा क्लासिक में मौजूद दो बड़े अपार्टमेंट बेचे दस्तावेजों के मुताबिक, यह बिक्री चार अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए की गई, जो 24 अप्रैल 2026 को रजिस्टर हुए।

अंधेरी वेस्ट के रहेजा क्लासिक में मौजूद दो बड़े अपार्टमेंट 3.23 करोड़-3.23 करोड़ में बेचे गए। इनका बिल्ट-अप एरिया 654.23 स्क्वायर फीट है और हर फ्लैट के साथ एक कार पार्किंग भी शामिल है। दोनों डील्स पर 19.41 लाख की स्टांप ड्यूटी और 30,000-30,000 का रजिस्ट्रेशन चार्ज लगा। इसी बिल्डिंग में मौजूद बाकी दो छोटे अपार्टमेंट 1.21 करोड़-1.21 करोड़ में बेचे गए। इनका बिल्ट-अप एरिया 246.06 स्क्वायर फीट है। इन पर 7.29 लाख की स्टांप ड्यूटी और 30,000 प्रति यूनिट रजिस्ट्रेशन चार्ज लगा।

### कब खरीदे थे ये अपार्टमेंट

स्क्वायर यार्ड्स के अनुसार, गीता सेनन ने जुलाई 2013 में दो बड़े अपार्टमेंट 1.40 करोड़ में खरीदे थे, जबकि कृति और नुपुर सेनन ने जून 2017 में बाकी दो फ्लैट्स 2.90 करोड़ में खरीदे थे। इस तरह परिवार का कुल निवेश करीब 4.31 करोड़ था।



## पहली बार खलनायक बनेंगी शबाना आजमी



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी आने वाली फिल्म 'आवारापन 2' में पहली बार एक खलनायक की भूमिका में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उनके किरदार का नाम नफीसा होगा। फिल्म के प्रोड्यूसर विशेष भट्ट ने इंस्टाग्राम पर शबाना आजमी के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए इस बात की घोषणा की। उन्होंने बताया कि शबाना आजमी जैसी दिग्गज अभिनेत्री का इस फिल्म से जुड़ना उनके लिए बड़े सम्मान की बात है और उनके आने से कहानी को एक नया मोड़ मिलेगा।

## नए कलाकारों के साथ 'ताल 2' बनाने की सोच रहे हैं सुभाष घई

बॉलीवुड निर्देशक सुभाष घई की मशहूर फिल्म 'ताल' आज भी लोगों को बहुत पसंद है। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सुभाष घई इस सुपरहिट रोमांटिक फिल्म का दूसरा भाग यानी 'ताल 2' बनाने की सोच रहे हैं। सुभाष ने सोशल मीडिया पर लोगों से पूछा कि क्या वह नए कलाकारों के साथ 'ताल 2' देखना चाहेंगे?

सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर ताल का एक पोस्टर हाथ में पकड़े हुए तस्वीर शेयर की है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि फिल्म की तारीफ रोजर एबर्ट ने की थी। इसी के साथ उन्होंने प्रशंसकों से पूछा कि क्या उन्हें इसे नए कलाकारों और निर्देशक के साथ 'ताल 2' बनानी चाहिए।

अपनी पोस्ट में सुभाष घई ने यह भी बताया कि उन्हें इस फिल्म के लिए सबसे बड़ी तारीफ किससे मिली थी। साल 2005 में शिकागो के 'एबर्टफेस्ट' में फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान हॉलीवुड के मशहूर फिल्म समीक्षक रोजर एबर्ट ने फिल्म 'ताल' की तारीफ की थी।

रोजर एबर्ट ने 'ताल' को 'शुद्ध मनोरंजन' और 'मासूमियत से भरी' फिल्म बताया था। उन्होंने कहा था कि इस फिल्म में हॉलीवुड के पुराने दौर के क्लासिक संगीत जैसा जादू है, जो अब अमेरिकी फिल्मों से गायब हो चुका है। वह फिल्म के गानों, डांस और ऐश्वर्या राय की एक्टिंग से बहुत प्रभावित हुए थे। फिल्म 'ताल' 1999 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अनिल कपूर, ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना ने मुख्य भूमिका निभाई है। अमरीश पुरी और आलोक नाथ सहायक भूमिकाओं में दिखें। इस फिल्म का संगीत ऑस्कर विजेता ए.आर. रहमान ने दिया था, जिसके गाने आज भी लोग गुनगुनाते हैं।

## टाइटल विवाद के बीच मनोज बाजपेयी का बड़ा बयान



मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडत' अपने टाइटल को लेकर काफी विवादों में रही थी। इसी वजह से फिल्म रिलीज नहीं हो पाई। हाल ही में एक इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि आखिर कितनी सावधानी जरूरी है, तो उन्होंने कहा, 'बहुत ध्यान रखना पड़ता है। बातचीत में मनोज बाजपेयी ने फिल्म को लेकर बातचीत में कहा कि आज के समय में लोग बहुत जल्दी आहत हो जाते हैं। उन्होंने कहा, 'हम ऐसे दौर में जी रहे हैं, सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में। हर कोई जैसे तैयार बैठा है कि कोई उसे आहत करे। जैसे कोई कह रहा हो- 'आओ मुझे ऑफेंड करो, मैं सुबह से बैठा हूं।' उन्होंने आगे कहा कि जब लोग इतने संवेदनशील हो जाते हैं, तो फिल्ममेकर्स को और ज्यादा सतर्क रहना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'आप नहीं चाहते कि जिस फिल्म को बनाने में इतनी मेहनत लगी है, उसे बेवजह विवादों में घसीटा जाए। फिल्म सिर्फ एक इंसान की मेहनत नहीं होती, इसमें कई लोगों की मेहनत और करियर जुड़ा होता है।' बात को सकारात्मक अंदाज में खत्म करते हुए मनोज ने कहा, 'हम ऐसे समय में हैं जहां हमें सोच-समझकर काम करना पड़ता है। लेकिन हम एक ऐसे समय की उम्मीद जरूर करते हैं, जब कोई भी बात पर आहत न हो।'

## बड़े बजट की रोमांस थ्रिलर फिल्म से जुड़ सकती हैं कीर्ति सुरेश



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कीर्ति सुरेश के अगले प्रोजेक्ट को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह एक बड़े बजट की रोमांस-थ्रिलर फिल्म के लिए बातचीत कर रही हैं। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार, कीर्ति एक प्रमुख फिल्मकार की नई फिल्म से जुड़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट बड़े स्तर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें कीर्ति को ऐसे जॉनर में देखने का मौका मिल सकता है, जिसमें उन्होंने अब तक बहुत ही कम काम किया है। कीर्ति सुरेश पिछले कुछ वर्षों में तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी फिल्मों में लगातार सक्रिय रही हैं। उन्होंने व्यावसायिक फिल्मों के साथ-साथ अभिनय प्रधान भूमिकाओं में भी अपनी पहचान बनाई है। ऐसे में रोमांस और थ्रिलर के मिश्रण वाली कहानी में उनका चयन दिलचस्प माना जा रहा है।



# अपनी पीढ़ी की सबसे अंडररेटेड अभिनेत्रियों में से हैं कृति खरबंदा

**जिस इंडस्ट्री में, अक्सर शोर, सुर्खियों और दिखावे को सफलता का पैमाना माना जाता है, वहां कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जो बिना ज्यादा प्रचार के अपनी निरंतरता, बहुमुखी प्रतिभा और अपने काम के प्रति समर्पण के दम पर मजबूत करियर बनाते हैं और कृति खरबंदा इसी श्रेणी की अभिनेत्री हैं। वर्षों से कृति ने हिंदी, तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा में सफलतापूर्वक काम करते हुए अलग-अलग इंडस्ट्री, जॉनर और दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाई है।**

अपनी मजबूत फिल्मोग्राफी के बावजूद उन्हें अपनी पीढ़ी की सबसे बहुमुखी अभिनेत्रियों की चर्चा में वह जगह नहीं मिली, जिसकी वे हकदार रही हैं। शायद यही वजह है कि 'राणा नायडू 2' में उनकी परफॉर्मेंस, सीरीज की रिलीज के एक साल बाद भी, चर्चा का केंद्र बनी हुई है।

गौरतलब है कि आलिया ओबेरॉय के किरदार में कृति ने भारत की सबसे चर्चित स्ट्रीमिंग फ्रेंचाइज़ी में कदम रखा और अपने साथ एक ताजगी भरी ऊर्जा लेकर आईं। यह किरदार उन भूमिकाओं से काफी अलग था, जिनसे दर्शक अब तक उन्हें जोड़ते आए थे। हालांकि महत्वाकांक्षा, भावनात्मक जटिलताओं, संवेदनशीलता और मजबूती से पिरोए गए इस किरदार को निभाना उनके लिए बेहद मुश्किल था, लेकिन इसे उन्होंने एक चुनौती की तरह लिया और सच कर दिखाया।

सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने दमदार व्यक्तित्वों और प्रभावशाली परफॉर्मेंस से भरी कहानी में भी अपनी अलग मौजूदगी बनाए रखी। जहां शो में हाई-स्टेक ड्रामा और बड़े किरदारों का दबदबा था, वहीं कृति की परफॉर्मेंस कभी भी दबती हुई महसूस नहीं हुई। उन्होंने संयम और आत्मविश्वास के साथ अपने किरदार को निभाते हुए यह साबित किया कि प्रभाव छोड़ने के लिए हमेशा ऊंची आवाज या अत्यधिक नाटकीयता की जरूरत नहीं होती।

'राणा नायडू 2' ने कृति की उस खासियत को भी सामने लाया, जो शुरुआत से उनकी पहचान रही है, और वह थी खुद को हर परिस्थिति और किरदार के अनुसार ढाल लेने की क्षमता। बहुत कम कलाकार ऐसे होते हैं जो इतनी सहजता से भाषाओं, जॉनर और फॉर्मेट्स के बीच बदलाव कर पाते हैं।

रोमांटिक एंटरटेनर्स और कॉमेडी फिल्मों से लेकर थ्रिलर्स और अब एक रॉ और ग्रिटी स्ट्रीमिंग ड्रामा तक, कृति ने लगातार खुद को नए रूप में पेश किया है, बिना अपनी सच्चाई और सहजता खोए। शायद यही कारण है कि कृति आज भी इंडस्ट्री की सबसे अंडररेटेड परफॉर्मर्स में से एक मानी जाती हैं।

उन्होंने कभी किसी एक इमेज या तय फॉर्मूले पर निर्भर रहने की कोशिश नहीं की। इसके बजाय, उन्होंने चुपचाप एक विविधतापूर्ण फिल्मोग्राफी तैयार की, जहां हर किरदार खुद उनके काम की गवाही देता है। हालांकि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते प्रभाव ने दर्शकों को पारंपरिक लेबल्स से आगे बढ़कर कलाकारों को नए नजरिए से देखने का अवसर दिया है, और इसी के साथ 'राणा नायडू 2' ने एक बार फिर कृति की रेंज और स्क्रीन प्रेजेंस की याद दिलाई। इसने एक ऐसी अभिनेत्री को सामने रखा, जो जोखिम लेने से नहीं डरती, चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को अपनाती है और मनोरंजन जगत के बदलते दौर के साथ लगातार खुद को विकसित करती रहती है।

यही वजह है कि एक साल बाद भी 'राणा नायडू 2', कृति खरबंदा के करियर का एक अहम पड़ाव बना हुआ है, इसलिए नहीं कि इसने उन्हें दर्शकों से परिचित कराया, बल्कि इसलिए कि इसने सभी को फिर याद दिलाया कि वह क्या करने में सक्षम हैं। और अगर उनके हालिया प्रोजेक्ट्स कोई संकेत देते हैं, तो संभव है कि उनके करियर के सबसे बेहतरीन अध्याय अभी बाकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपालरमेन डेका ने किया लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला का आत्मीय स्वागत



**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला के लोकभवन आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने भी श्री बिड़ला का स्वागत किया।

### नगरीय निकायों में बड़े पैमाने पर तबादलों की तैयारी रायपुर समेत कई निकायों में बदलेंगे इंजीनियर

लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में बड़े पैमाने पर अधिकारियों और इंजीनियरों के तबादलों की तैयारी तेज हो गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारियों और इंजीनियरों की सूची तैयार की जा रही है। हाल ही में विभाग द्वारा 18 अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए गए हैं, वहीं अब इंजीनियरों की दूसरी सूची अंतिम चरण में बताई जा रही है।इस बार उन इंजीनियरों पर गाज गिर सकती है जो राजनीतिक पहुँच से मूल निकाय के इतर दूसरे निकाय में जमे है और उनपर अवैध बसूली के आरोप लगते रहे हैं । सूत्रों के मुताबिक रायपुर नगर निगम सहित कई नगरीय निकायों में पदस्थ इंजीनियरों के नाम प्रस्तावित सूची में शामिल हैं। सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त शिकायतों, कार्यप्रणाली की समीक्षा तथा प्रशासनिक आवश्यकता के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। विभाग स्तर पर सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही तबादला आदेश जारी होने की संभावना जताई जा रही है। इससे कई इंजीनियरों के कार्यक्षेत्र और पदस्थापना में बदलाव देखने को मिल सकता है।

### मानसून का माहौल बनने वाला है छत्तीसगढ़ में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक से पहले मौसम का मिजाज बदलने लगा है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले पांच दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। साथ ही दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थिति अनुकूल हैं।

# कचना धुरवा आदिवासी समाज की आस्था: मुख्यमंत्री साय

- अपनी जड़ों से जुड़कर आगे बढ़ेगा समाज , विकास में सरकार हर कदम पर साथ - मुख्यमंत्री साय
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया कचना धुरवा गोंडवाना भवन का लोकार्पण



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज गरियाबंद जिले के ग्राम दर्रापारा में अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा केंद्रीय समिति बिन्द्रानवागढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 1 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से निर्मित कचना धुरवा गोंडवाना भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आदिवासी परंपरा के अनुरूप मुख्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर एवं पीला चावल से तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम स्थल स्थित आदिवासी देवस्थल देवठाना में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रतिनिधियों ने भी वृक्षारोपण किया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कचना धुरवा की यह पवित्र भूमि आदिवासी समाज की आस्था, संस्कृति और गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। उन्होंने गोंडवाना भवन के निर्माण के लिए समाज को बधाई देते हुए कहा कि यह भवन सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामुदायिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से बनी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप निरंतर कार्य कर रही है। बीते ढाई वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा और जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रदेश में 18 लाख गरीब परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 10 लाख 60 हजार से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं। प्रतिदिन लगभग 1600 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान का मूल्य मिल रहा है, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से भुगतान किया जा रहा है तथा महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 70 लाख महिलाओं के खातों में प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि अंतरित की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय गरियाबंद और बस्तर क्षेत्र नक्सलवाद की चुनौती से प्रभावित थे, लेकिन आज यहां शांति, सुरक्षा और विकास का वातावरण निर्मित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और सुरक्षा बलों के प्रयासों से विकास की नई तस्वीर उभर रही है। नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से दूरस्थ गांवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के माध्यम से अब तक 42 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के जरिए भी प्रदेशवासियों को विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिल रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सरचार्ज माफी का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता नजदीकी बिजली कार्यालय में पंजीयन कराएं। प्रदेश में अब तक 757 करोड़ रुपए से अधिक की राशि माफ की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से आम नागरिकों को आय, जाति, निवास सहित विभिन्न प्रमाण पत्र आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 का उल्लेख करते हुए कहा कि शासन की मंशा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। खाता विभाजन, नामांतरण, फौती, बिजली ट्रांसफार्मर सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है।

## सेजबहार फेस 1 कॉलोनी की भूमि से गृह निर्माण और अधोसंरचना विकास मंडल ने हटाया



लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने अपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए सेजबहार फेस-1 कॉलोनी स्थित मंडल की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया है। कार्रवाई के दौरान निजी बिल्डर द्वारा बिना अनुमति निर्मित की जा रही सड़क को हटाया गया। दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत कलेक्टर रायपुर के आदेश 03 फरवरी 2006 के माध्यम से ग्राम सेजबहार एवं ग्राम दतरेंगा की कुल 21.538 हेक्टेयर (लगभग 53.19 एकड़) भूमि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए आबंटित की गई थी। इस भूमि में ग्राम सेजबहार के खसरा क्रमांक 162/1 के भाग तथा ग्राम दतरेंगा के खसरा क्रमांक 341/1 एवं 341/3 शामिल हैं। परियोजना के लिए विकास अनुज्ञा 17 मई 2006 को स्वीकृत की गई थी।

1435 एलआईजी आवासों के निर्माण का था प्रावधान स्वीकृत ले-आउट के अनुसार परियोजना क्षेत्र में कुल 1435 एलआईजी (लो इनकम ग्रुप) आवासों का निर्माण प्रस्तावित था। मंडल द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण एवं अभिलेख परीक्षण में पाया गया कि 1435 प्रस्तावित आवासों में से 1327 आवास स्वीकृत ले-आउट के अनुरूप निर्मित किए गए, जबकि 39 आवास स्वीकृत अभिन्यास से पृथक निर्मित पाए गए। इस प्रकार कुल 1366 आवासों का निर्माण किया गया।

भूमि विवाद के कारण नहीं बन सके 79 आवास निरीक्षण, अभिलेख परीक्षण तथा पूर्व अधिकारियों एवं अभियंताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्माण अवधि के दौरान भूमि विवाद उत्पन्न होने के कारण स्वीकृत ले-आउट में दर्शाए गए भवन क्रमांक 1287 से 1345 तथा 1412 से 1431 तक कुल 79 आवासों का निर्माण नहीं हो सका। सातवें चरण के अंतर्गत अनुबंध क्रमांक 41, दिनांक 07 अगस्त 2006 के तहत 192 आवासों के निर्माण का प्रावधान था, जिसके अंतर्गत 193 एलआईजी आवासों का निर्माण किया गया। विवादित क्षेत्र में स्थित 79 आवासों का निर्माण न होने के कारण उनका विक्रय भी नहीं किया गया। सीमांकन के दौरान सामने आया अतिक्रमण हाल ही में मंडल द्वारा अपनी लगभग 18 हेक्टेयर भूमि का राजस्व अभिलेखों के आधार पर सीमांकन कराया गया। सीमांकन के दौरान यह तथ्य सामने आया कि एक निजी बिल्डर द्वारा मंडल की भूमि के हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा कर सड़क निर्माण किया जा रहा है। सीमांकन रिपोर्ट में अतिक्रमण की पुष्टि होने के बाद मंडल ने तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की।



## जुलाई में छत्तीसगढ़ आ रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर के निर्माण कार्य का जायजा लेने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जुलाई के पहले सप्ताह में छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत वे सड़क मार्ग से रायपुर से विशाखापट्टनम तक यात्रा कर परियोजना की प्रगति का निरीक्षण करेंगे। दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री सड़क निर्माण की गुणवत्ता, सुरक्षा इंतजामों और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। साथ ही परियोजना से जुड़े अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों से चर्चा कर विभिन्न चरणों में चल रहे कार्यों की जानकारी भी लेंगे। माना जा रहा है कि निरीक्षण के बाद निर्माण कार्य में और तेजी लाई जा सकती है। रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर देश की महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं में शामिल है। करीब 16,482 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस कॉरिडोर का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, जबकि बाकी हिस्सों पर तेजी से निर्माण कार्य जारी है।

## लोकतंत्र प्रहरी नारी शक्ति के प्रदेश एवं रायपुर जिला पदाधिकारियों की घोषणा



लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** लोकतंत्र सेनानी संघ के सहयोगी संगठन लोकतंत्र प्रहरी नारी शक्ति की बैठक आज प्रदेश कार्यालय उपासने निवास में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने की सहमति से नारी शक्ति के प्रदेश एवं रायपुर जिला पदाधिकारियों की प्रथम सूची जारी की।

जारी सूची के अनुसार श्रीमती सीमा शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, साधना चक्रवर्ती, दीपाली चौधरी, लक्ष्मी यादव एवं अमृता श्रीवास्तव को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्रीमती प्रिया सिंह को प्रदेश महामंत्री, नंदिनी ठाकुर एवं सविता मौर्य को प्रदेश मंत्री, रेखा शर्मा को कोषाध्यक्ष, मेरी स्वामी को प्रदेश कार्यालय मंत्री, गायत्री साहू को मीडिया प्रभारी तथा पूर्णिमा चौकसे को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

इसी प्रकार रायपुर जिला अध्यक्ष पद पर श्रीमती सीमा कटंकार, उपाध्यक्ष पद पर ज्योति देवांगन, महामंत्री पद पर कमल रंधावा एवं हर्षिता लांजेवार तथा मंत्री पद पर ज्योति सरकार को नियुक्त किया गया। साथ ही श्रीमती सुनीता पाठक को रायपुर संभागीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नियुक्ति के पश्चात सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने के करकमलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने नारी शक्ति को प्रदेश स्तर पर एक सक्रिय एवं सशक्त संगठन बनाने तथा 28 जून को आयोजित होने वाले आपातकाल स्मृति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तन, मन और धन से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# औसत लागत से सस्ती दर पर मिलेगी उपभोक्ताओं को बिजली

- 41 लाख घरेलू उपभोक्ताओं पर बिजली दर संशोधन का सीमित प्रभाव
- बिजली की औसत लागत 7.13 रुपए, उपभोक्ताओं को लगेगा न्यूनतम 4.40 प्रति यूनिट का ऊर्जा प्रभार

लोकमाया न्यूज।



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग व्दारा जारी नए टैरिफ संशोधन का प्रदेश के 51 लाख घरेलू उपभोक्ताओं में से लगभग 41 लाख उपभोक्ताओं पर आंशिक ही पड़ेगा। उन पर विद्युत दर संशोधन का प्रभाव शून्य से 3.65 प्रतिशत तक सीमित रहेगा। साथ ही किसानों पर इस वृद्धि का कोई भार नहीं पड़ेगा, क्योंकि इसका वहन राज्य शासन व्दारा किया जाता है। नये टैरिफ में औसत विद्युत आपूर्ति दर 7.13 रूपये प्रति यूनिट स्वीकृत की गई है, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार न्यूनतम स्लैब 4.40 रूपये प्रति यूनिट की दर से आपूर्ति की जावेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने बताया कि विद्युत दरों का निर्धारण यह छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा किया जाता है, जो कि एक स्वतंत्र नियामक संस्था है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की तुलना में नये टैरिफ में समेकित रूप से 6.23 प्रतिशत की नाममात्र वृध्दि की गई है, यह 42 पैसे प्रति यूनिट के समतुल्य है। घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 30 पैसे प्रति यूनिट से 50 पैसे प्रति यूनिट की वृध्दि की गई है, तथापि इसका असर उपभोक्ताओं पर पूर्ण रूप से नहीं पड़ेगा, क्योंकि मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत योजना के अंतर्गत प्रतिपूर्ति शासन द्वारा की जाती है। आंकड़ो के अनुसार, प्रदेश के लगभग 51 लाख घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं में से 14.5 लाख बीपीएल उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक शासन द्वारा नि:शुल्क विद्युत उपलब्ध कराई जा रही है अर्थात् यह राशि शासन द्वारा वहन की जाती है। इसके अतिरिक्त 26.5 लाख उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनकी खपत 400 यूनिट तक है, उन्हें मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत योजना के अंतर्गत 200 यूनिट की खपत तक 50 प्रतिशत छूट मिलती रहेगी। अत: प्रदेश के अधिकांशत: घरेलू उपभोक्ताओं पर विद्युत के दरों में वृद्धि शून्य से 3.65 प्रतिशत के बीच होगी।

कंवर ने बताया कि उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल में कमी लाने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापना पर केंद्र एवं राज्य स्तर पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। योजना का उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं की ग्रिड बिजली पर निर्भरता कम करना तथा ऊर्जा व्यय में बचत सुनिश्चित करना है।निर्माण में सहभागी बनें।

# छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

लोकमाया न्यूज।



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आगामी कार्ययोजना की समीक्षा के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक आज मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार ने की।

बैठक में समाज कल्याण विभाग के संचालक रणवीर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान राज्य में संचालित शराब व्यसन मुक्ति अभियान की प्रगति, नशापीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास, नशामुक्ति केन्द्रों के संचालन तथा भविष्य की कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में राज्य स्तरीय समिति की पूर्व बैठक 6 अक्टूबर 2023 के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। साथ ही प्रत्येक विकासखण्ड की एक हजार से अधिक जनसंख्या वाली नवीन ग्राम पंचायतों में भारत माता वाहिनी के गठन एवं विस्तार संबंधी प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया, जिससे नशामुक्ति अभियान को ग्रामीण स्तर तक और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।समिति ने नशापीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए संचालित 15 बिस्तरों वाले एकीकृत पुनर्वास केन्द्रों की क्षमता 15 से बढ़ाकर 50 बिस्तर करने का सुझाव दिया ।

## भूपेश बघेल चैट मामले में दो यूट्यूबर फंसे, पुलिस ने बनाया आरोपी



लोकमाया न्यूज।

**भिलाई।** महादेव सट्टा ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर के कथित इंस्टाग्राम अकाउंट पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कथित मैसेज का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भिलाई-3 थाने पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने 2 यूट्यूबर्स के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वायरल कंटेंट को फर्जी बताते हुए नाराजगी जताई है। साथ ही भूपेश कहा कि फर्जी जानकारी वायरल करने वालों के खिलाफ मेरी लीगल टीम कानूनी कार्रवाई करेगी। दरअसल, वायरल चैट में सीएम भूपेश बघेल के नाम से एक मैसेज दिख रहा है। इसमें कथित तौर पर सौरभ चंद्राकर को कहा गया है कि नंबर भेजो अपना, बात करना चाहते हैं। इन यूट्यूबर्स ने इसे लेकर खबरें चलाई थी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दावा किया गया है कि महादेव सट्टा ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर के कथित इंस्टाग्राम अकाउंट और भूपेश बघेल के नाम से जुड़े एक कथित यूजरनेम के बीच मैसेज में बातचीत हुई है। वायरल चैट के स्क्रीनशॉट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नाराजगी जताई है।

# जीएसटी कानून की सही जानकारी ही सबसे बड़ी सुरक्षा:पारवानी

- सीएआईटी छत्तीसगढ़ की जीएसटी कार्यशाला में विभागीय जांच, नोटिस, आईटीसी, ऑडिट एवं व्यापारियों के अधिकारों पर जीएसटी विशेषज्ञ जितेन्द्र खनूजा ने किया मार्गदर्शन

लोकमाया न्यूज।



**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि रायपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय, पगारिया कॉम्प्लेक्स, पंडरी में एक महत्वपूर्ण जीएसटी जागरूकता एवं अनुपालन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में व्यापारियों, उद्यमियों, करदाताओं, ट्रांसपोर्टर्स एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर जीएसटी कानून, विभागीय जांच, नोटिस, समन, ऑडिट, फर्जी आईटीसी तथा व्यापारियों के कानूनी अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

स्वागत उद्बोधन प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता एवं प्रसिद्ध जीएसटी विशेषज्ञ सीए जितेन्द्र सिंह खनूजा का स्वागत प्रदेश चेयरमैन जितेन्द्र दोशी एवं विक्रम सिंहदेव द्वारा किया गया। स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान जीवत बजाज एवं सुरेन्द्र सिंह ने किया। वहीं सीए मुकेश मोटवानी का स्वागत राम मंधान, उत्तम गोलछा, भरत जैन, युवा कैट एवं महिला कैट की टीम द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। ट्रांसपोर्ट कैट की ओर से भी अतिथियों का विशेष सम्मान किया गया।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारियों के लिए कानून की जानकारी उतनी ही आवश्यक है जितनी व्यवसाय की जानकारी। बदलते कर कानूनों, डिजिटल अनुपालन एवं विभागीय प्रक्रियाओं के दौर में जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि सीएआईटी केवल व्यापारियों की समस्याओं को शासन एवं प्रशासन के समक्ष रखने का कार्य ही नहीं करता, बल्कि उन्हें कानूनी रूप से सशक्त एवं जागरूक बनाने का भी निरंतर प्रयास करता है। प्रदेशभर में इसी उद्देश्य से प्रशिक्षण, कार्यशालाओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि व्यापारी आत्मविश्वास के साथ अपना व्यवसाय संचालित कर सकें।अपने विस्तृत एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन में सीए जितेन्द्र सिंह खनूजा ने कहा कि जीएसटी विभाग की किसी भी वैधानिक कार्रवाई से व्यापारियों को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। कानून की सही जानकारी, समय पर अनुपालन एवं आवश्यक दस्तावेजों के उचित रखरखाव से अधिकांश विवादों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जीएसटी से जुड़े अधिकांश विवादत्तस्ज्ञक्र-2क्कएवं त्तस्ज्ञक्र-3क्क के मिसमैच से उत्पन्न होते हैं, इसलिए व्यापारियों को इनका नियमित मिलान करना चाहिए। उन्होंने विभागीय जांच, समन, नोटिस, ऑडिट, निरीक्षण, सर्च एवं अन्य कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी नोटिस अथवा समन की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। समय-सीमा के भीतर उचित जवाब देना प्रत्येक करदाता की जिम्मेदारी है।